वर्ष- 11 अंक-351
लखनऊ, शनिवार 10 अगस्त 2024
पृष्ठ- 12 मूल्य- रु 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार



samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com

चंदन है इस देश की माटी, तपोभूमि हर ग्राम : केशव प्रसाद मौर्य 03

जम्मू-कश्मीर में शांतिपूर्ण चुनाव के लिए तैयार है आयोग : सीआईसी 12

## संक्षिप्त समाचार

### चार आईपीएस का तबादला, राम नयन बने डीसीपी लखनऊ

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार ने शुक्रवार को कानून व्यवस्था का चुस्त-दुरुस्त रखने के लिए 4 चार आईपीएस अधिकारियों का तबादला कर दिया है। जारी सूची के मुताबिक आईपीएस केशव कुमार और राम नयन सिंह को डीसीपी लखनऊ बनाया गया है। वहीं आईपीएस महेंद्र पाल सिंह को एसपी क्राइम बनाए गया है। इसके साथ आईपीएस शिवा जी एसपी तकनीकी सेवाएं बनाए गए है।

### 850 करोड़ का कैलिफोर्नियम जब्त, तीन तस्कर गिरफ्तार

**गोपालगंज।** गोपालगंज पुलिस को एक बहुत बड़ी उपलब्धि हासिल हुई है। एसटीएफ, एसओजी 7, डीआईयू और कुचायकोट थाना के पुलिस ने 50 ग्राम केलिपोर्थिम, एक बहुमूल्य रेडियोएक्टिव पदार्थ की तस्करी करते हुए तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार लोगों में मुख्य तस्कर यूपी के कुशीनगर जिले का तथा दो तस्कर जो लाइनर का काम करते है वे गोपालगंज निवासी बताए जाते है। एसपी स्वर्ण प्रभात ने बताया कि जब्त पदार्थ का प्रयोग न्यूक्लीयर रिएक्टर से न्यूक्लीयर पावर के उत्पादन और साथ ही कई गंभीर ब्रेन कैंसर जैसे बीमारियों को ठीक करने में भी होता है। इंटरनेट से प्राप्त इंफॉर्मेशन के आधार पर 1 ग्राम की कीमत करीब 17 करोड़ रुपये बताई जा रही है। इस प्रकार 50 ग्राम पदार्थ की कीमत 850 करोड़ रुपये बताई जाती है। इस पदार्थ को बेचने के लिए तस्कर कई महीनों से कोशिश में था। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर यह कारवाई की है।

### सीमावर्ती टेंग्नौपाल जिले में गोलीबारी, चार की मौत

**इंफाल।** भारत-म्यांमार सीमा पर स्थित मणिपुर के टेंग्नौपाल जिले के मोलनोम में शुक्रवार सुबह हुई गोलीबारी में चार लोगों की मौत हो गयी। गोलीबारी दो अलग-अलग स्थानों मोलनोम पलेल और मोलनोम में हुई। यह गोलीबारी में प्रतिबंधित विद्रोही समूह, यूनाइटेड कुकी लिबरेशन फ्रंट (यूकेएलएफ) और गांव के स्वयंसेवक शामिल थे। पुलिस ने बताया कि हिंसा एक आंतरिक विवाद से शुरू हुई और बाद में गोलीबारी हुई। इस गोलीबारी में गांव के तीन स्वयंसेवकों और एक यूकेएलएफ सदस्य की मौत हो गई। मोलनोम पलेल और मोलनोम के बीच लगभग 1.5 किमीटर की दूरी है। जवाबी कार्रवाई में विलेज वालंटियर फोर्स (वीवीएफ) के सदस्यों ने यूकेएलएफ नेता एसएस हाओकिप के आवास को निशाना बनाया।

### भारत-बंगलादेश सीमा पर नजर रखने के लिए समिति गठित

**नयी दिल्ली।** केन्द्रीय गृह मंत्रालय ने बंगलादेश की स्थिति को देखते हुए भारत-बंगलादेश सीमा पर नजर रखने के लिए सीमा सुरक्षा बल की पूर्वी कमान के अतिरिक्त महानिदेशक की अध्यक्षता में एक समिति का गठन किया है। गृह मंत्रालय ने शुक्रवार को इस समिति के गठन की जानकारी दी और कहा कि इसके अन्य सदस्यों में बीएसएफ फ्रंटियर मुख्यालय दक्षिण बंगाल के महानिरीक्षक, बीएसएफ फ्रंटियर मुख्यालय त्रिपुरा के महानिरीक्षक , भारतीय भूमि पत्तन प्राधिकरण के सदस्य (योजना और विकास) सचिव शामिल हैं।

सीएम योगी ने काकोरी शहीद स्मारक में स्थित शहीदों की प्रतिमा पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित करते हुए कहा

# आजादी के संघर्ष से जुड़े स्थल हैं प्रेरक

▸ सीएम ने काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी महोत्सव का किया शुभारम्भ

समृद्धि न्यूज




**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि देश 15 अगस्त, 1947 को आजाद हुआ था। यह आजादी हमें अचानक प्राप्त नहीं हुई। इसके लिए लम्बा संघर्ष करना पड़ा। अलग-अलग कालखण्डों में हुआ यह संघर्ष इतिहास के पन्नों में दर्ज है। इससे जुड़े हुए स्थल हमारे लिए तीर्थ स्थल बनकर प्रेरणा प्रदान करने का कार्य कर रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने यहां काकोरी शहीद स्मारक, लखनऊ में काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी महोत्सव का शुभारम्भ करने के पश्चात अपने विचार व्यक्त कर रहे थे। भारत के महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों, देश के ज्ञात-अज्ञात क्रांतिवीरों को नमन कर विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि स्वतंत्रता की इस लड़ाई का केंद्र बिंदु यद्यपि पूरा भारत था। लेकिन भारत की आध्यात्मिक और सांस्कृतिक पहचान का प्रतीक उत्तर प्रदेश सन 1857 के प्रथम स्वतंत्रता संग्राम को भी नेतृत्व प्रदान कर रहा था। मंगल पाण्डे ने बैरकपुर में इसकी अगुवाई की थी। गोरखपुर में बंधू सिंह, मेरठ में कोतवाल धन सिंह गुर्जर, कानपुर में नाना साहब व तात्या टोपे तथा झांसी में महारानी लक्ष्मीबाई जैसे क्रांतिकारी इस आंदोलन का नेतृत्व कर रहे थे। अंग्रेज रानी लक्ष्मी बाई के नाम से कांपते थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्हें विगत 02 वर्ष पूर्व प्रदेश में 05 फरवरी 2022 को चैरी-चैरा काण्ड की ऐतिहासिक घटना के शताब्दी महोत्सव तथा वर्ष 2023 में प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में अमृत महोत्सव से जुड़ने का अवसर प्राप्त हुआ। काकोरी ट्रेन एक्शन के महानायकों के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करने का अवसर भी प्राप्त हुआ है। 09 अगस्त, 1925 को काकोरी में पंडित राम प्रसाद बिस्मिल, ठाकुर रोशन सिंह, अशफाक उल्ला खां, राजेंद्र नाथ लाहिड़ी, चंद्रशेखर आजाद आदि अनेक क्रांतिकारियों ने योजना बनाकर ब्रिटेन ले जाए जा रहे भारत के खजाने को रोकने का काम किया था, ताकि धनराशि का उपयोग क्रांतिकारी गतिविधियों तथा देश को आजादी दिलाने के लिए किया जा सके। इसके लिए काकोरी ट्रेन एक्शन की घटना को अंजाम दिया गया था। इन गतिविधियों से ब्रिटिश हुकूमत कांप गई थी।

### पूर्व सैनिकों के परिजनों को किया गया सम्मानित

मुख्यमंत्री ने कहा कि उनके तथा प्रदेश सरकार के लिए सौभाग्य की बात है कि काकोरी ट्रेन एक्शन से जुड़े हुए क्रांतिकारियों तथा पूर्व सैनिकों के परिजनों को सम्मानित करने का अवसर प्राप्त हुआ। इनमें स्व0 श्री रामकृष्ण खत्री, स्व0 श्री ठाकुर रोशन सिंह, स्व. अशफाक उल्ला खां, स्व0 शिवनारायण गुप्ता, स्व0 लांस नायक केवलानंद द्विवेदी, स्व0 राइफलमैन सुनील जंग, स्व0 मेजर रितेश शर्मा, स्व0 श्री कुंवर सिंह चैधरी, स्व0 राजा सिंह, स्व0 मनोज पाण्डे, स्व0 किशोरी देवी गुप्ता के परिजन सम्मिलित हैं। मुख्यमंत्री ने ओलम्पिक में विभिन्न खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले भारतीय खिलाड़ियों, जैवलिन थ्रो के खिलाड़ी नीरज चोपड़ा तथा भारतीय हॉकी टीम को बधाई देते हुए कहा कि भारत को कल ओलम्पिक में राष्ट्रीय खेल हॉकी में एक मेडल प्राप्त हुआ है। भारतीय हॉकी टीम लगातार पिछले दो ओलम्पिक खेलों से फिर से अपने पुराने प्रदर्शन को दोहराने के लिए प्रतिबद्ध दिखाई दे रही है। जैवलिन थ्रो में नीरज चोपड़ा को भी एक नया मेडल प्राप्त हुआ है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री ने आजादी के अमृत महोत्सव वर्ष में पंच प्रण का स्मरण कराया है। यह केवल एक शब्दावली नहीं है। यह हमारे जीवन का संकल्प होना चाहिए। पंच प्रण भारत को दुनिया की महाशक्ति बनाने तथा विकसित भारत की परिकल्पना को साकार करने लिए प्रत्येक भारतवासी को पांच महत्वपूर्ण संकल्पों को याद दिलाने का माध्यम हैं। उस कालखण्ड में भारत को आजादी दिलाने के लिए स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों व क्रांतिकारियों ने संघर्ष किया था। आज हमारे ऊपर क्रांतिवीरों के संकल्पों को याद रखने तथा आजादी को बरकरार रखने का दायित्व है। यदि हम सभी अपने नागरिक कर्तव्यों का पालन करेंगे तो भारत दुनिया की एक बड़ी ताकत के रूप में अवश्य उभरेगा।

# भीषण सड़क हादसे में हुई पांच की मौत, परिजनों में कोहराम

▸ हाईवे पर खड़े कंटेनर से टकराई डीसीएम, मौके पर पहुंची पुलिस

समृद्धि न्यूज



**गुरसहायगंज, कन्नौज ।** राष्ट्रीय राजमार्ग पर खड़े कंटेनर से डीसीएम के टकरा जाने से चार लोगों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई जबकि एक अन्य व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया जिसकी इलाज दौरान मौत हो गई। घटना की खबर पर लोगों की भीड एकत्र हो गई। मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने घटना की सूचना उच्चाधिकारियों को देकर शवों को पोस्टमार्टम हाउस भेजा है

शुक्रवार की सुबह जुनैदपुर कट पर दिल्ली से तीव्र गति से कानपुर की ओर जा रही डीसीएम हाईवे के किनारे खड़े कंटेनर में जा घुसी जिससे डीसीएम में सवाल मछली शहर जौनपुर निवासी विपिन पुत्र बृजलाल, रमई अमेठी निवासी 23 वर्षीय सोनू शर्मा पुत्र ओमप्रकाश बरियार, शाहगढ़ अमेठी निवासी 22 वर्षीय प्रशांत सिंह पुत्र पवन सिंह एवं सरेसर जगदीशपुर अमेठी निवासी संतोष की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई जबकि घटना में गंभीर रूप से घायल जौनपुर निवासी पवन कुमार पुत्र लाल जी की इलाज दौरान मौत हो गई। सूचना पर पहुंचे प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार दुबे ने दूरभाष पर पुलिस अधीक्षक सहित उच्चाधिकारियों को अवगत कराकर सभी मृतकों के पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम हाउस भेजा है जबकि घायल पवन कुमार को अस्पताल में भर्ती करवाया गया जहां इलाज दौरान मौत हो गई। मौके पर मौजूद कंटेनर चालक जगदीश सिंह पुत्र बूटा सिंह निवासी सराबा फरीदपुर पंजाब ने बताया कि वह पंजाब से लेदर लाकर कोलकाता जा रहा था डीजल खत्म होने के कारण गाड़ी बंद हो गई थी।

### घूसखोरी में प्रथमा यूपी ग्रामीण बैंक के शाखा प्रबंधक व सहयोगी गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** केंद्रीय जांच ब्यूरो ने घूसखोरी के आरोप मे उत्तरप्रदेश स्थित बिजनौर के प्रथमा उत्तरप्रदेश ग्रामीण बैंक के शाखा प्रबंधक और उसके सहयोगी को गिरफ्तार किया है। सीबीआई ने आज यह जानकारी साझा की है। सीबीआई के मुताबिक प्रथम उत्तरप्रदेश ग्रामीण बैंक के शाखा प्रबंधक प्रियांशु त्यागी और उसके सहयोगी व्यक्ति मदन सिंह को शिकायतकर्ता से 30 हजार रुपये घूस लेने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। सीबीआई द्वारा जारी बयान के मुताबिक दोनों आरोपितों को उस समय गिरफ्तार किया गया जब वे शिकायतकर्ता से मांगी गई 60 हजार रुपये की रिश्वत राशि की पहली किस्त के रूप में 30 हजार रुपये ले रहे थे।

## 17 माह बाद सुप्रीम कोर्ट से मनीष सिसोदिया को मिली जमानत

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय दिल्ली की कथित अबकारी नीति घोटाले में भ्रष्टाचार और धनशोधन के मामले में अलग-अलग दर्ज मुकदमों के आरोपी आम आदमी पार्टी (आप) के वरिष्ठ नेता एवं दिल्ली के पूर्व उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को शुक्रवार को सशर्त जमानत दे दी।

न्यायमूर्ति बी आर गवई और न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की पीठ 17 महीने से दिल्ली के तिहाड़ जेल में बंद पूर्व उपमुख्यमंत्री सिसोदिया को जमानत देते हुए कहा, जमानत नियम है और जेल अपवाद...। शीर्ष अदालत ने श्री सिसोदिया को अपना पासपोर्ट जमा करने, हर सोमवार को संबंधित जांच अधिकारी को रिपोर्ट करने, गवाहों को प्रभावित नहीं करने तथा 10 लाख रुपए के निजी मुचलके समेत अन्य शर्तों के साथ जमानत दी। पीठ ने सिसोदिया की याचिका मंजूर करते हुए कहा कि जमानत को सजा के तौर पर खारिज नहीं किया जा सकता। निचली अदालत और उच्च न्यायालयों को यह समझने का समय आ गया है कि जमानत नियम है और जेल अपवाद है।

### आईएसआईएस मॉड्यूल का आतंकी गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** स्वतंत्रता दिवस से पहले दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने आईएसआईएस मॉड्यूल के आतंकी रिजवान अली को गिरफ्तार किया है। राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने उस पर तीन लाख रुपये का इनाम घोषित किया हुआ था। दिल्ली पुलिस के स्पेशल सेल की तरफ से दी गई जानकारी के अनुसार वह दरियागंज का रहने वाला है। पुलिस ने इसके पास से हथियार भी बरामद किया है। दिल्ली पुलिस की डीसीपी प्रतीक्षा गोदारा के अनुसार गिरफ्तार रिजवान आईएसआईएस के पुणे मॉड्यूल का सबसे कुख्यात आतंकी है। रिजवान से पहले पुणे मॉड्यूल के कई आतंकियों को पुणे पुलिस और एनआईए गिरफ्तार कर चुकी है, लेकिन वह जांच एजेंसियों को चकमा देकर लंबे समय से फरार चल रहा था।

## स्कूली वैन व थार में टक्कर, 12 बच्चे घायल

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ ।** राजधानी लखनऊ में उस समय हड़कंप मच गया जब छात्रों से भरी वैन और थार की जोरदार टक्कर हो गई। घटना के बाद घायलों की चीख पुकार सुनकर आसपास के लोग मौके के पर पहुंचे। लोगों ने मामले की जानकारी स्थानीय पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया।

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक हादसे में 12 बच्चे घायल हुए है। कुछ बच्चों को मेदांता में और कुछ को लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जिसमे से दो की हालत गंभीर बनी है। आप को बता दें कि यह हादसा थाना सुशांत गोल्फसिटी क्षेत्र में हुआ है। घटना के बाद पुलिस ने जेसीबी की मदद से वैन और थार को रोड से हटवाकर आवागमन चालू कराया। इंस्पेक्टर अंजनी कुमार मिश्रा के मुताबिक शुक्रवार सुबह सीएमएस स्कूल की वैन खुर्दही बाजार इलाके से करीब दस बच्चे लेकर स्कूल जा रही थी। तभी वैन का टायर फट गया और वैन अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकराने के बाद पलट गई। इसी बीच पीछे से आ रही थार भी बचाने के चक्कर में डिवाइडर पर चढ़ गई। हादसे में वैन सवार 12 बच्चे घायल हो गये। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को ही कुछ दूरी पर स्थित लोहिया अस्पताल पहुंचाया। वहां पर मौजूद डॉक्टरों ने आराध्या व माही मौर्या की हालत नाजुक देख रेफर कर दिया। जिसके बाद दोनों छात्राओं को मेदांता अस्पताल में भर्ती कराया है। जबकि हादसे में घायल अन्य छात्र-छात्राओं नंदिनी (9), अर्थ कनौजिया (6) सार्थक शुक्ला व आशुतोष गुप्ता (15) का इलाज चल रहा है। आराध्या यादव, माही मौर्या की हालत गंभीर देखते हुए डॉक्टरों ने मेदांता रेफर कर दिया है। आशुतोष गुप्ता उम्र 15 साल सोल्डर फैक्चर हुआ है। जिन्हे लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहीं सीएम योगी ने घटना का संज्ञान लिया है। उन्होंने छात्रों के उचित इलाज के निर्देश दिए है।

## मनु भाकर व सरबजोत को खेल विभाग में उप निदेशक बनाएगी हरियाणा सरकार

एजेंसी

▸ रोहतक में 17 को होगा राज्य स्तरीय पुरस्कार वितरण समारोह

**चंडीगढ़।** ओलंपिक खेलों में भारत के लिए तीन कांस्य पदक जीतकर लौटे अंतरराष्ट्रीय निशानेबाज मनु भाकर और सरबजोत सिंह ने शुक्रवार को हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने दोनों खिलाड़ियों को जीत की बधाई देते हुए उन्हें हरियाणा का गौरव बताया।

खेल राज्य मंत्री संजय सिंह ने मुख्यमंत्री की मौजूदगी में दोनों निशानेबाज खिलाड़ियों को खेल विभाग में उप निदेशक की नौकरी की पेशकश की, जिसे उन्होंने स्वीकार कर लिया है। प्रदेश सरकार 17 अगस्त को रोहतक में होने वाले समारोह में हरियाणा के सभी पदक विजेताओं को सम्मानित करेगी, जहां उन्हें नकद राशि भी प्रदान की जाएगी। अंतरराष्ट्रीय निशानेबाज मनु भाकर ने पेरिस के ओलिंपिक खेलों में दो कांस्य पदक जीते हैं, जबकि सरबजोत सिंह ने एक कांस्य पदक झटका है। मनु और सरबजोत दोनों अपने परिवार के साथ शुक्रवार सुबह चंडीगढ़ में मुख्यमंत्री के निवास पर पहुंचे। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने मनु भाकर के सिर पर हाथ रख कर आशीर्वाद दिया और शुभकामनाएं दी। उन्होंने सरबजोत का भी हौसला बढ़ाया तथा भाला फेंक प्रतियोगिता में नीरज चोपड़ा के सिल्वर मेडल जीतने की चर्चा करते हुए उन्हें भी बधाई दी है।

### वक्फ संशोधन विधेयक पर विचार के लिए जेपीसी का गठन

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने मुस्लिम समुदाय की संपत्ति से जुड़े वक्फ (संशोधन) विधेयक-2024 पर विचार के लिए 31 सदस्यीय संयुक्त संसदीय समिति के गठन की शुक्रवार को घोषणा की। केंद्रीय अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू ने लोकसभा में बताया कि समिति में 21 सदस्य लोकसभा के और 10 सदस्य राज्यसभा के होंगे। रिजिजू ने इस संबंध में लोकसभा से 21 नामों को समिति के लिए प्रस्तावित किया। यह समिति अगले सत्र के प्रथम सप्ताह के अंतिम दिन रिपोर्ट करेगी। साथ ही इससे जुड़े निष्क्रिय हो चुके पुराने अधिनियम को कागजों से हटाने के लिए 'मुसलमान वक्फ (निरसन) विधेयक-2024' भी पेश किया था।

## महिलाओं को मारने वाला सीरियल किलर गिरफ्तार

▸ सालभर में नौ कत्ल, टारगेट सिर्फ महिलाएं इलाके में था खौफ

समृद्धि न्यूज




**बरेली।** उत्तर प्रदेश की बरेली पुलिस को बड़ी कामयाबी हाथ लगी है। पुलिस ने एक के बाद एक 9 महिलाओं की हत्या करने वाले सनकी सीरियल किलर को गिरफ्तार कर लिया है। दरअसल, 14 महीने के अंदर इलाके में आधा दर्जन से अधिक हत्याएं हुईं और ये हत्याएं एक ही पैटर्न में की गई थीं। इसके चलते कस्बे में दहशत का माहौल था। पुलिस भी शिद्दत से कातिल की तलाश में थी। हाल ही में संदिग्ध हत्यारों के स्केच भी जारी किए थे। उसके 48 घंटे के भीतर कातिल को दबोच लिया गया।

बताया जा रहा है कि 9 महिलाओं की सीरियल किलिंग करने वाले आरोपी का नाम कुलदीप है। कुलदीप अपने पारिवारिक कारणों की वजह से महिलाओं से नफरत करने लगा था। इसी खुन्नस में वह दूसरी महिलाओं को भी मारने की फिराक में रहता था। पुलिस पूछताछ में उसने 6 हत्या करना कुबूला है। गौरतलब है कि बरेली जिले के थाना शाही क्षेत्र में सिलसिलेवार हत्याओं से हड़कंप मचा हुआ था। पिछले 14 महीनों के दौरान 9 महिलाओं की हत्या की गई थी। सभी मर्डर 20 से 25 किमी एरिया में हुए थे और सबका पैटर्न एक जैसा था। खेत में अधेड़ उम्र की महिलाओं लाश पड़ी थी और उनके गहने गायब थे। बीते दिनों पुलिस ने 3 संदिग्धों के स्केच जारी किए थे। साथ ही नंबर जारी करते हुए इनकी सूचना तुरंत देने की अपील भी की गई थी। एसएसपी अनुराग आर्य ने घटना का सीरियल किलिंग की घटना खुलासा करते हुए बताया कि आरोपी कुलदीप नवाबगंज थाना क्षेत्र का निवासी है।

### हॉकी इंडिया कांस्य पदक जीतने वाली टीम के प्रत्येक खिलाड़ी को देगा 15 लाख रुपए

**नयी दिल्ली।** हॉकी इंडिया ने पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय हॉकी टीम के प्रत्येक खिलाड़ी को 15-15 लाख रुपये और सहयोगी स्टाफ के हर सदस्य को 7.5 लाख रुपये के पुरस्कार देने की घोषणा की है। हॉकी इंडिया के अध्यक्ष डॉ. दिलीप टिर्की ने टीम के ऐतिहासिक प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा, यह जीत हमारे खिलाड़ियों और सहयोगी स्टाफ की कड़ी मेहनत, दृढ़ संकल्प और लचीलेपन का प्रमाण है। लगातार दो ओलंपिक पदक जीतना एक असाधारण उपलब्धि है जो विश्व मंच पर भारतीय हॉकी के पुनरुत्थान को दर्शाता है। हॉकी इंडिया की ओर से मैं पूरी टीम और सहयोगी स्टाफ को उनके असाधारण प्रदर्शन और समर्पण के लिए बधाई देता हूं।

## कुंभ की तैयारी में सड़क चौड़ीकरण की जद में आए पेड़ों के काटने पर कोर्ट की रोक

समृद्धि न्यूज



**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने प्रयागराज कुम्भ मेले की तैयारी में सड़क चौड़ीकरण की जद में आ रहे सड़क किनारे के पेड़ों की अंधाधुंध कटाई पर रोक लगा दी है।

कोर्ट ने पीडीए उपाध्यक्ष को वीडियो कान्फ्रेंसिंग या व्यक्तिगत रूप से सुनवाई में शामिल होने का निर्देश दिया है। याचिका की अगली सुनवाई 20 अगस्त को होगी। यह आदेश न्यायमूर्ति एम के गुप्ता तथा न्यायमूर्ति मनीष कुमार निगम की खंडपीठ ने आनंद मालवीय व अन्य की याचिका पर दिया है। इससे पहले पीडीए उपाध्यक्ष ने कोर्ट को आश्वासन दिया था कि जितने पेड़ काटे जायेंगे उसके दस गुना अधिक पेड़ लगायें जायेंगे। इस पर कोर्ट ने कहा था महात्मा गांधी मार्ग व सरदार पटेल मार्ग सहित विभिन्न मार्गों पर बरसात में छायादार वृक्ष लगाए जायें। कोर्ट ने यह भी कहा था कि संविधान के अनुच्छेद 47 के तहत पर्यावरण की रक्षा करना राज्य का संवैधानिक दायित्व है। सरकार प्रदूषण मुक्त वातावरण रख लोक स्वास्थ्य में बढ़ोतरी करे। किसी को मानव प्रजाति को प्रभावित करने की अनुमति नहीं दी जा सकती। यह अनुच्छेद 21 के उसके जीवन के अधिकार का हिस्सा है। याची का कहना है कि सड़क किनारे खड़े पेड़ रिहायशी लोगों की लाइफ लाइन है। स्मार्ट सिटी परियोजना में सरकार पेड़ों की कटाई कर रही है किन्तु नये पेड़ नहीं लगायें जा रहे हैं। बिना किसी पर्यावरण अध्ययन के बदले में पेड़ लगाने की योजना बगैर पेड़ों को काटने की अनुमति दी जा रही है। सी वाई चिंतामणि रोड व गोविन्दपुर में भारी संख्या में पेड़ काटे जा रहे हैं।

सदन | बजट सत्र की कार्य उत्पादकता लगभग 136 प्रतिशत व बजट 2024-25 पर 27 घंटे 19 मिनट हुई चर्चा

# लोकसभा की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** लोकसभा की कार्यवाही शुक्रवार को निर्धारित कार्य दिवसों से एक दिन पहले अनिश्चितकाल के लिये स्थगित कर दी गयी। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने लोकसभा की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिये स्थगित करने की घोषणा की।

श्री बिरला ने कार्यवाही स्थगित करने से पहले कहा कि बजट सत्र की कार्य उत्पादकता लगभग 136 प्रतिशत रही। बजट 2024-25 पर 27 घंटे 19 मिनट चर्चा की गयी और उस पर मतदान किया गया। बजट सत्र के दौरान 96 तारांकित प्रश्नों के उत्तर दिये गये। उन्होंने कहा कि बजट सत्र 22 जुलाई को शुरू हुआ था और इसकी 15 बैठकें हुईं, जो 115 घंटे तक चलीं। उन्होंने कहा कि 23 जुलाई वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सदन में 2024-25 का बजट पेश किया था। बजट पर सामान्य चर्चा 27 घंटे 19 मिनट तक चलीं। इस चर्चा में 181 सदस्यों ने भाग लिया। वित्त मंत्री ने 30 जुलाई को चर्चा का उत्तर दिया। अध्यक्ष ने कहा कि सदन द्वारा कुछ चयनित मंत्रालयों/ विभागों की अनुदान मांगों (2024-25) पर 30 जुलाई, 2024 से पांच अगस्त तक चर्चा की गयी और चर्चा समाप्ति के बाद उन पर मतदान किया गया। पांच अगस्त को बजट से संबंधित विनियोग विधेयक पारित किया गया। श्री बिरला ने कहा कि इस सत्र के दौरान 12 सरकारी विधेयक पुरःस्थापित किये गये तथा कुल चार विधेयक पारित किये गये। पारित किये गये कुछ महत्वपूर्ण विधेयक वित्त विधेयक, 2024, विनियोग विधेयक, 2024, जम्मू-कश्मीर विनियोग विधेयक 2024 और भारतीय वायुयान विधेयक, 2024 हैं। उन्होंने कहा कि सत्र के दौरान 86 तारांकित प्रश्नों के मौखिक उत्तर दिये गये। सदस्यों ने अविलंबनीय लोक महत्व के 400 मामले उठाये। सभा में नियम 377 के अधीन 358 मामले उठाये गये। निर्देश 73क के अधीन 25 वक्तव्य, सरकारी कार्य के बारे में संसदीय कार्य मंत्री द्वारा दो वक्तव्य और नियम 372 के अधीन मंत्रियों द्वारा तीन 'सुओ मोटो स्टेट्मेन्ट' सहित कुल 30 वक्तव्य दिये गये। सत्र के दौरान, कुल 1345 पत्रों को सभा पटल पर रखा गया। श्री बिरला ने कहा कि इस सत्र के दौरान, 22 जुलाई को ओलंपिक खेलों के लिये भारत की तैयारियों के संबंध में नियम 193 के तहत एक अल्पकालिक चर्चा हुई। इकतीस जुलाई को देश के विभिन्न हिस्सों में भूस्खलन और बाढ़ के कारण जान-माल के नुकसान के विषय पर नियम 197 के अधीन एक ध्यानाकर्षण प्रस्ताव लिया गया। उन्होंने कहा कि सत्र के दौरान 65 गैर सरकारी विधेयक पुरःस्थापित किये गये। उन्होंने कहा कि गैर सरकारी सदस्यों के संकल्पों की बात करें, तो देश में हवाई किराये को विनियमित करने के लिये उचित उपायों के विषय पर श्री शफी परम्बिल द्वारा प्रस्तुत एक संकल्प को सदन द्वारा चर्चा के लिये 26 जुलाई को लिया गया।

# सहकारिता मंत्री ने किया काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी समारोह का शुभारंभ

## काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी समारोह, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के आश्रित सम्मानित



### तहसील, ब्लॉक, स्कूलों में हुए कार्यक्रम, स्वतंत्रता सेनानियों को किया नमन

लखीमपुर खीरी। जिले के सभी सात तहसील, 15 ब्लॉक मुख्यालय एवं सहित सभी परिषदीय और माध्यमिक विद्यालयों में भी काकोरी ट्रेन एक्शन कार्यक्रम मनाया गया। तहसील में आयोजित कार्यक्रमों में एसडीएम ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के आश्रितों को सम्मानित किया। इस दौरान देशभक्ति से ओतप्रोत कार्यक्रम भी प्रस्तुत हुए।

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**

जिलेभर में काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी समारोह व वीरों को नमन कार्यक्रम का भव्य आयोजन हुआ। जिला स्तर पर कुंवर खुशवंतराय विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम का सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौर ने विधायक विनोद शंकर अवस्थी, भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील सिंह, डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, एसपी गणेश प्रसाद साहा, सीडीओ अभिषेक कुमार ने दीप जलाकर एवं मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

कार्यक्रम की शुरुआत में सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौर ने जनप्रतिनिधियों, अफसरों संग क्रांतिकारियों व स्वतंत्रता संग्राम सेनानियो के पारिवारीजन को सम्मानित कर स्नेहपूर्ण मुलाकात की। इससे पूर्व राजधानी में सीएम योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में काकोरी ट्रेन एक्शन कार्यक्रम का सजीव प्रसारण देखा और सुना गया।

### बच्चों ने प्रस्तुत किए देशभक्ति कार्यक्रम, हुआ मंचन

कार्यक्रम स्थल के सांस्कृतिक मंच पर सहकारिता मंत्री, जनप्रतिनिधियों एवं अफसरो के समक्ष विभिन्न माध्यमिक विद्यालयों की छात्राओं ने देशभक्ति से ओतप्रोत कार्यक्रम प्रस्तुत किये और काकोरी ट्रेन एक्शन पर मंचन भी किया। संस्कृति विभाग उप्र की ओर से आए सांस्कृतिक दल ने भी वाद्य यंत्रों और अपनी टीम के साथ देशभक्ति का माहौल बना दिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौर ने कहा कि काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी महोत्सव क्रांतिकारियों, स्वतंत्रता सेनानियों, ज्ञात-अज्ञात बलिदानियों व शहीदों के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करने का अवसर है। उन्होंने कहा कि जो संकल्प लेकर क्रांतिवीर आजादी के लिए लड़े थे, उन्हीं के कर्तव्यों का पालन करते हुए देश को सशक्त बनाया जा सकता है। जाति-मजहब या व्यक्तिगत हित राष्ट्र से बढ़कर नहीं हो सकता। सभी नागरिक कर्तव्य का पालन करें। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि काकोरी ट्रेन एक्शन देश के स्वाधीनता समर की अमर कहानी है। यह राष्ट्र के प्रति दायित्व बोध कराने वाला पर्व है। भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास में काकोरी ट्रेन एक्शन की तिथि 09 अगस्त 1925 विशेष महत्व रखती है। उन्होंने काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी समारोह को रेखांकित किया। कार्यक्रम के नोडल अधिकारी/डीआईओएस डॉ महेंद्र प्रताप सिंह ने काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी महोत्सव की आवश्यकता एवं प्रासंगिकता बताते हुए सभी अतिथियों, उपस्थित स्कूली बच्चों, एनसीसी कैडेट्स, सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले कलाकारों सहित इस कार्यक्रम को सफल बनाने में अपनी भूमिका निभाने वालों को धन्यवाद ज्ञापित किया। इस कार्यक्रम में जिपं अध्यक्ष प्रतिनिधि नरेंद्र सिंह, डीसीबी अध्यक्ष विनीत मनार, पुष्पा सिंह, जिला स्तरीय अधिकारी, विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाध्यापक, स्कूली बच्चे एनसीसी कैडेट्स सहित बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

संचालित हो रहे बगैर मान्यता स्कूल

# नौनिहालों के भविष्य से खेल रहे अप्रशिक्षित शिक्षक

**धौरहरा खीरी, समृद्धि न्यूज।**

धौरहरा क्षेत्र में अधिकारियों की मिली भगत से बगैर मान्यता स्कूलों का संचालन किया जा रहा है। जिसमें नौनिहालों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। टीन शेड व छप्परों के नीचे संचालित इन स्कूलों में अप्रशिक्षित शिक्षकों द्वारा बच्चों को पढ़ाया जा रहा है। अधिकारी सब कुछ जानकर भी अनजान बने हुए हैं। धौरहरा , ईसानगर व रमियाबेहड़ विकास क्षेत्र में दर्जनों ऐसे स्कूल संचालित हो रहे हैं जिनकी मान्यता ही नहीं है। पर स्थानीय क्षेत्र के अधिकारियों की उदासीनता या उनकी मिली भगत के चलते ऐसे स्कूल धड़ल्ले से चल रहे है। ऐसे संचालित स्कूलों में अप्रशिक्षित शिक्षक बच्चों को पढ़ा रहे हैं। जिसके चलते यहां पढ़ने वाले छात्र छात्राओं का भविष्य अंधकारमय हो रहा है। क्षेत्र में कुछ विद्यालय ऐसे भी हैं जिनकी मान्यता तो कक्षा एक से आठ तक , एक से पांच तक , या फिर छः से आठ तक मान्यता है फिर भी स्कूल संचालक अपने स्कूलों में एक से स्नातक तक की कक्षाएं संचालित कर रहे हैं। स्थित यह है कि इन गैर मान्यता प्राप्त स्कूलों व मानक विहीन स्कूलों में स्नातक तक कक्षाएं संचालित होने के बाद भी प्रशिक्षित शिक्षक नहीं है। टीन शेड व छप्पर , तिरपाल के नीचे संचालित हो रहे स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों को बरसात के समय खतरा बना रहता है। फिर भी स्थानीय अधिकारी जानकर भी अनजान बने हुए हैं। स्कूल संचालक अच्छी सुविधाएं व अच्छी शिक्षा देने का दावा कर भोले भाले अभिभावकों को अपने जाल में फंसाकर उनके बच्चों का अपने स्कूल में प्रवेश करवा ले रहे हैं। जबकि सुविधा के नाम पर स्कूल में टीन शेड के नीचे बैठकर उन्हें अप्रशिक्षित शिक्षकों द्वारा पढ़ायि जा रहा है। जागरुक अभिभावकों ने बगैर मान्यता प्राप्त व मानक विहीन स्कूलों के खिलाफ कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

> बगैर मान्यता प्राप्त व मानक विहीन संचालित स्कूलों की जांच की जा रही है। अभी तक 9 बगैर मान्यता स्कूलों को स्कूल बंद करने की नोटिस दी गई है। अभी जांच कर अन्य स्कूलों को भी नोटिस दी जाएगी। नोटिस के बाद भी स्कूल न बंद करने वाले स्कूल संचालकों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।
>
> आशीष कुमार पाण्डेय, बीईओ धौरहरा

# स्कूलों व आंगनबाड़ी केंद्रों में दी जाएगी अल्बेंडाजोल की खुराक

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**

राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस अभियान की शुरुआत 10 अगस्त से हो रही है। कार्यक्रम के तहत जिले भर में स्कूल व आंगनबाड़ी में बच्चों को यह दवा खिलाई जाएगी।

स्वास्थ्य विभाग ने इसके लिए पूरी तैयारी कर लीं है। कार्यक्रम के नोडल डिप्टी सीएमओ डॉ अमित सिंह ने बताया कि जनपद के 6 ब्लॉकों बांकेगंज, बिजुआ, मितौली, निघासन, लखीमपुर अर्बन और ईसानगर में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस अभियान 10 अगस्त 2024 व मापम दिवस 14 अगस्त 2024 को मनाया जाएगा। अभियान को सफल बनाने हेतु सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता ने बताया कि बच्चों में पेट के कीड़े उनके शारीरिक और मानसिक विकास को प्रभावित कर सकते हैं। इनके प्रभावों से बच्चों को बचाने के उद्देश्य से हर वर्ष जनपद में शासन के निर्देश पर यह अभियान चलाया जाता है। नोडल अधिकारी डॉ अमित सिंह ने अभिभावकों, शिक्षकों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं आशा बहनों से अपील की है कि वह इस अभियान में सक्रिय रूप से भाग लेकर स्कूल जाने वाले बच्चों को स्कूलों में तथा स्कूल न जाने वाले बच्चों को आंगनबाड़ी केंद्रों में समय पर दवा खिलवाएं और इस अभियान को सफल बनाने में सहयोग करें।



# नृत्य प्रतियोगिता में प्रथम रही निष्ठा, नपं अध्यक्ष ने 5100 रुपये का दिया पुरस्कार

**सिंगाही खीरी।** राम चरन शाह बाल विद्या मंदिर की छात्रा निष्ठा मिश्रा ने नृत्य प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार प्राप्त करने पर नगर चेयरमैन मोहम्मद क़य्यूम ने 5100 रुपये पृस्कार दिया। बता दें कि 26 जनवरी को राम चरन शाह बाल विद्या मंदिर में डांस प्रतियोगिता आयोजित की गई थी। प्रतियोगिता में करीब दो दर्जन बच्चों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले में निष्ठा मिश्रा ने राम आये है पर नृत्य कर प्रथम स्थान प्राप्त कर ट्राफी जीती। कार्यक्रम में मुख्यातिथि मोहम्मद क़य्यूम ने छात्रा को सम्मानित कर 5100 की धनराशि देने का वादा किया था। जिसको पूरा करते हुए छात्रा को 5100 का पृस्कार दिया। स्कूल प्रबंधक प्रदीप पुरवा ने निष्ठा व उसके अभिभावकों को इस उपलब्धि पर बधाई दी। उन्होंने बताया कि बाल विद्या मंदिर स्कूल सदैव ही बच्चों की शिक्षा गतिविधियों को लेकर जागरूक रहा है। स्कूल प्रधानाचार्य व अध्यापक ने भी छात्रा की प्रशंसा की।

# जमीन कब्जे से परेशान युवक टावर पर चढ़ा, मिला इंसाफ

- पूर्व में पीड़ित ने कई बार जिला व तहसील प्रशासन से अवैध कब्जा मुक्त करने की लगायी थी गुहार

**फत्तेपुर-खीरी, समृद्धि न्यूज।**

मैगलगंज थाना क्षेत्र के कल्लुआ मोती निवासी कमलेश मौर्य नामक युवक बृहस्पतिवार कों दोपहर के बाद गांव के मोबाइल टावर पर चढ़ गया। जानकारी मिलने पर युवक के परिजन एवं सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और उसे मनाने की कोशिश करने लगे।

हालांकि युवक किसी की सुनने को तैयार नहीं था। पुलिस को इस बारे में सूचना मिलते ही थाना प्रभारी तथा चौकी प्रभारी दलबल के साथ मौके पर पहुंचे। करीब 2 घंटे तक परिजन और पुलिस द्वारा काफी समझाने बुझाने के बाद तथा मौके पर उपस्थित तहसीलदार अखिलेश मौर्य एवं लेखपाल द्वारा उसकी जमीन से अवैध कब्जा हटाने का आश्वासन मिलने पर युवक टावर से उतरने के लिए तैयार हुआ।





### नींद से जागा तहसील प्रशासन, पीड़ित को मिला न्याय

तहसीलदार के आदेशानुसार नायब तहसीलदार मितौली ने तत्काल टीम गठित करते हुए क्षेत्रीय लेखपाल हरेराम मिश्रा, राजस्व निरीक्षक प्रेम प्रकाश अग्निहोत्री नायब तहसीलदार अखिलेश कुमार मौर्य नें पैमाइश करते हुए पीड़ित की जमीन कब्जा मुक्त कराई गई। मौके पर थाना प्रभारी मैगलगंज अजय कुमार भदोरिया, चौकी प्रभारी सुशील तिवारी तथा महिला पुलिस टीम दलबल के साथ उपस्थित रहे।

# काकोरी कांड के 100 वर्ष पूर्ण होने पर शहीदों को दी गई पुष्पांजलि



**मितौली खीरी, समृद्धि न्यूज।**

काकोरी कांड के 100 वर्ष पूर्ण होने पर विकास खंड मितौली परिसर मे बने शहीद स्मारक पर खंड विकास अधिकारी मितौली अमित सिंह परिहार की अध्यक्षता में शहीद स्मारक पर शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित करते हुए विकासखंड सभागार में काकोरी कांड में अग्रणी भूमिका निभाने वाले शाहीद राज नारायण मिश्र के परिजन नागेश्वर मिश्र तथा काकोरी कांड में शामिल स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों बनवारी लाल शुक्ल निवासी कस्ता के पुत्र रमेश चंद्र शुक्ल व सहीदो के परिजनों का माल्यार्पण अंग वस्त्र भेंट कर खंड विकास अधिकारी मितौली ने सम्मानित किया। सम्मानित किए जाने वाले स्वतंत्रता संग्राम सेनानी आश्रितों में सर्वेश कुमार वर्मा, श्रीधर वर्मा, राजाराम वर्मा निवासी ढखैया, रमेश चंद्र शुक्ला निवासी कस्ता, संतोष कुमार मिश्र भीखमपुर, नागेश्वर मिश्र भीखमपुर को सम्मानित किया गया।

सभी स्वतंत्रता संग्राम सेनानी आश्रितों एवं समस्त विकास विभागीय कर्मचारी एवं अधिकारियों ने शहीद स्तंभ पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित किए गए।

इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से सहायक विकास अधिकारी पंचायत प्रमोद कुमार, सहायक विकास अधिकारी कृषि , सहायक विकास अधिकारी सांख्यिकी एवं समस्त ग्राम पंचायत अधिकारी उपस्थित रहे।

# जिला अस्पताल के औचक निरीक्षण में खुली पोल, दुर्व्यवस्था पर भड़की डीएम

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**

शुक्रवार को डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने जिला चिकित्सालय ओयल का औचक निरीक्षण किया, संबंधित को जरूरी दिशा निर्देश दिए।निरीक्षण में जिला अस्पताल की तमाम खामियां खुलकर सामने आईं। गंदे शौचालय से लेकर गंदे चादर तक को डीएम ने स्वयं देखा।करीब एक घंटे तक अस्पताल का निरीक्षण करने के दौरान डीएम कई बार नाराज हुई। उन्होंने अस्पताल के जिम्मेदारों को कड़ी चेतावनी देते हुए तीन दिन में व्यवस्थाएं सुधारने की बात कही।

जिला अस्पताल के औचक निरीक्षण पर शुक्रवार को सुबह करीब 8.50 बजे पहुंची डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने दुर्व्यवस्था देख नाराजगी जाहिर की। निरीक्षण के दौरान अस्पताल परिसर में गंदगी का अंबार लगा था। कई ओपीडी कक्ष में डॉक्टर-कर्मचारी भी नहीं थे। अस्पताल के वार्डों में दुर्व्यवस्था की भरमार मिली। डीएम ने सीएमएस डॉ राज कुमार कोली को कड़ी फटकार लगाई। डीएम ने उपस्थित पंजिकाएं अपने कब्जे में ली। अनुपस्थित डॉक्टर, पैरामेडिकल स्टाफ का वेतन रोकने के निर्देश दिए। डीएम के पूछने पर वार्ड में भर्ती मरीजों ने बताया कि सुबह 09 बजे तक कोई भी डॉक्टर भ्रमण पर नहीं आया है। मरीजों के फाइल पर भी इसका कोई उल्लेख नहीं था। डीएम ने सीएमएस को संबंधित डॉक्टरों से स्पष्टीकरण लेकर अवगत कराने और फाइल पर भ्रमण का नियमित ब्योरा दर्ज करने का निर्देश दिया। डीएम ने सीएमएस डॉ. आरके कोली से पूछा कि इतनी गंदगी क्यों है। इस तरह के गंदे शौचालय का वह लोग प्रयोग कर सकते हैं?



### निरीक्षण के दौरान अपनी 08 वर्षीय पुत्री रेशमा

रेबीज का दूसरा इंजेक्शन लगवाने अस्पताल पहुंचे ओमप्रकाश से डीएम ने जाना कि इंजेक्शन लगवाने के लिए किसी ने पैसे तो नहीं लिए। जवाब आया नही साहब! पर्चा काउंटर पर कार्मिक राजेंद्र मिश्रा अनुपस्थित मिले। चिकित्सालय में 100 कैपेसिटी की सीटिंग व्यवस्था करने को कहा। चिकित्सालय में रिफ्लेक्टर लाइट वाली साइन एज लगवाने के निर्देश दिए। चिकित्सालय भवन के बाहर तत्काल सीवर टैंक को ढकवाने के निर्देश दिए। एंट्री-एग्जिट प्वाइंट्स पर फ्लोर मैट डलवाए। सीएमएस को निर्देश दिए कि सुबह एक घंटे राउंड लेकर एक-एक मरीज से व्यक्तिगत रूप से मुलाकात करें। रिसेप्शन के पास स्वास्थ्य संबंधी स्वास्थ्य संबंधी आईईसी सामग्री को प्रदर्शित किया जाए। वेटिंग एरिया में सीटिंग अरेंजमेंट को प्रॉपर करवाए। निरीक्षण के दौरान डीएम ने पर्ची काउंटर, पुरुष सर्जिकल वार्ड, ओपीडी कक्ष, जनरल महिला व पुरुष वार्ड का निरीक्षण किया।

### तीन वृद्ध निराश्रित मरीजों की जानी कुशलता

डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने वार्ड के निरीक्षण के दौरान तीन वृद्ध निराश्रित मरीजों से मुलाकात कर कुशलता जानी। संवाद में पाया कि उनका हाल खबर लेने वाला घर परिवार में कोई नहीं है। इस पर डीएम ने सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता को निर्देश दिए की स्वस्थ होने के उपरांत जिला समाज कल्याण अधिकारी से समन्वय कर तीनों वृद्धजन को वृद्धश्रम भिजवाए। समाचार लिखे जाने तक समाज कल्याण विभाग द्वारा तीनों वृद्धजनों को वृद्ध आश्रम शिफ्ट कर दिया गया।

## खबरें एक नजर में

### अंतराष्ट्रीय कैट दिवस पर 100 कैट्स का कराया वैक्सीनेशन

**लखीमपुर खीरी।** अंतराष्ट्रीय कैट दिवस के अवसर पर एक फ्री वैक्सीनेशन कैंप का आयोजन दी फलाइन क्लब व जेसीआई लखीमपुर खीरी के द्वारा दी पेट्स मार्ट,निकट गुरु गोविंद सिंह चौक पर करवाया गया जिसमे लगभग 100 कैट्स का फ्री वैक्सीनेशन करवाया गया। जेसीआई लखीमपुर-खीरी के रीजन सी के मंडलाध्यक्ष जे एफ एम कनिष्क बरनवाल , अध्यक्ष कुमार उत्कर्ष, उपाध्यक्ष जे एफ एम अमित अग्रवाल, डरूल्स कंपनी से अंकित, सिग्नेचर कंपनी से विनीत, मियो कंपनी से पंकज, आदि व हमज़ा काफी सदस्य मौजूद रहे।

### छात्र-छात्राओं को दी गई कृमिनाशक दवा



**मितौली खीरी, समृद्धि न्यूज।** आदर्श इन्टर कालेज मितौली में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मितौली की टीम द्वारा कृमिनाशक दवा एलबेंडाजोल का वितरण प्रधानाचार्य राजकुमार शुक्ल व समस्त अध्यापको व अध्यापिकाओं ने साथ सभी छात्र एवं छात्राओं को किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य द्वारा छात्र एवं छात्राओं को क्रमिनाशक दवाई खाना खाने के बाद ही खाने के निर्देश दिए गए तथा सभी छात्र एवं छात्राओं को शासन द्वारा प्रदत्त कृमि नाशक दवाई का वितरण किया गया।

### काकोरी ट्रेन एक्शन का हुआ शताब्दी समारोह



**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।** 9 अगस्त का दिन शहीदों को याद करने का एक खास दिन है। इसी बात को याद करते हुए उत्तर प्रदेश संस्कृति विभाग मंत्रालय के तत्वावधान में युवराज दत्त महाविद्यालय लखीमपुर खीरी के प्राचार्य इतिहासविद् प्रो0 हेमंत पाल के कुशल निर्देशन में इतिहास विभाग द्वारा काकोरी ट्रेन एक्शन के शताब्दी समारोह का शुभारंभ विभाग प्रभारी प्रो0 नूतन सिंह एवं असि प्रोफेसर रचित कुमार के संयोजकत्व में अत्यंत उत्साह के साथ प्रारंभ किया गया। इस अवसर पर आयोजित संगोष्ठी का संचालन करते हुए रचित कुमार ने काकोरी ट्रेन एक्शन की ऐतिहासिक महत्ता को समझाते हुए, वीर स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान को याद करने के साथ ही स्वतंत्रता आंदोलन में इसकी अहम भूमिका पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में महाविद्यालय के शिक्षकों एवं छात्र छात्राओं की सक्रिय सहभागिता रही।

# नागपंचमी पर धूमधाम से हुई पूजना अर्चना

**बांकेगंज खीरी, समृद्धि न्यूज।**

बांकेगंज क्षेत्र के गांव कोठीपुर में प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी नाग पंचमी पर शुक्रवार को गांव के देवी स्थान मंदिर पर विधि-विधान से विशेष पूजा अर्चना की गई।



नाग देवता को दूध चढ़ाया गया। इसके बाद कन्याओं को प्रसाद वितरित किया गया। तथा गांव के सभी ग्रामीण एकत्रित होकर पूजा में सम्मिलित हुए। और अपने गांव की वर्षो पुरानी परंपरा को कायम रखा। बता दे कोठीपुर गांव के निकट बाग में वर्षो पुराने स्थित देवी स्थान मंदिर में नाग पंचमी के दिन पूजा की जाती है। यह पूजा वर्षो पुरानी परंपरा है जिसको आज भी ग्रामीण विधि विधान से करते आ रहे हैं। कोठीपुर गांव के बुजुर्ग श्री कृष्ण ने बताया कि नाग पंचमी के पावन पर्व पर हिंदू समाज के पुराणों में कहां गया है। कि धरती मां नाग देवता के फन पर टिकी है। इसके लिए आज का दिन बहुत महत्व रखता है। इस दिन समस्त हिंदू समाज नाग देवता की पूजा अर्चना करता है और उन्हें दूध पिलाता है। उन्होंने यह भी बताया कि उनके गांव की वर्षों पुरानी यह परंपरा जो आज भी कायम है। नाग पंचमी के शुभ अवसर पर सभी ग्रामीण इस पूजा को विधि विधान से करते हैं। वही मौके पर पत्रकार विक्रम सिंह परशुराम उमेश कुमार राजेश कुमार अमर सिंह रवि सिंह व तमाम श्रद्धालु मौजूद रहे।

# 15 अगस्त तक नहीं मिला मानदेय तो रसोइयां मिड्डे मील का संचालन करेंगे बन्द

**गोला गोकर्णनाथ खीरी, समृद्धि न्यूज।**

- बकाया मानदेय को लेकर रसोइया ने निदेशक मध्याह्न भोजन प्राधिकरण को लिखा पत्र

परिषदीय विद्यालयों में कार्यरत रसोइयों ने माह मार्च, अप्रैल मई व जुलाई तक अपने बकाया मानदेय की धनराशि को लेकर निदेशक मध्याह्न भोजन प्राधिकरण उत्तर प्रदेश लखनऊ को पत्र लिखकर भुगतान कराए जाने की मांग की है। रसोइयों ने बताया कि आगामी त्यौहार रक्षाबंधन नजदीक है जिसको लेकर यदि उनका बकाया भुगतान नहीं मिला तो उनके त्यौहार सूना पड़ सकता है जिसको लेकर संयुक्त रसोईया मोर्चा उत्तर प्रदेश ने रसोइयों के मानदेय का बकाया भुगतान को लेकर एक पत्र लिखा पत्र में बताया कि प्रदेश के परिषदीय विद्यालयों में कार्यरत रसोइयों का माह मार्च, अप्रैल, मई व जुलाई 2024 तक बकाया मानदेय की धनराशि मिड्डे मिल प्राधिकरण द्वारा जनपदों में प्रेषित न होने के कारण रसोइयों को मानदेय नहीं मिला जिससे सभी रसोइयां आर्थिक तंगी व भुखमरी की कगार पर है तथा परिवार का खर्च उधार लेकर चलाने को मजबूर है जबकि रक्षाबन्धन का त्यौहार बहुत नजदीक है यदि शीघ्र मानदेय न मिला तो विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी रसोइयों का रक्षा बन्धन त्यौहार सूना ही रहेगा जबकि दि0 31.07.2024 को बी0एस0ए0 खीरी द्वारा पत्र प्रेषित कर एक सप्ताह में मानदेय भेजने की मांग की जा चुकी है परन्तु अभी तक मानदेय की धनराशि जनपदों में नहीं भेजी गई जिसको लेकर पिछले चार माह का बकाया मानदेय की धनराशि शीघ्र प्रेषित कर भुगतान कराने की मांग की है। भुगतान न होने की स्थिति में रसोइयों ने आगाह कराया की यदि 15 अगस्त 2024 तक रसोइयों को मानदेय न मिला तो प्रदेश के समस्त रसोइयां अपने-अपने जनपद मुख्यालयों पर 16 अगस्त 2024 से मानदेय नहीं तो कार्य भी नहीं के आधार पर कार्य बहिष्कार कर मिड्डे मिल का संचालन बन्द कर जनपदों में धरना प्रर्दशन करने पर विवश होगें।

त्योहार

श्रवण मास के शुक्ल पक्ष को मनाई जाती है नाग पंचमी

# धूमधाम से मनाई गई नागपंचमी, नाग देवता की हुई पूजा!

**बिजुआ लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।**



शुक्रवार को क्षेत्र भर में नागपंचमी का पर्व धूमधाम के साथ मनाया गया। शिव मंदिरों में शिव के साथ ही नाग देवता की पूजा की गई। बच्चों ने तालाब, पोखरों व नदी के किनारे परंपरागत तरीके से गुड़िया पीटा। लोगों ने कालसर्प दोष से मुक्ति के लिए विभिन्न मंदिरों, नदी व तालाबों के पास पूजा-अर्चना कराई।

नागपंचमी के अवसर पर घर में सुख संपन्नता व समृद्धि के लिए शुक्रवार को सुबह परम्परागत परिधानों में सजी धजी महिलाओं और लड़कियों ने शिवमंदिर पहुंच कर पूजा अर्चना की। सुबह से घरों के बाहर गोबर से नाग देव का चिन्ह बनाकर उसकी पूजा की। महिलाओं ने नागदेव की कथा भी सुनी। श्रावण मास के चलते शिव मंदिरों के बाहर तमाम सपेरे नाग के साथ नजर आए। शिवभक्तों ने मंदिर में दर्शन करने के बाद नाग के जोड़ों के आगे श्रद्धा के साथ नतमस्तक हुए। कुछ ने नाग को दूध और लावा भी चढ़ाया। जिन लोगों की जन्मकुंडली में कालसर्प दोष है, उन्होंने दोष से निवारण के लिए खास पूजा की। शिवालय और नदियों के तट पर पूजन-अर्चन कर इस दोष से मुक्ति का उपाय किया।

बिजुआ,भीरा,भानपुर,पडरिया तुला,मलुकापुर,मालपुर सहित पूरे क्षेत्र में परिवार के साथ बच्चों ने नागपंचमी का पर्व मनाया।

नागपंचमी के अवसर पर गांवों में बच्चों और महिलाओं ने जमकर झूले का लुत्फ उठाया। शादी के बाद पहली बार नाग पंचमी का पर्व पड़ने पर नवविवाहिताएं मायके पहुंची तो उन्होंने सलेहियों के साथ जमकर मस्ती की। घरों में मिठाइयां और पकवान तैयार किए गए। ब्लाक बिजुआ क्षेत्र में श्रद्धा और उल्लास के साथ पर्व मनाया गया। इस मौके पर जहां लोगों के घरों में विभिन्न प्रकार के पकवान बने तो वहीं नाग देवता को दूध लावा व चना का प्रसाद चढाकर लोगों ने विधि-विधान से पूजन अर्चन की।

**नाग पंचमी का महत्वः** नाग पंचमी का त्योहार नागों, सांपों की पूजा के लिए समर्पित है। पुराणों के अनुसार द्वापर युग में राजा जनमेजय ने अपने पिता राजा परीक्षित की मृत्यु का बदला लेने के लिए नागों का नरसंहार करने के लिए यज्ञ शुरू किया था। ऋषि आस्तिक ने नागों को बचाने के लिए हस्तक्षेप किया और यज्ञ रोकने में सफल रहे। यज्ञ रुकने का दिन पंचमी तिथि था, जो आज नाग पंचमी के रूप में मनाया जाता है। हिंदू धर्म में, नागों को अत्यंत पूजनीय माना जाता है। ऋषियों, देवताओं, और राजाओं को अक्सर नागों के साथ चित्रित किया जाता है। नाग पंचमी श्रवण मास के शुक्ल पक्ष को मनाई जाती है मान्यताओं के अनुसार नाग पंचमी के दिन नागों की पूजा करने से व्यक्ति के जीवन में आध्यात्मिक शक्ति ,मनोवांछित फल और अपार धन की प्राप्ति होती है। लोग अपने घरों में नाग देवता की पूजा करते हैं, उन्हें दूध, चावल, फूल और मिठाई आदि अर्पित करते हैं। कुछ लोग नागों को भी दूध पिलाते हैं या नाग मंदिरों में दर्शन करने जाते हैं। यह माना जाता है कि नाग पंचमी का त्योहार मनाने से भगवान शिव और नाग देवता प्रसन्न होते हैं और भक्तों को आरोग्य, समृद्धि और मोक्ष प्रदान करते हैं। यह त्योहार हमें प्रकृति का सम्मान करने और सभी जीवों, चाहे वे कितने ही छोटे या भयानक क्यों न हों, के प्रति दयालु होने का संदेश भी देता है।

# राजधानी में 11 घंटे से हो रही रिमझिम बारिश पांच दिन तक बरसात जारी रहने का अनुमान

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में सुबह 4 बजे से रिमझिम बारिश हो रही है। हल्की ठंड हवा चलने से शहर के लोगों को गर्मी और उमस से राहत मिली है। शहर के कई हिस्सों में लोग मौसम का आनंद लेते हुए भी दिखाई दिए। मुख्य सड़कों और बाजारों में लोगों को हैवी ट्रैफिक का सामना करना पड़ रहा है।

मौसम विभाग का कहना है कि आने वाले पांच दिनों तक ऐसा ही मौसम रहेगा। 2 दिन तेज बारिश का अनुमान है। 40 से 60 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से हवा भी चलेगी। दिन का अधिकतम तापमान 32 डिग्री, जबकि न्यूनतम तापमान 26 डिग्री रहने की संभावना है। सुबह 6 बजे लखनऊ का अधिकतम तापमान 27 डिग्री दर्ज किया गया। शुक्रवार को लखनऊ का अधिकतम तापमान 33 डिग्री दर्ज किया गया। यह सामान्य से 0.6 डिग्री कम रहा। न्यूनतम तापमान 28.2 डिग्री रहा। यह सामान्य से 2.4 डिग्री अधिक रहा है। दिन में अधिकतम आद्रता 95 फीसदी और न्यूनतम आद्रता 74 फीसदी दर्ज की गई। लखनऊ में गुरुवार को सुबह साढ़े आठ बजे से शाम साढ़े पांच बजे तक 15 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई है। जबकि 1 जून से अभी तक मानसून में 301.9 मिलीमीटर बारिश हुई है। इस दौरान सामान्य बारिश का औसत 370.1 मिलीमीटर है।

लखनऊ में आने वाले पांच दिनों तक लगातार बारिश के आसार बने हुए हैं। मौसम वैज्ञानिक मोहम्मद दानिश का कहना है कि मानसून के सक्रिय होने से लखनऊ में मध्यम से तेज बारिश इस दौरान होगी। इस दौरान लखनऊ से सटे जिलों में अच्छी बारिश के आसार हैं।

# प्रशिक्षण कार्यक्रम शक्ति रसोई के व्यवसायिक क्रियान्वयन में होगा सहायक

▸ भोजन बनाने वाले की भावना अहम : पंकज भदौरिया

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** पांच दिवसीय शक्ति रसोई संचालक समूह प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन अवसर पर निदेशक सूडा डॉ. अनिल कुमार ने कहा कि इस तरह के प्रशिक्षण कार्यक्रम महिलाओं को शक्ति रसोई के बेहतर व्यवसायिक क्रियान्वयन में सहायक सिद्ध हो रहे हैं। प्रदेश के 15 जनपदों में 25 स्थानों पर संचालित हो रही शक्ति रसोई ने अल्प समय में ही सफलता का कीर्तिमान रचा है।

आज के प्रशिक्षण कार्यक्रम में बतौर अतिथि भाग लेने आईं मशहूर शेफ पंकज भदौरिया ने कहा भोजन बनाने के दौरान जितनी आवश्यकता साफ-सफाई और अच्छी सामग्रियों की होती है, उतनी ही जरूरत खाना बना रहे व्यक्ति में अच्छे भाव की भी होती है। क्योंकि आप जिस भाव भोजन बनाते हैं, कहीं न कहीं वह भाव भी भोजन के माध्यम से खाने वालों तक पहुंचता है। प्रसिद्ध टेलीविजन शो मास्टर शेफ के पहले सीजन की विजेता पंकज भदौरिया ने स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को उत्तम भोज्य पदार्थों के निर्माण के टिप्स दिए। इस दौरान विभिन्न जनपदों से आईं शक्ति रसोई का संचालन करने वाली महिलाओं संग श्रीमती भदौरिया ने संवाद किया व उनके सवालों के जवाब भी दिए।

बताते चलें कि विगत पांच अगस्त से शक्ति रसोई संचालक समूह प्रशिक्षण कार्यक्रम चल रहा है। जिसका आज अंतिम दिन था। इस पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान समूह की महिलाओं को होटल प्रबंधन संस्थान अलीगंज, लखनऊ में भी प्रशिक्षण दिया गया। इसके साथ ही होटल ताजमहल के विशेषज्ञों व इम्पीरियल रिसोर्ट के शेफ ने भी महिलाओं को प्रशिक्षित किया। आईसीआईसीआई बैंक के विशेषज्ञों के द्वारा वित्तीय प्रबंधन व व्यक्तित्व विकास के गुर भी बताए गए।

## खबरें एक नजर में

### शौर्यांजलि कैलेण्डर प्रकाशन पर मंत्री पीयूष गोयल ने दी बधाई

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने यूपी के संस्कृति विभाग द्वारा राष्ट्र नायकों को समर्पित शौर्यांजलि कैलेण्डर प्रकाशित करने के लिए धन्यवाद दिया है। उन्होंने पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह को प्रेषित पत्र में कहा है कि अमृतकाल में संस्कृति विभाग द्वारा प्रकाशित कैलेण्डर देश के अमर शहीदों की यादों को सजोने का एक सराहनीय कदम है। इसके लिए मैं धन्यवाद एवं बधाई देता हूँ। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि संस्कृति विभाग द्वारा राष्ट्र नायकों की स्मृति में शौर्यांजलि कैलेण्डर विक्रम संवत-2081 प्रकाशित कराया गया है जिससे युवा पीढ़ी राष्ट्र भक्तों के बलिदान और उनके कृतित्व को याद दिलायेगा। उन्होंने यह भी कहा कि इससे देश भक्ति की भावना प्रबल होगी और लोगों को अपने राष्ट्रीय प्रतीकों एवं राष्ट्र नायकों के जीवन संघर्ष को जानने का एक सुनहरा अवसर प्राप्त होगा।

### पंचायतों में बुनियादी सुविधाओं के लिए 1598.80 करोड़ अवमुक्त

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** प्रदेश की पंचायती राज्य संस्थाओं में आधारभूत ढांचागत विकास और बुनियादी सुविधाओं को बढ़ाने के लिए बुनियादी अनुदान अन्टाइड ग्रान्ट की प्रथम किश्त के रूप में 1598.80 करोड़ रूपये की धनराशि अवमुक्त की गई है। पंचायतीराज मंत्री ओमप्रकाश राजभर ने बताया कि अवमुक्त धनराशि से पंचायतों में विकास संबंधी कार्य कराये जायेंगे। इसमें नाली, खड़जा, लाइटिंग सौंदर्यीकरण आदि के कार्य होंगे। हमारी भी पंचायते बेहतर हो, लोगों को बुनियादी सुविधाएं मिलें इसके लिए प्रदेश सरकार गंभीरता से प्रयास कर रही है। पंचायतीराज मंत्री ने बताया कि 75 जिला पंचायतों को 239.82 करोड़ रूपये, 826 क्षेत्र पंचायतों को 239.82 करोड़ रूपये, 57691 ग्राम पंचायतो को 1119.16 करोड़ रूपये की धनराशि राज्य स्तर से ई-कुबेर तथा कोषागार के माध्यम से हस्तांतरित की जायेगी। भारत सरकार के निर्देश पर प्रदेश की समस्त त्रि-स्तरीय ग्रामीण निकायों का पंजीकरण ई-कुबेर के डीडीओ लॉगिन पर कराने तथा धनराशि हंस्तातरण के लिए प्रावधानिक प्रक्रिया को पूर्ण करने के निर्देश दिए गये थे। ऑटोमैटिक रिसीट लेने हेतु ट्रेजरी पोर्टल ई-कुबेर पर त्रि-स्तरीय ग्रामीण निकायों के पंजीकरण की कार्यवाही पूर्ण करा ली गई है।

### गोमती नगर के विराम खंड में ओपन जिम का उद्घाटन

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी के विराम खंड दो स्थित पार्क में शुक्रवार को ओपन जिम का उद्घाटन किया गया। स्थानीय जनकल्याण महासमिति के उपाध्यक्ष डॉक्टर पशुपति पाण्डेय और सचिव सीजी नायर ने जिम का उद्घाटन करते हुए लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया। इस मौके पर डॉक्टर पशुपति पाण्डेय ने जिम का उपयोग कर लोगों को स्वस्थ रहने का मंत्र दिया। इस मौके पर उन्होंने खुद ही जिम का प्रयोग करते हुए दूसरों को प्रेरित किया। विधानसभा अध्यक्ष के पीआरओ आरसी मिश्र ने भी सभी सदस्यों स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने का सुझाव दिया। कार्यक्रम के अंत में अध्यक्ष ओपी दीक्षित ने सभी का आभार जताया। इस दौरान लोगों के बीच मिठाई भी बांटी गई। इस दौरान जनकल्याण समिति के सचिव बाबू सिंह सिसोदिया भी उपस्थित रहे।

### जैन समाज की महिलाएं आज मनायेंगी हरियाली तीज उत्सव

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** जैन समाज लखनऊ की महिलाओं द्वारा जैन लेडीज क्लब के अन्तर्गत हरियाली तीज उत्सव शनिवार को द पार्टी हाउस वेंकेटहाल, विवेकखंड-3 गोमतीनगर मे दोपहर 2 बजे मनायेंगी। मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ समाज सेवी नम्रता पाठक हिस्सा लेंगी।जैन समाज लखनऊ की महिलाओं द्वारा जैन लेडीज क्लब के अन्तर्गत हरियाली तीज द पार्टी हाउस वेंकेटहाल, विवेकखंड-3 गोमतीनगर मे दोपहर 2 बजे।

### सपा के मीडिया सेल के एक्स अकाउंट के खिलाफ एफआईआर

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** हजरतगंज थाना में शुक्रवार को समाजवादी पार्टी की मीडिया सेल के सोशल मीडिया अकाउंट शएक्सश् के खिलाफएफआईआर दर्ज हुई है। सआदतगंज के लकड़मंडी में रहने वाले भाजपा नेता विजय कुमार भुर्जी ने इस मामले में हजरतगंज थाना में तहरीर दी है।आरोप लगाया है कि तीन अगस्त को समाजवादी पार्टी के मीडिया सेल सोशल मीडिया साइट एक्स पर वाराणसी की एक घटना का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री को लेकर आपत्तिजनक पोस्ट की थी। पुलिस इस मामले की जांच में जुट गई है। पुलिस सपा के मीडिया सेल से जुड़े लोगों से पूछताछ कर सकती है।

### पूर्वजों की स्मृति में ज्ञानदान उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि : उमानंद

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** गायत्री ज्ञान मंदिर इंदिरा नगर, लखनऊ के विचार क्रान्ति ज्ञान यज्ञ अभियान के अन्तर्गत ''इंस्टीट्यूट ऑफ हॉयर स्टडीज महाविद्यालय गोयल कैम्पस अयोध्या रोड, लखनऊ'' के केन्द्रीय पुस्तकालय में गायत्री परिवार के संस्थापक युगऋषि पं. श्रीराम शर्मा आचार्य द्वारा रचित सम्पूर्ण 79 खण्डों का 416वाँ ऋषि वांड़मय की स्थापना कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। उपरोक्त साहित्य गायत्री परिवार की सक्रीय कार्यकर्ता डॉ. गिरजेश मिश्रा ने अपनी पूज्य माता जी स्व. श्रीमती अम्बिका मिश्रा की स्मृति में तथा सभी छात्र-छात्राओं एवं संकाय सदस्यों को भी (व्यक्तिगत रूप से) अखण्ड ज्योति पत्रिका भेंट की। इस अवसर पर वाङ्मय स्थापना अभियान के मुख्य संयोजक उमानंद शर्मा ने कहा कि पूर्वजों की स्मृति में ज्ञानदान उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि है, ऊषा सिंह ने भी अपने विचार व्यक्त किये, संस्थान के सुमित मिश्रा ने धन्यवाद ज्ञापन व्यक्त किया। इस अवसर पर उमानंद शर्मा, सर्वश्री, देवेन्द्र सिंह, विजय, ऊषा सिंह, एवं संस्थान के प्राचार्य डॉ. संतोष पाण्डेय, डॉ. संतोष शुक्ला, सुमित मिश्रा, विभागाध्यक्ष, संकाय सदस्य एवं छात्र-छात्रायें मौजूद थे।

# चंदन है इस देश की माटी, तपोभूमि हर ग्राम

### क्रांतिकारियों के योगदान वाली दुर्लभ अभिलेख प्रदर्शनी व स्वतंत्रता आंदोलन से सम्बंधित पुस्तक प्रदर्शनी का किया अवलोकन

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ ।** काकोरी ट्रेन ऐक्शन शताब्दी समारोह के अवसर पर शुक्रवार को अभिलेख प्रदर्शनी तथा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन क्षेत्रीय अभिलेखागार संस्कृति विभाग एवं जिला प्रशासन द्वारा शहीद चन्द्रशेखर आजाद पार्क प्रयागराज में किया गया। शहीद चन्द्रशेखर आजाद पार्क में कार्यक्रम के अवसर पर उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य द्वारा शहीद चन्द्रशेखर आजाद की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन करते हुए काकोरी ट्रेन ऐक्शन शताब्दी वर्ष समारोह का शुभारम्भ किया गया।

उपमुख्यमंत्री द्वारा शहीद अमृत वाटिका मे वृक्षारोपण भी किया गया। संस्कृति विभाग द्वारा काकोरी ट्रेन एक्शन में क्रांतिकारियों के योगदान को बताने वाली दुर्लभ अभिलेख प्रदर्शनी व स्वतंत्रता आंदोलन से सम्बंधित पुस्तक प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया। उपमुख्यमंत्री ने काकोरी ट्रेन ऐक्शन शताब्दी समारोह को सम्बोधित करते हुए कहा कि आज के ही दिन हमारे महान क्रांतिकारियों ने हमारे देश को अंग्रेजों की पराधीनता से मुक्त कराने के लिए काकोरी रेलवे स्टेशन पर अपने जीवन को दांव पर लगाते हुए अंग्रेजो के द्वारा ट्रेन में ले जा रहे खजाने को ले लिया था, जिससे आजादी के आंदोलन को बल मिला था, मैं ऐसे वीर बलिदानियों व महापुरूषों को आज के दिन याद करते हुए उन्हें नमन करता हूं व विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं। आज उसी के उपलक्ष्य में हम सब लोग पूरे प्रदेश में इस प्रकार के कार्यक्रमों के आयोजन का हिस्सा बन रहे है। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि आज के दिन अमर बलिदानी चन्द्रशेखर आजाद की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित किया हूं, यह बलिदानी स्थली है। उन्होंने ''चंदन है इस देश की माटी, तपोभूमि हर ग्राम है, हर बाला देवी की प्रतिमा और बच्चा-बच्चा राम है'' कहते हुए कहा कि जिस स्थान पर हमें आजादी देने वाले भारत माता के वीर-सपूत शहीद हुए, वह माटी हमारे लिए चंदन के समान है और उसे हम अपने माथे पर लगाते हुए सादर प्रणाम करते है। प्रयागराज आजादी के आंदोलन का केन्द्र था। इस धरती पर आजादी एवं स्वतंत्रता आंदोलन के बड़े-बड़े निर्णय हुए है। आजाद हिंद फौज की स्थापना करने वाले नेताजी सुभाष चन्द्र बोस, महान क्रांतिकारियों के मुकदमों को लड़ने वाले पण्डित मदन मोहन मालवीय, आजादी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर व शहीद रोशन सिंह की प्रतिमा को प्रयागराज की धरती पर देखते हैं। कहा कि स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के स्वप्न को साकार करना व आजादी के कार्यक्रमों का आयोजन सिर्फ सरकार की ही जिम्मेदारी नहीं है, अपितु यह हम सबकी की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति का उत्तरदायित्व है कि राष्ट्रीय पर्व एवं राष्ट्र के लिए बलिदान देने वालों की स्मृति में यदि कोई कार्यक्रम हो, तो हम भारतवासी एकजुट होकर उसमें सम्मिलित हो। उन्होंने कहा कि भारत को आत्मनिर्भर व विश्व की महाशक्ति बनाने का कार्यक्रम चल रहा है, हम सबका यही लक्ष्य है।

#### शहीद रोशन सिंह की प्रतिमा का होगा सौन्दर्यीकरण

उपमुख्यमंत्री ने स्वरूपरानी मेडिकल कालेज प्रयागराज के परिसर में विधायक निधि से 10 लाख रूपये से शहीद रोशन सिंह की प्रतिमा के सौन्दर्यीकरण एवं अन्य कार्यो हेतु प्रशासन के द्वारा प्रस्ताव बनाने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि यदि और धनराशि की आवश्यकता होगी, तो उसकी व्यवस्था भी की जायेगी। उपमुख्यमंत्री ने मण्डलायुक्त से माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद के दिशा-निर्देशों को ध्यान में रखते हुए शहीद चन्द्रशेखर आजाद पार्क में उनकी प्रतिमा के बगल में कार्यक्रम स्थल पर संगोष्ठी, प्रदर्शनी व अन्य आयोजनों हेतु नियमानुसार स्थायी व्यवस्था कराये जाने के लिए कहा। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि आज से हम काकोरी ट्रेन ऐक्शन के शताब्दी वर्ष में प्रवेश कर रहे है और पूरे साल विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कर इस ट्रेन एक्शन की घटना, गतिविधियों एवं उस समय की परिस्थितियों से आमजनमानस को अवगत कराने व जन-जन तक पहुंचाने का कार्य किया जायेगा। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में हर घर तिरंगा फहराया जायेगा।

# आईटीआई प्रवेश परीक्षा का प्रथम चरण का परिणाम हुआ घोषित

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** उत्तर प्रदेश राज्य व्यावसायिक प्रशिक्षण परिषद (एससीवीटी), अलीगंज, लखनऊ ने सत्र 2024-25 (एक वर्षीय) और 2024-26 (दो वर्षीय) के लिए राजकीय एवं निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) में प्रवेश हेतु प्रथम चरण के चयन परिणाम घोषित कर दिया गया है।

विशेष सचिव व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता विभाग और अधिशासी निदेशक, एससीवीटी अभिषेक सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि चयनित अभ्यर्थी अपने परिणाम को http://www.scvtup.in या http://www.upvesd.gov.i/वेबसाइट पर देख सकते हैं। प्रथम चरण की प्रवेश प्रक्रिया 10 अगस्त 2024 से 16 अगस्त 2024 तक (अवकाश सहित) निर्धारित की गई है। अभ्यर्थी अपने प्रवेश परिणाम को जानने के लिए वेबसाइट पर दिए गए लिंक पर क्लिक करके पंजीकरण संख्या और जन्मतिथि दर्ज करें। चयन होने पर बुलावा पत्र वेबसाइट पर प्रदर्शित होगा, जिसे प्रिंट किया जा सकता है। चयन की सूचना अभ्यर्थियों को उनके पंजीकृत मोबाइल नंबर पर एसएमएस के माध्यम से भी भेजी जा रही है। यदि किसी अभ्यर्थी का चयन नहीं हुआ है, तो उसकी रैंक की जानकारी भी वेबसाइट पर प्रदर्शित की जाएगी, और उसे अगले प्रवेश चरण का इंतजार करना होगा। चयनित अभ्यर्थी को बुलावा पत्र की प्रति, सभी मूल प्रमाण-पत्रों, अंक पत्रों की प्रमाणित प्रतियों और दो पासपोर्ट साइज फोटो के साथ अपने चयनित संस्थान के प्रधानाचार्य से संपर्क कर प्रवेश प्रक्रिया को पूर्ण करना होगा। प्रवेश के समय, अभ्यर्थी को अपग्रेडेशन प्रक्रिया के अनुसार दो विकल्पों-(स्थिर) और (विस्थापित)-में से किसी एक का चयन करना होगा। अभ्यर्थी अधिक जानकारी के लिए अपने निकटतम औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान से भी संपर्क कर सकते हैं। तकनीकी हेल्पलाइन नम्बर 0522-4150500, 7897992063 अन्य किसी जानकारी हेतु दूरभाष 0522-2336115, वाट्सअप 9628372929 ई-मेल help@admissionscvtup.in पर मदद ले सकते हैं।

# नव नियुक्त सहायक अनुभाग अफसरों को मिला प्रशिक्षण

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** दीन दयाल उपाध्याय राज्य ग्राम्य विकास संस्थान बख्शी का तालाब लखनऊ द्वारा, केन्द्रीय सचिवालय, प्रशिक्षण संस्थान भारत सरकार के सहयोग से 29 जुलाई, से 09 अगस्त तक भारत सरकार के नव नियुक्त सहायक अनुभाग अधिकारियों हेतु, आधारभूत प्रशिक्षण कार्यक्रम के अन्तर्गत, ग्रामीण अंचल से संबद्ध करते हुये शासकीय योजनाओं का अध्ययन तथा भारत दर्शन विषयक कार्यक्रम के व्यवहारिक ज्ञानार्जन हेतु, प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

इस आधारभूत प्रशिक्षण के कार्यक्रम अन्तर्गत भारत सरकार के संघ लोक सेवा आयोग, जल संसाधन, भूतल परिवहन एवं राष्ट्रीय राजमार्ग, सूचना एवं प्रसारण, संचार, पेट्रोलियम एंव प्राकृतिक गैस, रक्षा, नीति आयोग, पूर्वोत्तर क्षेत्रीय विकास, नागरिक उड्डयन, पेयजल एवं स्वच्छता, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन, कृषि एवं कृषक कल्याण, विधि मामले, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, आवास एवं शहरी कार्य तथा सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम इत्यादि मंत्रालयों से सम्बद्ध सहायक अनुभाग के 39 अधिकारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। प्रशिक्षण के दौरान प्रदेश के विभिन्न विभागों द्वारा किये जा रहे जनहित के कार्यो के परिप्रेक्ष्य में, ग्रामीण विकास, आईसीडीएस पंचायती राज, पुलिस विभाग, वित्त विभाग, खाद्य एवं आपूर्ति तथा अन्य उपयोगी विभागों से सम्बन्धित राज्य जिला स्तरीय प्रबुद्ध अधिकारियों द्वारा विभागों की कार्यशैली, योजनाएँ एवं कार्यक्रम, संसाधन तथा अधिकारियों कार्मिकों की भूमिका तथा कार्यशैली एवं ग्रामीण समुदाय हेतु उपयोगिता इत्यादि विषयों पर प्रासंगिक वार्ता प्रदान की गई। लखनऊ के विकास खण्डों बख्शी का तालाब, सरोजनीनगर तथा मलिहाबाद में क्रियान्वित की जा रही, विभिन्न विभागों की योजनाओं एवं कार्यकमों के आंकलन हेतु प्रशिक्षु अधिकारियों द्वारा भ्रमण अध्ययन किया गया।भारत दर्शन कार्यक्रम के अन्तर्गत प्रतिभागी अधिकारियों द्वारा अयोध्या, वाराणसी, प्रयागराज, सीतापुर तथा लखनऊ नगर का भ्रमण किया गया। इस भ्रमण कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों द्वारा स्थानीय ऐतिहासिक भवनों से सम्बद्ध ऐतिहासिक तथ्यों तथा सांस्कृतिक गतिविधियों एवं प्रचलित रीति रिवाजों के विषय में विधिवत जानकारियां प्राप्त की गई।

### नेता प्रतिपक्ष के निजी सचिव रामकृष्ण अवस्थी का हुआ प्रमोशन

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानसभा सचिवालय सेवा के चार अधिकारियों को प्रोन्नति मिली है। प्रमोशन पाने वाले कर्मचारियों में नेता प्रतिपक्ष विधानसभा के निजी सचिव रामकृष्ण अवस्थी का प्रथम नाम है।प्रमुख सचिव विधानसभा प्रदीप दुबे द्वारा जारी विज्ञप्ति के मुताबिक निजी सचिव श्रेणी- 4 शुकदेव प्रसाद के 31 जुलाई2024 को सेवानिवृत्त हो जाने के फ्लस्वरूप रिक्त निजी सचिव श्रेणी-4 के पद एवं उसकी श्रृंखला में निजी सचिव श्रेणी-3, निजी सचिव श्रेणी-2, विशेष कार्याधिकारी(नि. संवर्गीय) व निजी सचिव श्रेणी-1के पद पर प्रमोशन देकर चार कार्मिकों को तैनात किया गया है। जारी आदेश के अनुसार रामकृष्ण अवस्थी निजी सचिव श्रेणी-3 को निजी सचिव श्रेणी-4 बना दिया गया है। श्री अवस्थी वर्तमान में नेता प्रतिपक्ष विधानसभा के निजी सचिव के दायित्व का निर्वहन कर रहे हैं। दिनेश कुमार त्रिपाठी निजी सचिव श्रेणी-2 से निजी सचिव श्रेणी -3 ,रामसम्हार यादव विशेष कार्याधिकारी (नि. संवर्गीय) से निजी सचिव श्रेणी -2, अनिल कुमार दुबे निजी सचिव श्रेणी-1 से विशेष कार्याधिकारी (नि. संवर्गीय) और अनिल कुमार अपर निजी सचिव को निजी सचिव श्रेणी-1में प्रोन्नति प्रदान की गई है।



नगर निगम में हाउस टैक्स के लिए समाधान दिवस पर लोगों की समस्या सुनते नगर आयुक्त

# किसान पथ पर ट्रक में लगी आग, धधक रहा एल्यूमीनियम

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ ।** राजधानी लखनऊ में किसान पथ पर सामान लदे ट्रक में आग लग गई। ट्रक में 30 क्विंटल एल्यूमीनियम पाउडर भी रखा गया था। 12 घंटे के बाद भी एल्यूमीनियम जल रहा है। जेसीबी से मिट्टी डालकर आग को बुझाने का प्रयास किया जा रहा है। फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर है।

ट्रक गुजरात के वापी से असम राज्य के गोवाहाटी जा रहा था। शॉर्ट-सर्किट की वजह से आग लग गई। घटना शुक्रवार सुबह की है। सीएफओ मंगेश कुमार ने बताया कि गाड़ी में एल्यूमीनियम भी था। एल्यूमीनियम ऐसा पदार्थ होता है, जिसे पानी से नहीं बुझाया जा सकता। इस आग को बुझाने का सिर्फ3 तरीका है। सीएफओ मंगेश कुमार ने बताया कि जेसीबी से मिट्टी डालकर आग को बुझाने का प्रयास किया गया, लेकिन सफलता नहीं मिली। साथ ही प्रशासन से एक पोकलेन मशीन प्रोवाइड कराने की मांग की है। जिससे आग बुझाने के लिए ज्वलनशील पदार्थ को मिट्टी में खोदकर गाड़ा जा सके। मंगेश कुमार ने बताया कि एल्यूमीनियम पाउडर पर मिट्टी डालकर ऑक्सीजन से संपर्क में रोकने का प्रयास किया जा रहा है। आग को पूरी तरह से बुझाने के लिए जमीन में एक गहरा गड्ढा खोदकर पूरा पाउडर जमीन में मिट्टी से दबाने से आग बुझ जाएगी।

# बारिश के बीच अनुदेशकों का धरना महिला अनुदेशक की तबियत बिगड़ी

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में बेसिक शिक्षा विभाग के अनुदेशकों का प्रदर्शन लगातार चौथे दिन जारी है। शुक्रवार सुबह से ही बेसिक शिक्षा निदेशालय के शिविर कार्यालय में बड़ी संख्या में अनुदेशक मौके पर पहुंचे। भारी बारिश के बावजूद धरना शुरू हुआ। इस बीच एक महिला अनुदेशक की अचानक से तबियत बिगड़ गई।

मौके पर मौजूद रहे पुलिस कर्मियों और साथी अनुदेशकों की मदद से उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। प्रदर्शन के बीच धरने पर बैठी महिला अनुदेशक अचानक से बेहोश हो गई। इसके बाद धरना स्थल पर हड़कंप जैसा माहौल हो गया। इस बीच आनन फानन में उसे गाड़ी पर बैठाकर अस्पताल ले जाया गया। जानकारी के मुताबिक सीतापुर की प्राची मिश्रा की तबियत अचानक से बिगड़ गई। वो बेहोश हो गई। फिलहाल उसकी हालत स्थिर बताई जा रही हैं। हरदोई से आए अनुदेशक संजय राय अपने साथ बेटी आयुषी और बेटे अक्षांश को साथ लेकर धरने देना पहुंचे। उन्होंने बताया कि 9000 के वेतन में बच्चों के लिए कुछ कर नहीं पा रहे हैं, यही कारण हैं कि आज बच्चों को साथ लेकर आया हूं। बच्चे कम से कम देखेंगे कि उनके भविष्य के लिए हम धरना दे रहे हैं। पर सरकार सुनने को तैयार नहीं हैं। यदि आज लिखित आदेश मिल जाता हैं, तो बच्चों के सहित घर वापस चले जाएंगे। जिस महिला अनुदेशक प्राची मिश्रा की तबियत सुबह अचानक से बिगड़ गई थी वो अस्पताल से वापस आने के बाद फिर से धरना स्थल पर बैठ गई।

### कांग्रेस नेता के राष्ट्र विरोधी वक्तव्य के विरोध में मौन प्रदर्शन

**लखनऊ ।** सनातन महासभा की ओर से कांग्रेस नेता ज्जन वर्मा और सलमान खुर्शीद के राष्ट्र विरोधी वक्तव्य के विरूद्ध शुक्रवार को मौन प्रदर्शन का आयोजन जीपीओ गाँधी प्रतिमा, हजरतगंज मे किया गया। इसमे भारत रक्षा दल ट्रस्ट, सर्वोदय व्यापार मंडल एवं अखिल भारतीय ब्रह्म समाज के कार्यकर्ताओं द्वारा कांग्रेस पार्टी नेताओं, जिन्होंने भारत की स्वतंत्रता में अग्रणी भूमिका निभाई है। सद्बुद्धि देने के लिए मौन प्रदर्शन किया गया। सनातन महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ प्रवीण ने कहा कि सज्जन वर्मा और सलमान खुर्शीद पर देशद्रोह का मुकदमा चलाया जाए। देश विरोधी वक्तव्य को राष्ट्र विरोधी गतिविधियों में शामिल करने के लिए कानून बनाया जाए। ऐसी किसी भी गतिविधि के लिए सरकार के जिम्मेदार वकील मुकदमा दर्ज करायें।

**कटाक्ष** — न थाने में कोई सुनता है न तहसील में, बाढ़ पीड़ितों का पुरसाहाल नहीं

# दिल्ली-लखनऊ के संघर्ष में पिस रही यूपी की जनता : माताप्रसाद पांडे

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ ।** दिल्ली और लखनऊ के संघर्ष में उत्तर प्रदेश की जनता पिस रही है। विकास की बात छोड़िये, जंगलराज है। न थाने में कोई सुनता है न तहसील में,बेवजह लोगो को थाने और तहसील के चक्कर लगाने पड़ते हैं। कोई कामकाज नही हो रहा है। कानून व्यवस्था इतनी खराब पहले कभी नहीं रही। यह उदगार व्यक्त करते हुए नेता विरोधी दल विधानसभा माता प्रसाद पांडे ने कहा,ये बौखलाए हुए हैं। अनाप शनाप निर्णय लेते हैं और फजीहत होती है।

उत्तर प्रदेश में बहू बेटी सुरक्षित नहीं हैं। सरकार केवल झूठे दावे कर रही है। उन्होंने कहा कि इधर मै कई जिलों में गया हूं, कही स्थिति संतोषजनक नहीं है।बहराइच में एक लड़की का अपहरण और बलात्कार किया गया। भाजपा कार्यकर्ता के खिलाफ शिकायत हुई किंतु कही कोई सुनवाई नही हुई। बड़ी मुश्किल से मुकदमा लिखा गया। उन्होंने कहा कि मै कन्नौज भी गया था। कन्नौज में एक दलित लड़की का शव लटकता मिला। परिवार के लोंगो का कहना है कि उसकी हत्या की गई है लेकिन पुलिस घटना को आत्महत्या बनाने में लगी रही। धारा 396 में मामला दर्ज हुआ। परिवार वालों दो लड़के पहले भी छेड़छाड़ कर चुके थे। उनका कहना है कि लड़की को रेप के बाद मारकर लटका दिया गया है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि ऐसी अनेक घटनाये हैं किंतु न पुलिस सुनती है न सरकार ।दावा चुस्त दुरुस्त कानून व्यवस्था के किये जाते हैं। श्री पांडे ने कहा कि प्रदेश के कई जिलों में बाढ़ से लोग जूझ रहे हैं, त्राहि त्राहि मची हुई है।लोग बेघर हो गए हैं।

फ्सल डूब गई हैं। बाढ़पीड़ितों का कोई पुरसाहाल नहीं है। लेखपाल की सर्वे रिपोर्ट ही नही आती,राहत कार्य हवा में चल रहे हैं।लोग भूख से परेशान हैं। उन्हें कोई राहत सामग्री नही मिल रही है। कागज पर भले ही सब ठीक बताये लेकिन धरातल पर कुछ नहीं।पीड़ितों को न राहत मिल रही न मुआवजा। लीडर अपोजिशन माता प्रसाद पांडे कहते हैं कि विनेश फोगाट का मामला दुर्भाग्यपूर्ण है। उनके साथ साजिश हुई है।

नेता विरोधी दल श्री पांडे दो बार विधानसभा के स्पीकर रह चुके हैं। उन्हें नेता प्रतिपक्ष की जिम्मेदारी मिली है। यह यूपी विधानसभा के इतिहास मे दूसरे नेता प्रतिपक्ष हैं जो स्पीकर रहने के बाद लीडर अपोजिशन बने हैं। उन्होंने खुद बताया कि हमारी ही पार्टी के धनीराम वर्मा भी स्पीकर भी रहे और नेता प्रतिपक्ष भी रहे। नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडे ने कहा कि हम विपक्ष में हैं, जनता की आवाज जरूर बनेंगे। सदन से लेकर सड़क तक आवाज उठाएंगे। जिसकी सरकार अनसुनी करेगी उसकी तो हम अवश्य सुनेंगे।

#### रेडियो जयघोष की दूसरी वर्षगांठ पर हुई सचित्र प्रदर्शनी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश संस्कृति विभाग के रेडियो जयघोष की दूसरी वर्षगांठ और काकोरी एक्शन डे के अवसर पर रेडियो जयघोष कार्यालय में शुक्रवार को विविध आयोजन हुए। गोमती नगर स्थित संगीत नाटक अकादमी परिसर से संचालित रेडियो जयघोष कार्यालय में इस अवसर ण्पर डॉ. लक्ष्मी रस्तोगी द्वारा संग्रहित चित्रों की प्रदर्शनी आयोजित की गई। इस चित्र प्रदर्शनी में साल 1857 से 1947 तक के स्वतंत्रता संग्राम से संबंधित सचित्र अभिलेखों को शामिल किया गया था। इसके साथ ही रेडियो जयघोष पर स्थापना दिवस और काकोरी दिवस शताब्दी समारोह के कार्यक्रमों का प्रसारण भी किया गया।

# राज्यमंत्री ने काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी वर्षगांठ पर शहीदों को किया याद

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।**

वर्तमान और भावी पीढ़ी को काकोरी ट्रेन एक्शन के स्वतंत्रता सेनानियों की शौर्य गाथा से परिचित कराने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार काकोरी ट्रेन एक्शन की 100वीं वर्षगांठ पर शुक्रवार से काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी महोत्सव का आयोजन कर रही है। इस कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ से किया जिसका लाईव प्रसारण समस्त जनपदों मे आयोजित कार्यक्रम मे किया गया।

जनपद गोण्डा मे गोंडा टाउन हाल में काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी समारोह का आयोजन किया गया। समारोह का शुभारम्भ प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) आयुष, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग डॉ दयाशंकर मिश्र दयालू जी की उपस्थिति में हुआ। इस दौरान मंत्री दयाशंकर मिश्र द्वारा शहीद क्रान्तिकारियो को श्रद्धांजली दी गयी। इसके बाद आयोजित शताब्दी महोत्सव कार्यक्रम में प्रभारी मंत्री के रूप में रहकर अमर स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धांजलि अर्पित कर नमन किया व शहीद जवानों के परिजनों का सम्मान किया। कार्यक्रम में मौजूद सभी के द्वारा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का काकोरी ट्रेन एक्शन पर सम्बोधन सामूहिक रूप से सुना गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार दयाशंकर मिश्र ने कहा कि 9 अगस्त 1925 को लखनऊ जिले के काकोरी नामक स्थान पर सहारनपुर लखनऊ पैसेंजर को चेन पुलिंग कर रोका गया और रामप्रसाद बिस्मिल, अशफाक उल्ला खान और चंद्रशेखर आजाद के नेतृत्व में क्रांतिकारियों ने अंग्रेजी सरकार से लड़ने के लिए उसके खजाने की लूट की। ऐसे महान क्रांतिकारियों को वर्ष भर याद करने के लिए हम यह शताब्दी वर्ष मना रहे हैं। यह महोत्सव पूरे एक साल तक मनाया जाएगा।

इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष घनश्याम मिश्र, एमएलसी, आयुक्त देवीपाटन मंडल, पुलिस उपमहानिरीक्षक देवीपाटन परिक्षेत्र, जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक व अन्य अधिकारी सहित सैकड़ो की संख्या में स्कूली छात्र उपस्थित रहे।





### स्वयं सहायता समूह स्टॉल का किया निरीक्षण, की तारीफ

टाउन हॉल परिसर में स्वयं सहायता समूह द्वारा राष्ट्रध्वज से सम्बंधित स्टाल लगाया गया जिस पर रूककर राज्य मंत्री ने राष्ट्रध्वज बनाने को लेकर जानकारी ली जिस पर जिस पर स्वयं सहायता समूह की प्रमुख से कहा कि आप कार्य बहुत सराहनीय है आप द्वारा बहुत ही कम कीमत पर भारतीय राष्ट्रध्वज बनाकर लोगों को उपलब्ध कराया जा रहा है जिससे लोग हर घर तिरंगा अभियान के लिए तिरंगा खरीद कर घर पर लगा सकते हैं।

### डरे हुए अंग्रेजों ने दो दिन पहले ही दे दी वीर लाहिड़ी जी को फांसी : दयाशंकर मिश्र

राज्यमंत्री दयाशंकर मिश्र ने कहां की काकोरी ट्रेन एक्शन में लाहिड़ी को अन्य क्रान्तिकारियों से दो दिन पूर्व 17 दिसम्बर को ही फाँसी दे दी गयी। इस घटना से साफ पता चलता है कि अंग्रेज राजेंद्र नाथ लाहिड़ी जी की वीरता से कितना डरते थे। आजादी के इस दीवाने ने हँसते–हँसते फाँसी का फन्दा चूमने से पहले वंदे मातरम् की हुंकार भरते हुए कहा था– मैं मर नहीं रहा हूँ, बल्कि स्वतन्त्र भारत में पुनर्जन्म लेने जा रहा हूँ।

### कार्यक्रम के दौरान आयोजित हुये सांस्कृतिक कार्यक्रम

गोण्डा टाउन हॉल में आयोजित हुए काकोरी ट्रेन एक्शन के शताब्दी समारोह में संस्कृति विभाग की ओर से भेजे गये सांस्कृतिक दलों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया जिसमें स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को याद किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों को राज्य मंत्री सहित सभी अन्य जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों द्वारा देखा गया। सभी ने कार्यक्रमों की खूब सराहना की।

# बच्चों ने गुड़िया पीट कर मनाया नाग पंचमी का त्योहार

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।**





कहते हैं की औरतें चुगलखोर होती है यह गुड़िया का त्यौहार इस बात का प्रतीक है कि किसी महिला के द्वारा शिकायत की गई थी जिसमें राजा परीक्षित के बारे में जानकारी देने के बाद तक्षक नाग ने राजा को डस लिया और उनकी मृत्यु हो जाती है इन्हीं सब बातों को लेकर प्रत्येक वर्ष गुड़िया का त्यौहार मनाया जाता है और गुड़िया के प्रतीक स्वरूप पोटली में चना रखकर उसे गुड़िया का रूप दिया जाता है और बच्चों के द्वारा झंडी लेकर के उन गुड़ियों को पीटा जाता है इससे यह साबित होता है औरतें चुगलखोर होती हैं जिले के जानकी नगर के चमन पुरवा गांव में धूमधाम से नाग पंचमी का त्यौहार गुड़िया पीटकर मनाया गया बच्चों ने अच्छे-अच्छे ड्रेस पहनकर त्यौहार मनाया ।

# अल्ट्रा-साउण्ड सेन्टर के संबंध में घटना की जांच के लिए मांगे गए साक्ष्य

**गोंडा, समृद्धि न्यूज।**

- दोनों पक्षों से उपजिलाधिकारी, न्यायिक कर्नलगंज के न्यायालय में 14 अगस्त तक प्रातः दस बजे से सांय पांच बजे तक बयान-साक्ष्य उपलब्ध कराने को किया गया निर्देशित

जिले के तहसील कर्नलगंज क्षेत्र अन्तर्गत सीएचसी कटरा बाजार के निकट संचालित एक अल्ट्रा-साउण्ड सेन्टर के सम्बन्ध में दोनों पक्ष (जाँच हेतु गई टीम) एवं कार्य बाधित करने में संलिप्त तीनों व्यक्तियों को आगामी 14 अगस्त तक उपजिलाधिकारी, न्यायिक कर्नलगंज के न्यायालय में प्रातः दस बजे से सांय पांच बजे तक बयान/साक्ष्य उपलब्ध कराना सुनिश्चित करने को निर्देशित किया गया है।

मामले में उप जिलाधिकारी न्यायिक करनैलगंज ने सर्व साधारण को सूचित किया है कि विगत 13 जुलाई को तहसील करनैलगंज स्थित सीएचसी कटरा बाजार के सामने संचालित अल्ट्रा साउण्ड सेन्टर के सम्बन्ध में शिकायत की जांच करने पहुँची दो सदस्यीय टीम,जिसमें संतोष कुमार यादव, नायब तहसीलदार करनैलगंज एवं डा. आदित्य वर्मा अपर मुख्य चिकित्साधिकारी/नोडल अधिकारी शामिल थे। उनके द्वारा जब सेन्टर के संचालन के विषय में जानकारी चाही गई तो संचालक द्वारा कोई जानकारी न देते हुए कोई अभिलेख भी प्रस्तुत नही किए गये। इसी क्रम में अवैध अल्ट्रा-साउण्ड सेन्टर को सीज करने की कार्यवाही संचालित करने पर तुफैल नामक व्यक्ति एवं अतुल यादव जिन्होने खुद को जी न्यूज का रिपोर्टर बताया एवं शिवाकान्त मिश्रा द्वारा फोन पर धमकी देते हुए जांच कार्यवाही ना करने एवं वहां से चले जाने को कहा गया तथा इसके उपरान्त मौके पर आकर अभद्र व्यवहार करते हुए इस मामले को साम्प्रदायिक रंग देने का प्रयास किया। साथ ही उपस्थित भीड़ को भड़काते हुए जांच टीम के वाहन को घेर लिया गया एवं सरकारी कार्य में हस्ताक्षेप कर इतनी गम्भीर कार्यवाही को बाधित करने का पूर्ण प्रयास किया गया एवं (जिसकी आडियो वीडियो भी उपलब्ध है,जिसके परिणाम स्वरूप भीड़ को आक्रोशित देख जांच टीम को मौके से रवाना होना पड़ा। उक्त घटना की सुस्पष्ट जॉच हेतु जिला मजिस्ट्रेट द्वारा उन्हें मजिस्ट्रीयल जॉच अधिकारी नामित किया गया है। अल्ट्रा-साउण्ड सेन्टर निकट सीएचसी,कटरा बाजार के सम्बन्ध में दोनों पक्ष (जाँच हेतु गई टीम) एवं कार्य बाधित करने में संलिप्त तीनो व्यक्तियों को निर्देशित किया जाता है कि अपना साक्ष्य एवं बयान अंकित कराने हेतु 14 अगस्त तक उपजिलाधिकारी,न्यायिक कर्नलगंज के न्यायालय में प्रातः 10 बजे से सांय 5 बजे तक बयान/ साक्ष्य उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। इसके अतिरिक्त यदि कोई व्यक्ति किसी प्रकार का साक्ष्य/बयान एवं मौके की वस्तुस्थिति से अवगत कराना चाहे,जिससे इस जांच को दिशा मिल सके तो वह भी न्यायालय में उपस्थित होकर साक्ष्य एवं बयान दर्ज करवा सकेंगें।

# जिला प्रशासन के रडार पर रहेंगे उकसाने वाले असामाजिक तत्व

**सीएम योगी आदित्यनाथ की वीडियो कांफ्रेंसिंग में निर्देश प्राप्त**

**बहराइच समृद्धि न्यूज।** जिलाधिकारी मोनिका रानी ने बताया कि वृहस्पतिवार को आयोजित मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की वीडियो कांफ्रेंसिंग में निर्देश प्राप्त हुए हैं कि प्रदेश की कानून एवं शान्ति व्यवस्था बनाये रखने के लिए किसी आमजन को उकसाने वाले असामाजिक तत्वों पर सतर्क दृष्टि रखी जाये तथा ऐसे व्यक्तियों को चिन्हित कर उनके विरूद्ध कठोर कार्रवाई अमल में लाई जाय।



# महिला से आनलाइन ठगी के एक लाख दस हजार रुपये साइबर सेल टीम ने कराए वापस

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।**

- पैसे वापस मिलने पर पीड़िता के चेहरे पर लौटी मुस्कान, पीड़िता ने गोण्डा पुलिस को दिया धन्यवाद

जिले के थाना कोतवाली नगर सिविल लाइन की रहने वाली एक महिला ने आनलाइन फाड ट्रांजेक्शन जिसमें 1,10000 एक लाख दस हजार रूपये साइबर ठगी के द्वारा निकलने की शिकायत पुलिस अधीक्षक से की गई थी। पीड़ित महिला की शिकायत मिलते ही पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने तत्काल कार्यवाही करते हुए साइबर सेल टीम को निर्देशित किया। साइबर सेल टीम सम्बन्धित बैंक से संपर्क स्थापित करते हुए कार्यवाही में जुट गई और महिला के खाते से ठगी गयी रकम 1,10000 एक लाख दस हजार रूपये वापस करायी गई। खाते में पैसा वापस आते ही पीड़ित महिला के खुशी का ठिकाना न रहा। महिला ने अपने रूपये वापस पाकर प्रसन्नता जाहिर करते हुए पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल, अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी मनोज कुमार रावत तथा अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी राधेश्याम राय सहित पूरे साइबर सेल टीम को धन्यवाद ज्ञापित किया। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल द्वारा आम जनमानस के जागरूकता हेतु बताया गया कि साइबर ठगों से सावधान रहने की जरुरत है। उन्होंने कहा कि किसी भी अनजाने व्यक्ति के द्वारा फोन कॉल पर अपनी बैंक डिटेल,ओटीपी, बायोमैट्रिक डेटा, पैन कार्ड व आधार कार्ड की डिटेल किसी के साथ साझा न करें। आगे कहा कि फाड ट्रांजेक्शन होने पर तत्काल अपने बैंक एवं थाना पर गठित साइबर सेल को सूचना दें और साइबर हेल्प लाइन नंबर 1930 या डायल -112 पर भी अपनी तुरंत शिकायत दर्ज कराना ना भूलें और सावधान रहें,सुरक्षित रहें।

## खबरें एक नजर में

### चेतना पार्क में आधिकारियों ने किया पौध रोपण



**गोंडा, समृद्धि न्यूज।** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशन में संचालित वनावरण अभियान 卐एक पेड़ मां के नाम卐 के अंतर्गत गोंडा के पर्यावरण चेतना पार्क में ज्वाइंट कमिश्नर फूड देवीपाटन मंडल एसके सिंह, नगर मजिस्ट्रेट विजय शर्मा, जिला पूर्ति अधिकारी कृष्ण गोपाल पांडेय, क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी रविंद्र कुमार सिंह व प्रोफेसर/पत्रकार डॉ. ओंकार पाठक ने अपने सहयोगियों के साथ पर्यावरण को शुद्ध रखने के लिए पौध रोपण किया। अधिकारियो ने इस दौरान सभी से अपने घरों के आस पास पौध रोपण करने की अपील भी किया। इस मौके पर एडवोकेट शत्रुघ्न मिश्रा, पीडब्ल्यूडी अभियंता अनिल कुमार यादव, व्यवसाई एसएन सिंह, राजस्व कर्मी व पूर्व सभासद प्रतिनिधि सुरेन्द्र कुमार, संतोष कुमार दुबे आदि ने पौध रोपण किया। सभासद अभिषेक मिश्रा ने इस कार्यक्रम की सराहना किया। इस दौरान पार्क में एक दर्जन से अधिक पौध रोपित किये गए।

### ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के पदाधिकारी द्वारा आयुष मंत्री का किया गया स्वागत



**गोंडा, समृद्धि न्यूज।** काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी समारोह में गोण्डा पहुंचे दयाशंकर मिश्र दयालु आयुष राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) का ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन की इकाई गोंडा के जिलाध्यक्ष प्रदीप तिवारी के मार्गदर्शन में देवी पाटन मंडल उपाध्यक्ष अनिल कुमार द्विवेदी के नेतृत्व में सभी पत्रकारों के साथ कर्नलगंज बस स्टॉप पर माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। इस अवसर पर मंडल उपाध्यक्ष अनिल कुमार दुबे, जिला अध्यक्ष प्रदीप तिवारी अनुराग मिश्र, वीरेंद्र तिवारी, अभय सिंह,राजकुमार तिवारी, पंकज पांडे,मोहित द्विवेदी, जयबक्श सिंह,विनोद अवस्थी, आत्माराम शुक्ला,शनि सिंह, अमित मिश्रा,सुरेंद्र कुमार तिवारी सहित कई पत्रकार उपस्थित रहे।

### जर्जर सड़क पर आवागमन दुश्वार, राहगीर परेशान



**कर्नलगंज/गोण्डा, समृद्धि न्यूज़।** सूबे के मुख्यमंत्री द्वारा भले ही सड़कों को गड्ढामुक्त करने के आये दिन जिम्मेदार अधिकारियों को आदेश दिये जा रहे हों लेकिन धरातल पर वह बेअसर साबित हो रहे हैं। कर्नलगंज तहसील क्षेत्र के ग्रामीण क्षेत्रों की अधिकांश सड़कों की हालत काफी खराब है। यहां कई वर्षों से लोग जर्जर सड़क पर ही आवागमन कर रहे हैं। इसका जीता जागता उदाहरण हलधरमऊ विकास खण्ड के एक गांव की सड़क से देखा जा सकता है। जहां की सड़क काफी जर्जर हो चुकी है और जगह–जगह गड्ढे ही गड्ढे हैं। इस सड़क पर प्रतिदिन काफी संख्या में लोगों का आवागमन रहता है। इसके बावजूद जिम्मेदार अधिकारी जानबूझकर अनदेखी कर रहे हैं। मामला कर्नलगंज तहसील क्षेत्र के हलधरमऊ विकास खण्ड अन्तर्गत नगवा कला गांव से जुड़ा है। यहां वर्षों से सड़क के मरम्मत का कार्य नहीं कराया गया है। इससे सड़क जगह जगह से क्षतिग्रस्त होने के साथ गड्ढे बन गए हैं,जिससे लोग जर्जर सड़क पर आवागमन करने को मजबूर हैं। यही नहीं मार्ग जर्जर होने के चलते अक्सर राहगीर दुर्घटना का शिकार हो जाते हैं। इसमें कुछ वाहन सवार तो गिरकर गंभीर रूप से घायल हो जाते है। बरसात के दिनों में स्थिति और भी दयनीय हो जाती है। इस जर्जर सड़क के पुनर्निर्माण के लिए गांव के निवासी समाजसेवी लक्ष्मी शंकर तिवारी द्वारा आनलाईन शिकायत दर्ज कराकर जर्जर सड़क के पुनर्निर्माण और उचित कार्यवाही की मांग की गई है। शिकायत के पश्चात विभागीय अधिकारियों ने सड़क मरम्मत का आश्वासन दिया है।

### सरयू नहर पुलिया के पास उतराती दिखी युवक की लाश



**विशेश्वरगंज, बहराइच समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र विशेश्वरगंज अंतर्गत ग्राम चंदामऊ उधरना ठकुराइन सरयू नहर में पुलिया के पास एक लाश उतराती दिखी। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची थाना विशेश्वरगंज की पुलिस ने लाश को नहर से बाहर निकाला। मृतक के जेब में रखे आधार कार्ड से उसकी पहचान अनूप पुत्र लक्ष्मण उम्र 36 वर्ष निवासी ग्राम पैतौरा थाना पयागपुर के रूप में हुई। सूचना देने पर पहुंचे परिजन ने उसकी पुष्टि की। परिजनों ने बताया कि मृतक दो दिन पूर्व से लापता था। मृतक शराब पीने का भी आदी था। थाना प्रभारी ने नवीन कुमार सिंह ने बताया कि परिजनों से पहचान करवाने के बाद पंचायत नामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# सीओ नगर के स्थानान्तरण पर एसपी ने दी विदाई



- पुलिस लाइन सभागार में आयोजित हुआ विदाई समारोह

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

जनपद में क्षेत्राधिकारी नगर के पद पर कार्यरत पुलिस उपाधीक्षक राजीव कुमार सिसोदिया के जनपद चन्दौली स्थानान्तरण पर प्रस्थान करने पर शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक वृन्दा शुक्ला ने पुलिस लाइन सभागार में विदाई समारोह का आयोजन किया। जिसमें एसपी ने पुष्प गुच्छ व स्मृति चिन्ह देकर कार्यकाल के दौरान किये गये पदीय कर्तव्यों की सराहना की। साथ ही उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए बधाई दी।

इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक नगर रामानन्द कुशवाहा, क्षेत्राधिकारी पयागपुर राहुल पाण्डेय, क्षेत्राधिकारी महसी रूपेन्द्र गौड़, प्रशिक्षु पुलिस उपाधीक्षक हर्षिता तिवारी, प्रतिसार निरीक्षक भुवनेश्वर सिंह, पीआरओ शिवेश शुक्ला व अन्य अधिकारी/कर्मचारी के द्वारा उन्हे माला पहनाकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए शुभकामनाएं दी।

### काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी समारोह के अवसर पर निकाली गई प्रभात फेरी



**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** काकोरी ट्रेन एक्शन'' की 100वीं वर्षगांठ के शुभारम्भ अवसर पर विधायक नानपारा राम निवास वर्मा व जिला पंचायत अध्यक्ष के प्रतिनिधि करणवीर सिंह द्वारा जिलाधिकारी मोनिका रानी व पुलिस अधीक्षक वृन्दा शुक्ला, अपर जिलाधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव, मुख्य राजस्व अधिकारी देवेन्द्र पाल सिंह, नगर मजिस्ट्रेट सहित अन्य अधिकारियों के साथ हरी झण्डी दिखाकर प्रभात फेरी को रवाना किया। प्रभात फेरी में नगर क्षेत्र के परिषदीय विद्यालयों के छात्र–छात्राएं शामिल रहे। प्रभात फेरी कलेक्ट्रेट से निकलकर शहीद पार्क में सम्पन्न हुई।

# काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी समारोह के शुभारम्भ अवसर पर सेनानी परिजन व सैनिक सम्मानित



- आमजन के लिए 15 अगस्त तक लगी रहेगी प्रदर्शनी



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित कार्यक्रम में ''काकोरी ट्रेन एक्शन'' शताब्दी समारोह के शुभारम्भ एवं वीरों का नमन हेतु काकोरी में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में सम्पन्न हुए कार्यक्रम का सजीव प्रसारण किया गया। तत्पश्चात विधायक नानपारा राम निवास वर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष के प्रतिनिधि करणवीर सिंह द्वारा जिलाधिकारी मोनिका रानी व पुलिस अधीक्षक वृन्दा त्रिपाठी के साथ स्वतन्त्रता संग्राम सेनानियों के परिजनों व भारतीय सेना के जाबाज़ सैनिकों को अंगवस्त्र, स्मृति चिन्ह व माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित समारोह में स्वतंत्रता सग्राम सेनानी के परिजन कबूतरी देवी पत्नी स्व. हरिश्चन्द्र उपाध्याय, चन्द्रकान्ती पत्नी स्व. लालचन्द, अमरनाथ अग्रवाल व शिव शंकर अग्रवाल पुत्रगण स्व. राम गोपाल अग्रवाल, अशोक कुमार अग्रवाल, गिरीश चन्द्र व मनोज अग्रवाल पुत्रगण स्व. हनुमान प्रसाद अग्रवाल, सरदार ओंकार सिंह पुत्र मालिक सिंह, मो. तारिक बेग पुत्र मो. किफायतउल्ला, जमीला पुत्री स्व. अकबर अली, अजय कुमार सिंह पुत्र स्व. विजय कुमार नौरंग, वेद प्रकाश सिंह पुत्र स्व. गुरू प्रसाद सिंह, राजू मिश्रा पुत्र अवधेश मिश्रा, कर्मवीर सिंह एडवोकेट पुत्र स्व. चन्द्रवीर सिंह व आदित्य भान सिंह पुत्र गनेश वक्श सिंह उर्फ बाबा रामबली तथा भारतीय सेवा के जावान सैनिक लांस नायक सै. मुजीबद्दीन वारसी, सिपाही जीवन लाल, कारपोरल वीरेन्द्र रस्तोगी, सुबेदार दिनेश चन्द्र पाण्डेय, सिपाही इसरार अहमद को सम्मानित किया गया। समारोह के उपरान्त जनप्रतिनिधियों ने अधिकारियों के साथ सेनानी परिसर पहुंचकर त्रिमूर्ति पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किये।

### ''काकोरी ट्रेन एक्शन'' पर लगी चित्र प्रदर्शनी

''काकोरी ट्रेन एक्शन'' की 100वीं वर्षगांठ के अवसर पर सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग की ओर से कलेक्ट्रेट सभागार के बरामदे में ''काकोरी ट्रेन एक्शन'' से सम्बन्धित चित्र प्रदर्शनी लगायी गई है। ''काकोरी ट्रेन एक्शन'' शताब्दी समारोह के शुभारम्भ पर अतिथियों के साथ अवलोकन किया। काकोरी ट्रेन एक्शन में शामिल अमर बलिदानियों शहीद राजेन्द्र नाथ लाहिड़ी, राम प्रसाद बिस्मिल, अशफाक उल्ला खॉ व रोशन सिंह इत्यादि के जीवन परिचय पर आधारित चित्र प्रदर्शनी आमजन के अवलोकनार्थ 15 अगस्त 2024 तक लगी रहेगी।

# छात्र-नौजवान पीडीए जागरूकता अभियान की शुरुआत

- केडीसी में शिविर लगाकर चलाया सदस्यता अभियान
- वर्तमान की भाजपा सरकार कैंसर से भी ज्यादा है खतरनाक : राम सरीक राजभर



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** क्रांति दिवस के अवसर पर समाजवादी पार्टी फ्रंटल संगठन द्वारा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर छात्र नौजवान पीडीए जागरूकता अभियान कार्यक्रम की शुरुआत किसान पीजी कॉलेज बहराइच में शिविर लगाकर सदस्यता अभियान चलाकर किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष लोहियावहिनी राज सहनी व विशिष्ट अतिथि के रूप में राम सरीक राजभर राष्ट्रीय सचिव लोहिया वाहिनी एवं सपा जिलाध्यक्ष रामहर्ष यादव व सपा महासचिव सुनील निषाद रहे।

इस अवसर पर सैकड़ो की संख्या में नौजवानों छात्रों को समाजवादी पार्टी की सदस्यता दिलाई गई। मुख्य अतिथि राज सहनी ने कहा की पूरे प्रदेश का छात्र नौजवान बेरोजगार पड़ा है छात्र संघ की नर्सरी छात्र संघ के चुनाव पर बैन लगाकर भाजपा सरकार ने राजनीति की नर्सरी को रौंदने का काम कर रही है पिछड़े समाज के छात्रों की छात्र प्रतिपूर्ति व छात्रवृत्ति बंद कर दी गई है। महंगाई भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है पूरे प्रदेश में जंगल राज कायम है लगातार पूरे प्रदेश में हत्या बलात्कार जैसे अपराधिक घटनाओं की बाढ़ सी आ गई है। इसलिए अब आने वाले समय में उत्तर प्रदेश का छात्र नौजवान किसान राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को आशा भरी निगाहों से देख रहा है। 2027 में उत्तर प्रदेश से भारतीय जनता पार्टी का सूफड़ा साफ होना तय है। वहीं विशिष्ट अतिथि राम सरीक राजभर ने कहा वर्तमान की भारतीय जनता पार्टी की सरकार कैंसर से भी ज्यादा खतरनाक है भय भूख भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है। छात्र, नौजवान, पत्रकार, किसान जब से भाजपा की सरकार बनी है लगातार आंदोलित है। इस मौके पर लोहिया वाहिनी जिलाध्यक्ष नंदेश्वर नंद यादव, छात्र सभा जिलाध्यक्ष रविंद्र मौर्य , युवजन सभा जिलाध्यक्ष अफशाल सानू, राष्ट्रीय सचिव लोहिया लोहिया वाहिनी अब्दुल जीवन,सुनील कुमार यादव राष्ट्रीय सचिव लोहिया वाहिनी, शैलेश सिंह शैलू ,प्रदेश उपाध्यक्ष युवजन सभा, पेशकार राव पूर्व प्रमुख ,संत कुमार पासी जिला अध्यक्ष अनुसूचित मोर्चा ,मोवीन खान महासचिव, रचित मिश्रा महासचिव, उपाध्यक्ष आशीष गौरव श्रीवास्तव , मयंक मिश्रा, अमृतलाल मौर्य, रितेश यादव , सुरेंद्र यादव, अमरदीप यादव, इकाई अध्यक्ष केडीसी, रजत कुमार , अभिषेक यादव शैलेंद्र यादव, संचित यादव, दिलीप मौर्य , सर्वेश मौर्य निखिल मौर्य धनंजय सिंह सभासद , हिमांशु अवस्थी पूर्व अध्यक्ष केडीसी, मोनू यादव, रवि कुमार, अमन कुमार आदि तमाम सैकड़ो समाजवादी नेता कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# लाल किला में विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल होंगे एकलव्य विद्यालय के छात्र-छात्राएं

- स्वतंत्रता दिवस पर राष्ट्रपति से वार्तालाप का मिलेगा अवसर



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

स्वतन्त्रता दिवस के अवसर पर 15 अगस्त को लाल किला नई दिल्ली में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में एकलव्य माडल आवासीय विद्यालय बोझिया बहराइच में अध्ययनरत जनजाति समुदाय के 07 छात्र-छात्राओं को जनजाति कार्य मंत्रालय भारत सरकार द्वारा विशिष्ट अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है। नई दिल्ली जाने वाले बच्चों को भारत की राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु से वार्तालाप व ग्रुप फोटो शूट कराने का अवसर भी मिलेगा। स्वतन्त्रता समारोह में जाने वाले छात्र-छात्राओं के वाहन को जिलाधिकारी मोनिका रानी 12 अगस्त 2024 को कलेक्ट्रेट बहराइच से रवाना करेंगी।

यह जानकारी देते हुए परियोजना अधिकारी जनजातीय विकास यू.के. सिंह ने बताया कि जनपद बहराइच के थारू बाहुल्य ग्राम फकीरपुरी, रमपुरवा, विशुनापुर, धर्मापुर व कारीकोट तथा जनपद खीरी के ग्राम बेलापरसवा खीरी के रहने वाले जनजातीय छात्र-छात्राओं दूध प्रसाद, अवनीश, नरवीर चौधरी, प्रियंका, निपाशा, सोनिका व कीर्ति जो स्वतन्त्रता दिवस पर आयोजित होने वाले समारोह में सम्मिलित होने का अवसर मिल रहा है। सभी छात्र-छात्राएं 18 अगस्त 2024 को अपने गृह जनपद वापस आ जायेंगे।

### राजकीय आयुर्वेदिक दवा वितरण कार्यक्रम संपन्न



**विशेश्वरगंज, बहराइच समृद्धि न्यूज।** विकास क्षेत्र के ग्राम पंचायत बनघुसरा में डॉक्टर उपेंद्र कुमार रावत द्वारा नि:शुल्क आयुर्वेदिक दवा वितरित किया गया। डॉ उपेंद्र रावत ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य है कि स्थानीय लोगों को आयुर्वेदिक चिकित्सा की सुविधाएं सरल रूप से प्रदान कराना तथा आयुर्वेदिक दवाओं से स्वास्थ्य पर पड़ने वाले लाभ हानि के विषय में जागरूकता फैलाना है। कार्यक्रम के दौरान, स्थानीय लोगों को आयुर्वेदिक दवाओं का वितरण किया गया। जो विभिन्न स्वास्थ्य समस्याओं के इलाज में सहायक हैं। वितरण में औषधियों के साथ–साथ उनकी उपयोगिता और सेवन विधि की जानकारी भी प्रदान की गई। आयुर्वेदिक दवाएं प्राकृतिक घटकों से तैयार की जाती हैं, जो कई स्वास्थ्य समस्याओं के उपचार में प्रभावी मानी जाती हैं। कार्यक्रम के दौरान, स्वास्थ्य अधिकारियों ने आयुर्वेदिक चिकित्सा की विधियों और उसके लाभों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने बताया कि आयुर्वेदिक दवाएं शरीर को शांति और स्वास्थ्य प्रदान करने के साथ–साथ कई पुरानी बीमारियों के इलाज में भी मदद करती हैं। स्थानीय निवासियों ने इस पहल की सराहना की और आयुर्वेदिक दवाओं को अपनी दैनिक स्वास्थ्य देखभाल का हिस्सा बनाने की इच्छा व्यक्त की। कार्यक्रम के अंत में आयोजकों ने लोगों को नियमित स्वास्थ्य जांच और आयुर्वेदिक उपचार की निरंतरता की सलाह दी।कार्यक्रम में ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों में राहुल शुक्ला, युवा सामाजिक कार्यकर्ता लल्लू गौतम, सुबेर गौतम सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# बंटवारा रिपोर्ट में जिलाधिकारी को लेखपाल ने किया गुमराह, निलंबित

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

जिले के ग्राम पंचायत बंगला में सह खातेदारों के जमीन के मामले में जिलाधिकारी ने तत्कालीन लेखपाल के रिपोर्ट को निरस्त करते हुए वर्तमान लेखपाल से रिपोर्ट मांगी। लेकिन लेखपाल ने बंटवारे की रिपोर्ट में बिना जांच के ही पूर्व की भांति रिपोर्ट लगा दी। जिस पर उसे निलंबित कर दिया गया है। सदर तहसील के ग्राम पंचायत बंगला में बंटवारे को लेकर गाटा संख्या 3195 के सह खातेदारों में विवाद है। जिस पर अतिरिक्त मजिस्ट्रेट बहराइच के यहां वाद दायर है। जिस पर चंद्रभान बनाम सूर्यभान ने 19 जनवरी 2021 को खातेदारों के अंश की प्रारंभिक रिपोर्ट निर्गत की गई थी। शुरुआती रिपोर्ट के आधार पर तत्कालीन लेखपाल जितेंद्र नाथ मिश्र के द्वारा दाखिल की गई बटवारा रिपोर्ट को सुनवाई के बाद 11 फरवरी 2022 को निरस्त कर दिया गया था। इसकी रिपोर्ट डीएम ने पुनः तैयार करने का निर्देश लेखपाल रजनीश कुमार श्रीवास्तव को दिया था। लेखपाल रवि श्रीवास्तव ने 11 मार्च को कुर्रा (बंटवारा) रिपोर्ट दाखिल किया। गांव निवासी त्रिवेणी के शिकायती प्रार्थना पत्र पर 23 जुलाई को जिलाधिकारी मोनिका रानी ने संयुक्त टीम गठित कर जांच आख्या मांगी। लेखपाल रजनीश कुमार श्रीवास्तव ने 11 फरवरी 2022 को जारी हुए रिपोर्ट को पुनः 11 मार्च 2024 को दाखिल कर दिया। डीएम के निर्देश के बाद भी कोई बदलाव बटवारा रिपोर्ट में नहीं हुआ। सिर्फ रंग का परिवर्तन हुआ। जिस पर रिपोर्ट एक अगस्त को पुनः खारिज कर दिया गया। इसे डीएम को गुमराह करने और कर्मचारी आचरण नियमावली के विरुद्ध माना गया। अतिरिक्त मजिस्ट्रेट बहराइच की रिपोर्ट पर तहसील सदर के लेखपाल रजनीश कुमार श्रीवास्तव को निलंबित कर दिया गया है।

# मनाया नागपंचमी पर्व व काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी महोत्सव

**महराजगंज, रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**




महावीर स्टडी इस्टेट सीनियर सेकेंडरी कॉलेज महराजगंज मे प्रार्थना सभा में प्रधानाचार्य कमल वाजपेई ने बच्चों को बताया कि श्रावण मास शुक्ल पक्ष में नाग पंचमी का त्यौहार मनाया जाता है। महाभारत के बाद कलयुग की शुरुआत हुई जो स्वर्ण मे निवास करता था ।

अभिमन्यु के पुत्र परीक्षित आखेट हेतु जंगल गए थे प्यास के कारण शमिक ऋषि के आश्रम पहुंचे जो साधनारत थे। परीक्षित के पुकारने पर ना बोलने के कारण परीक्षित ने एक मृत सांप शमिक ऋषि के गले में डाल दिया। शमिक ऋषि के पुत्र श्रगी ऋषि ने देखा तो श्राप दे दिया कि जिसने मृत सर्प मेरे पिताजी के गले में डाल दिया है उसकी सात दिन में सर्प काटने से मृत्यु हो जाएगी ।परीक्षित की मृत्यु तक्षक के काटने से हुई ।परीक्षित के पुत्र पांडव वंश के अंतिम राजा जन्मेजय सर्प यज्ञ करवाई सांप हवन कुंड में जलने लगे तक्षक ने सूर्य के रथ को पकड़ लिया रथ सहित हवन कुंड में जाने के कारण देवताओं ने हवन रोकने की प्रार्थना की पर जन्मेजय नहीं माने आस्तीक ऋषि के कहने पर तक्षक के प्राण बचे तथा हवन समाप्त हुआ। भारत में स्वतंत्रता आंदोलन से संबंधित ऐतिहासिक घटनाओं में काकोरी की घटना अत्यंत महत्वपूर्ण है 4 फरवरी 1922 में गोरखपुर में घटित चौरी चौरा घटना के बाद गांधी जी ने 11 फरवरी 1922 को बारदोली गुजरात से असहयोग आंदोलन को समाप्त करने की घोषणा की गई। इसने क्रांतिकारी आंदोलन को पुनर्जीवित कर दिया चंद्रशेखर आजाद पंडित राम प्रसाद बिस्मिल डॉक्टर रोशन सिंह अशफाक उल्ला खा राजेंद्र नाथ लाहिड़ी ने 1924 में हिंदुस्तान रिपब्लिकन एसोसिएशन की स्थापना की इसका उद्देश्य सशस्त्र क्रांति जिसमें अस्त्र शस्त्र खरीदना नौजवान भारती का ट्रेनिंग जिसमें धन की आवश्यकता थी 9 अगस्त 1924 को शाहजहांपुर से लखनऊ जा रही 8 डाउन ट्रेन के खजाने को काकोरी के निकट क्रांतिकारियों ने कब्जा कर लिया धर पकड़ हुई मुकदमा चला राम प्रसाद बिस्मिल राजेंद्र लाहिड़ी ठाकुर रोशन सिंह को फांसी हुई सचींद्र नाथ को काला पानी आजीवन मनमथ नाथ गुप्ता को 14 वर्ष कारावास हुआ चन्द्रशेखर आजाद पकड़ में नहीं आए 27 फरवरी 1941 को अल्फ्रेड पार्क इलाहाबाद में ब्रिटिश पुलिस से सशस्त्र संघर्ष में वीरगति को प्राप्त हुए ।आजादी के अमृत महोत्सव में इस घटना को आज 100 वर्ष पूरे हो रहे हैं समस्त स्टाफ और बच्चे भरे गले नम आंखों के साथ श्रद्धांजलि अर्पित कर रहे हैं सभी बच्चों उनके परिवार को त्यौहार की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए प्रधानाचार्य ने अपना वक्तव्य समाप्त किया।

# भारी बारिश से जर्जर इंदिरा आवास गिरने से चार लोग घायल

**सलोन रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**



भारी बारिश से एक जर्जर इंदिरा आवास भर भरा कर गिर गया ।जिसके मलबे में दबने से चार लोग घायल हो गए ।वही दो बकरियों की मौत हो गई। मामला सलोन ब्लाक अंतर्गत रेवहारा गांव का हैं ।जहां के निवासी रामसजीवन का इंदिरा आवास जर्जर अवस्था में था। शुक्रवार को हुई भारी बारिश में भर भरा कर गिर गया ।जिसमें रामसजीवन,शोभा,रेशमा, रंजीत कुमार मलबे के नीचे दब गये ।चीख पुकार सुन आसपास के लोग मौके पर पहुंचे ।काफी मशक्कत के बाद किसी तरह सभी को मलबे से बाहर निकला गया ।घायलों को ग्राम प्रधान जगेन्द्र सिंह ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सलोंन पहुंचाया ।जहां प्राथमिक उपचार के बाद सभी को घर भेज दिया गया ।वही मलबे में दबने से दो बकरियों की मौत हो गई ।घर के अंदर रखा गृहस्थी का सामान भी क्षतिग्रस्त हो गया ।सूचना पर पहुंचे क्षेत्रीय लेखपाल ने नुकसान का आकलन किया।

# बरसात में गिरी छत, एक महिला की मौत, एक अन्य घायल

**बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**



पश्चिम गांव में शुक्रवार दोपहर 3:00 के आसपास एक मकान की जर्जर छत भरभरा कर गिर पड़ी। हादसे में छत के मलबे में दबने से एक महिला की मौत हो गई है। वही एक अन्य महिला घायल हुई है।

शुक्रवार दोपहर जीनत बानो पुत्री रहमत अली निवासी पश्चिम गांव अपने घर के पिछले हिस्से में थी। तभी कमरे की छत बारिश के चलते उसके ऊपर गिर पड़ी। वह छत के मलबे में दब गई। डेढ़ घण्टे की कड़ी मशक्कत के बाद ग्रामीणों ने उसे बाहर निकाला। एंबुलेंस की मदद से उसे सीएचसी पहुंचाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया है। वही उसी कमरे में रुबीना पत्नी किस्मत अली भी थी। जिससे हादसे में वह भी घायल हो गई है। गनीमत रही कि उसे मामूली चोटे आई हैं। गनीमत यह रही कि घटना के समय परिजन शकील, नसीम, साबिर, शकीला बानो, किस्मत अली, सबा बानो, रफिया बानो व बच्चे सभी घर के बाहर थे । जिससे वह बाल बाल बच गए। सूचना पर पहुंची पुलिस घटना की जांच पड़ताल कर रही है। थानाध्यक्ष ओमप्रकाश तिवारी ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है। तहरीर मिली है। केस दर्ज कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जाएगी। हल्का लेखपाल श्याम नारायण में बताया कि मौका मुआयना किया गया है। रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को प्रेषित कर मुआवजा दिलाने का प्रयास किया जाएगा।

## राजू यादव बने विधानसभा महासचिव



**बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज।** समाजवादी पार्टी के विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र चौधरी के नेतृत्व एवं पार्टी के जिला अध्यक्ष डॉक्टर वीरेंद्र यादव के निर्देशन मे संगठन का विस्तार करते हुए क्षेत्र के सब्जी गाँव निवासी एवं समाजवादी पार्टी के कर्मठ कार्यकर्ता राजेश कुमार उर्फ राजू यादव को विधानसभा महासचिव के पद पर मनोनीत कियाद्य इस अवसर पर पार्टी के ब्लॉक अध्यक्ष देशराज यादव, भानु पटेल, समर बहादुर, पूर्व प्रधान देवीदीन पासवान, राम मिलन गौतम, जिला सचिव प्रमोद पटेल, हेमंत कुशवाहा, ग्राम प्रधान सब्जी भगवान दीन, अमित कुमार, सभासद मुन्नू गुप्ता, वासुदेव यादव सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# बालिकाओं के सशक्तिकरण में मीना मंच कार्यक्रम प्रभावशाली

**बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

राज्य परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा लखनऊ द्वारा बालिकाओं के सशक्तिकरण उन में आत्मविश्वास तथा उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए यूनिसेफ के माध्यम से मीना मंच कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है।

बालिकाओं को मुखर एवं सशक्त बनाने के लिए प्रत्येक शनिवार को सोशल एक्शन प्रोजेक्ट के माध्यम से बच्चों के बीच विभिन्न गतिविधियों का आयोजन करने के निर्देश प्रदान किए गए हैं।

आज बछरावां क्षेत्र के पूर्व माध्यमिक विद्यालय बछरावां प्रांगण में यूनिसेफ टीम द्वारा सोशल एक्शन प्रोजेक्ट पर बालिकाओं के मध्य



उच्च प्राथमिक विद्यालय बछरावां में यूनिसेफ द्वारा बच्चों के बीच आयोजित कराया गया कार्यक्रम

विभिन्न प्रतियोगिताएं एवं आधा फुल कॉमिक्स आधारित लघु नाटक का आयोजन कराया गया।

यूनिसेफ टीम प्रभारी गौरव त्रिपाठी ने कहा कि आज बालिकाओं के सशक्तिकरण एवं उन्हें आत्मनिर्भर बनाने में मीना मंच काफी प्रभावशाली साबित हो रहा है। उन्होंने कहा कि आज बालिकाएं अपने आप को निडर साहसी एवं सशक्त मानकर अपने भविष्य के प्रति सजग एवं जागरूक हो रही है।

बालिका शिक्षा रिसोर्स पर्सन प्रभारी मीना मंच एस.एस पाण्डेय ने कहा कि जनपद में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शिवेंद्र प्रताप सिंह के मार्गदर्शन मे बालिकाओं की अभिव्यक्त क्षमता एवं उनमें आत्मविश्वास पैदा करने के लिए प्रत्येक शनिवार को निर्धारित कैलेंडर के अनुसार सुगमकर्ताओ द्वारा बालिकाओं को सशक्त एवं जागरूक बनाया जा रहा है। कार्यक्रम में विद्यालय की प्रभारी प्रधानाध्यापक पंकजा द्वारा व्यवस्था में सहयोग किया गया।

कार्यक्रम का आयोजन मीना मंच सुगमकर्ता शिक्षा दीक्षित द्वारा पावर एंजेल निर्मला एवं शुभि तथा सीता के द्वारा कार्यक्रम का संचालन किया गया।

# हैंड पंप में उतरा करंट चपेट में आया वृद्ध

**बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**



थाना क्षेत्र के अंतर्गत हैंड पंप में उतर रहे करंट की चपेट में आने से वृद्ध महिला चपेट में आ जाने के चक्कर में बचाने के लिए गए, वृद्ध पति भी चपेट में आ गया। जिसमें पति की हालत गंभीर बताई गई है। जिसे जिला अस्पताल भेजा गया। कसरावा ग्राम में हैंडपंप चलाने के लिए गई वृद्ध महिला करंट की चपेट में आ गई। जिसे बचाने के लिए वृद्ध पति दौड़ा और झुलसकर गंभीर रूप से घायल हो गया। रामसेवक मोर्य पुत्र विश्वनाथ मौर्य उम्र 65 वर्ष की पत्नी माता देवी हैंड पंप में पानी लेने के लिए गई थी। जैसे ही हैंड पंप को छूते ही वृद्ध महिला करेक्ट ही चपेट के आने से नीचे गिर गई। जिसे देख वृद्ध पति बचाने के लिए पहुंचते ही, वह भी करंट की चपेट में आ गया। जिसे करंट का झटका ज्यादा लगने से गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजनों के द्वारा बछरावां सीएचसी पहुंचाया गया। जहां दोनों पति-पत्नी का प्राथमिक उपचार किया गया। परंतु वृद्ध की हालत गंभीर देखते हुए डॉक्टर गणनायक पांडे ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।वृद्ध के परिजनों ने बताया कि, हैंड पंप में टुल्लू पंप बंधा हुआ था। जिसमें करंट उतर रहा था, करंट उतरने की जानकारी किसी को नहीं थी।

# अमर स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान को हमेशा रखें याद : पल्टूराम






**बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।**

काकोरी ट्रेन एक्शन के 100वी वर्षगांठ के अवसर पर काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी समारोह के तहत पूरे जनपद में विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन हुआ।

जनपद के सभी परिषदीय विद्यालयों में बच्चों द्वारा प्रभात फेरी निकाली गई तथा पेंटिंग प्रतियोगिता, निबंध प्रतियोगिता, वाद विवाद प्रतियोगिता एवं क्रांतिकारियो , अमर शहीदों के जीवन चरित्र पर क्विज प्रतियोगिता का आयोजन हुआ।

इस अवसर पर नगर पालिका परिषद बलरामपुर में चंद्रशेखर आजाद पार्क में महान क्रांतिकारी चंद्रशेखर आजाद की प्रतिमा पर डीएम पवन अग्रवाल एवं विधायक बलरामपुर सदर पल्टूराम एवं विधायक तुलसीपुर कैलाश नाथ शुक्ला द्वारा माल्यार्पण एवं श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए उनके जीवन आदर्शों को याद किया गया।

इस अवसर पर जनपद स्तर पर काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी समारोह कलेक्ट्रेट सभागार में डीएम पवन अग्रवाल एवं विधायक बलरामपुर सदर पल्टूराम, विधायक तुलसीपुर कैलाशनाथ शुक्ल , मेजर जनरल एसके राव की गरिमामय उपस्थिति में आयोजित हुआ। इस दौरान उपस्थित सभी गणमान्य लोगो ने मुख्यमंत्री का वर्चुअल संवाद सुना। इस दौरान डीएम एवं विधायक गण द्वारा कार्यक्रम में स्वतंत्रता सेनानियों एवं भूतपूर्व सैनिक के परिजनों को अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर विधायक बलरामपुर सदर पल्टूराम ने कहा कि देश की आजादी की लड़ाई लड़ने वाले महान स्वतंत्रता सेनानियों को सम्मान देने का कार्य सरकार द्वारा किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि काकोरी ट्रेन एक्शन में अंग्रेजों की हुकूमत को खत्म करने की महत्वपूर्ण घटनाओं में एक थी। उन्होंने कहा कि देश के गौरवपूर्ण आजादी के इतिहास को याद रखते हुए स्वतंत्रता सेनानियों के आदर्शों को अपनाने का सभी संकल्प करें।

इस अवसर पर डीएम ने कहा की देश की आजादी के लिए स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान को सभी याद रखें तथा देश के इतिहास एवं संस्कृति से जुड़े रहते हुए देश के विकास में अपना योगदान दें। उन्होंने कहा कि सभी जिस क्षेत्र में है , पूरी ईमानदारी के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए देश के विकास में अपना अहम योगदान दे।

काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी समारोह पर संयुक्त जिला चिकित्सालय में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन हुआ। इस दौरान विधायक गैसड़ी, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि श्याम मनोहर तिवारी, एडीएम वित्त एवं राजस्व प्रदीप कुमार, परियोजना निदेशक ग्राम विकास विभाग, पर्यटन अधिकारी, बृजेंद्र तिवारी , विभिन्न विद्यालयों से आए छात्र छात्राएं वह अन्य संबंधित अधिकारी / कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

# कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी, झंझरी, गोण्डा

पत्रांक- 15/पंचम राज्य वित्त/पन्द्रहवां वित्त आयोग 2024-25 — दिनांक- 07.08.2024

## अल्पकालीन निविदा

लोक निर्माण विभाग जिला पंचायत अन्य विभागों में पंजीकृत ठेकेदारों को सूचित किया जाता है पंचम राज्य वित्त एवं पन्द्रहवां केन्द्रीय वित्त आयोग द्वारा क्षेत्र पंचायत झंझरी अवमुक्त धनराशि के सापेक्ष कार्ययोजना में अनुमोदित 2024-25 की निम्नलिखित परियोजनाओं पर निर्माण कार्य हेतु मोहरबन्द निविदायें प्रतिशत दर पर आमंत्रित की जाती है। निविदा बिक्री प्रपत्र दिनांक 08.08.2024 से 22.08.2024 तक कार्यालय कार्यविधि एवं विकास खण्ड कार्यालय कार्यविधि एवं विकास खण्ड कार्यालय पर नगद मूल्य देकर 04:00 बजे अपरान्ह प्राप्त कर सकते है। निविदा 22.08.2024 तक अपरान्ह 03:00 बजे तक निविदा बाक्स में डाली जायेगी तदोपरान्त प्राप्त निविदायें उसी दिन 03:00 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष गठित निविदा समिति द्वारा खोली जाएगी।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | कार्ययोजना क्रमांक संख्या | अनुमानित लागत (लाख रू. में) | कार्य की लम्बाई (कि.मी./ वर्ग मी./संख्या में) | जमानत धनराशि की परियोजना के अनुमानित लागत (रू. में) | निविदा मूल्य (जी.एस.टी. आदि रू. में) | समय अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | राज्य वित्त आयोग | | | | | | |
| 1. | ग्रा.पं. रूद्रपुर विशेन में हाईमास्ट लाइट लगाने का कार्य | 07 | 782000 | 01 नग | 15640 | 1000 | 6 माह |
| 2. | ग्रा.पं. काजीदेवर में हाईमास्ट लाइट लगाने का कार्य | 08 | 782000 | 01 नग | 15640 | 1000 | 6 माह |
| 3. | ग्रा.पं. इमरती विसेन में हाईमास्ट लाइट लगाने का कार्य | 10 | 782000 | 01 नग | 15640 | 1000 | 6 माह |
| 4. | ग्रा.पं. पथवलिया में हाईमास्ट लाइट लगाने का कार्य | 13 | 782000 | 01 नग | 15640 | 1000 | 6 माह |
| 5. | ग्रा.पं. चन्द्रवतपुर में हाईमास्ट लाइट लगाने का कार्य | 16 | 782000 | 01 नग | 15640 | 1000 | 6 माह |
| 6. | ग्रा.पं. तरगांव में हाईमास्ट लाइट लगाने का कार्य | 18 | 782000 | 01 नग | 15640 | 1000 | 6 माह |
| 7. | ग्रा.पं. सुल्तान जोत के दर्जीकुंआ में कस्तूरबा बालिका विद्यालय के प्रांगण में मिट्टी पटाई व इण्टरलाकिंग कार्य | 23 | 970000 | 01 नग | 19400 | 1000 | 6 माह |
| 8. | ग्रा.पं. सुल्तान जोत के दर्जीकुंआ में कस्तूरबा बालिका विद्यालय का रंगाई पुताई विद्युतीकरण व सौन्दरीकरण का कार्य | 27 | 980000 | 01 नग | 19600 | 1000 | 6 माह |
| 9. | ग्रा.पं. सुल्तान जोत के दर्जीकुंआ में कस्तूरबा बालिका विद्यालय के कक्षा कक्ष में मरम्मत व टाइल्स लगाने का कार्य | 30 | 970000 | 01 नग | 19400 | 1000 | 6 माह |
| 10. | ग्रा.पं. सुल्तान जोत के दर्जीकुंआ में कस्तूरबा बालिका विद्यालय में मुख्य भवन का मरम्मत कार्य | 33 | 911000 | 01 नग | 18220 | 1000 | 6 माह |
| | कुल योग | | 85.23 (लाख में) | | | | |
| | केन्द्रीय वित्त आयोग (टाइड ग्रान्ट) | | | | | | |
| 1. | ग्रा.पं. पण्डरी शंकर में वाटर सोलर प्लांट का निर्माण कार्य | 45 | 995244 | 01 नग | 19904 | 1000 | 6 माह |
| 2. | ग्रा.पं. सुल्तान जोत के दर्जीकुंआ में कस्तूरबा बालिका विद्यालय में वाटर सोलर प्लांट का निर्माण कार्य | 46 | 934000 | 01 नग | 18680 | 1000 | 6 माह |
| 3. | ग्रा.पं. गढवलिया में बरूआचक प्राथमिक विद्यालय में वाटर सोलर प्लांट का निर्माण कार्य | 50 | 934000 | 01 नग | 18680 | 1000 | 6 माह |
| 4. | ग्रा.पं. हारीपुर में एस.सी.पी.एम. कालेज के पास वाटर सोलर प्लांट का निर्माण कार्य | 52 | 934000 | 01 नग | 18680 | 1000 | 6 माह |
| 5. | ग्रा.पं. पूरेउदई के कम्पोजिट विद्यालय में वाटर सोलर प्लांट का निर्माण कार्य | 53 | 934000 | 01 नग | 18680 | 1000 | 6 माह |
| 6. | ग्रा.पं. काजीदेवर में वाटर सोलर प्लांट का निर्माण कार्य | 54 | 934000 | 01 नग | 18680 | 1000 | 6 माह |
| 7. | ग्रा.पं. गोविन्द पारा में वाटर सोलर प्लांट का निर्माण कार्य | 56 | 934000 | 01 नग | 18680 | 1000 | 6 माह |
| 8. | ग्रा.पं. माधवपुर राय में हाईमास्ट लाइट लगाने का कार्य (अनटाइड ग्रान्ट) | 34 | 782000 | 01 नग | 15640 | 1000 | 6 माह |
| 9. | ग्रा.पं. बनवरिया में हाईमास्ट लाइट लगाने का कार्य (अनटाइड ग्रान्ट) | 36 | 782000 | 01 नग | 15640 | 1000 | 6 माह |
| 10. | ग्रा.पं. मधईपुर में हाईमास्ट लाइट लगाने का कार्य (अनटाइड ग्रान्ट) | 39 | 782000 | 01 नग | 15640 | 1000 | 6 माह |
| 11. | ग्रा.पं. गोविन्द पारा में हाईमास्ट लाइट लगाने का कार्य (अनटाइड ग्रान्ट) | 42 | 782000 | 01 नग | 15640 | 1000 | 6 माह |
| | कुल योग | | 97.27 (लाख में) | | | | |

**नियम व शर्ते-**

1. प्रत्येक कार्य/परियोजनाओं पर उपरोक्त कोलम 05 में अंकित धरोहर ही धनराशि एम.एम.सी./एपीआर/बैंक डाफ्ट के रूप में जमा करना अनिवार्य होगा, जो खण्ड विकास अधिकारी पक्ष में बाधक होगा शेष धरोहर राशि का 08 प्रतिशत भुगतान के समय देय, अथवा बिल से कटौती कर ली जायेगी।
2. निर्धारित रामय सीमा के पश्चात कोई भी निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी।
3. निविदा फार्म पर किसी भी प्रकार की कटिंग/परिलेखन मान्य नहीं होगा।
4. निविदा फार्म पर दर उल्लेख अंको व शब्दों में लिखना अनिवार्य होगा।
5. बिना कोई कारण स्पष्ट किए अथवा निविदा को स्वीकृत/ अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा।
6. निविदा दमता को निविदा के साथ टी.-6 विद सिक्योरिटी पैन, आधार पंजीकृत प्रपत्र, जी.एस.टी. हैसियत प्रमाणपत्र, चरित्र प्रमाण पत्र (100 रू. के स्टाम्प पेपर पर फोटो युक्त नोटरी शपथ पत्र के साथ) संलग्न करना अनिवार्य होगा।
7. निविदा प्रपत्र क्रय करने के पहले निविदादाताओं आगणनों को संज्ञान कार्यालय के किसी भी कार्य दिवस में लिया जा सकता है। धन उपलब्धता के आधार पर कार्य आदेश एवं नियमानुसार भुगतान की कार्यवाही की जायेगी।
8. निर्माण कार्य की गुणवत्ता मानक अनुसार अनिवार्य रूप से होनी चाहिए।
9. न्यूनतम पाई गई दरों के आधार पर फर्म को कार्य प्रारम्भ करने हेतु आदेश निर्गत किया जायेगा।
10. किन्ही कारणों से यदि निविदा डालने/बिक्री की तिथि पर अवकाश घोषित हो तो (उसकी अगली तिथि) अर्थात अगला कार्य दिवस माना जायेगा।
11. जी.एस.टी., टी.डी.एस., लेबर सेस आदि की कटौती नियमानुसार भुगतान के समय काट लिया जायेगा।

**खण्ड विकास अधिकारी**
**झंझरी, गोण्डा**

# 9 से 15 अगस्त 2024 तक हर घर तिरंगा अभियान शुरू

एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया

वैश्विक स्तरपर दुनियां के अनेक देशों में राजनीतिक, आर्थिक व अनेक घरेलूसमस्याओं के चलते उथल-पुथल लगी हुई है, कहीं राजनीतिक अस्थिरता, तो कहीं हिंसात्मक प्रदर्शन, तो कहीं चुनाव की गहमागहमी, जिसका सटीक उदाहरण बांग्लादेश केन्या ब्रिटेन अमेरिका सहित अनेक देशों के झझने की स्थिति में देख रहे हैं रहे हैं, परंतु भारत अपने एक दृढ़ संकल्प विज़न 2047, 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था 3 नंबर की वैश्विक अर्थव्यवस्था की ओर अग्रसर इत्यादि अपने टारगेट्स पर रणनीतिक नीतियों के अनुसार सफ़लता के झंडे गाड़ते हुए चल रहा है।

कुशल केंद्रीय नेतृत्व की सटीक परिचयकता का सटीक उदाहरण हम 8 जुलाई 2024 के संसद के दोनों सत्रों में पूर्ण वित्त विधेयक 2024 का पारित होना है। उधर 16 अगस्त 2023 से आजादी की 75 से 100 वर्षों की यात्रा अमृतकाल 2047 की शुरुआत हो गई है, जो निश्चित रूप से महान भारत की रचना करेगी और 2047 तक भारत को पूर्ण विकसित देश ही नहीं बल्कि पूरी दुनियां पर राज करने वाला बादशाह का दर्ज़ा प्राप्त होगा जिसके लिए हर नागरिक की सहभागिता ज़रूरी है।वैश्विक स्तरपर पूरी दुनियां की नजरें भारत द्वारा मनाए जाने वाले 78 वें स्वतंत्रता दिवस उत्सव 15 अगस्त 2024 की ओर लगी हुई है,जिसका नेतृत्व माननीय पीएम करेंगे व ध्वज फहराएंगे और इस ऐतिहासिक स्मारक की प्राचीर से राष्ट्र को पारंपरिक संबोधन करेंगे। दूसरी ओर भारत देश 09 से 15 अगस्त 2024 के बीच हर घर तिरंगा अभियान मनाया जा रहा है, जिसमें करोड़ों लोगों ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर अपनी डीपी को तिरंगे में बदल दिया है,जिससे नागरिकों में जोश और गज़ब के उत्साह का बोध हो रहा है और हमारे प्रिय देश और हमारे दिल का संबंध और गहरा हो रहा है, राष्ट्रवाद की भावना कूट-कूट कर समाहित हो रही है। चूंकि 78 वें स्वतंत्रता दिवस उत्साह उमंग से अमृत महोत्सव संपन्न होकर 1947-2047 अमृत काल शुरू हो गया है,इसलिए मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से हम चर्चा करेंगे।वैश्विक स्तरपर पूरी दुनियां की नजरें भारत द्वारा मनाए जाने वाले 78 वें स्वतंत्रता दिवस उत्सव 15 अगस्त 2024 की ओर लगी हुई है, जिसका नेतृत्व माननीय पीएम करेंगे व ध्वज फहराएंगे और इस ऐतिहासिक स्मारक की प्राचीर से राष्ट्र को पारंपरिक संबोधन करेंगे।

# गरीब भारत का अचानक बिना किसी तर्क के सोने के आयात पर जोर

नन्तू बनर्जी

सोने और गोल्ड डोरे पर भारतीय आयात शुल्क में अचानक और सबसे तेज कटौती काफी भ्रामक प्रतीत होती है, क्योंकि सोने पर 15 प्रतिशत आयात शुल्क के बावजूद पिछले वित्तीय वर्ष में भारत का पीली धातु का आयात लगभग 30प्रतिशत बढ़कर 45.54अरब अमेरिकी डॉलर हो गया। उसके पहले वाले वर्ष में सोने का आयात लगभग 37अरब डॉलर का था। इस वर्ष के बजट में सोने पर सीमा शुल्क में भारी कटौती करके इसे नौ प्रतिशत घटाकर केवल छह प्रतिशत कर दिया गया, जो अब जून 2013 के बाद सबसे कम है, जबकि गोल्ड डोरेपर सीमा शुल्क 14.35प्रतिशत से घटाकर 5.35प्रतिशत कर दिया गया है। गोल्ड डोरे सोने और चांदी का एक अर्ध-शुद्ध मिश्र धातु है जिसे आमतौर पर खदान में बनाया जाता है और फिर आगे शुद्धिकरण के लिए रिफाइनरी में ले जाया जाता है। आयात-आधारित गरीब भारत के लिए सोना इतना महत्वपूर्ण क्यों है, वैसे गरीब देश के लिए जो 100 अंकों के पैमाने पर 28.7 के स्कोर के साथ वैश्विक भूख सूचकांक 2023 में 125 देशों में से 111वें स्थान पर है! दिसंबर 2023 तक भारत प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद के मामले में दुनिया के लगभग 200 देशों में से 129 वें स्थान पर था, हालांकि देश का समग्र आर्थिक उत्पादन पर्याप्त है, और 2024 में यह दुनिया की जीडीपी रैंकिंग में पांचवें स्थान पर है। भारत में पेट्रोलियम के बाद सोना और गोल्ड डोरे आयात की दूसरी सबसे मूल्यवान वस्तु है। प्रभावी रूप से, भारत दुनिया के सोने के आयात में चीन और स्विट्जरलैंड के बाद तीसरे स्थान पर है। स्विट्जरलैंड ज्यादातर निर्यात के लिए सोना आयात करता है। स्विट्जरलैंड दुनिया का सबसे बड़ा सोने का निर्यातक है, जो दुनिया के सोने के निर्यात का 25प्रतिशत हिस्सा है, इसके बाद यूके, यूएस, यूएई और दक्षिण अफ्रीका का स्थान है। 2023-24 में भारत का कच्चे तेल का आयात बिल 132अरब डॉलर था, जबकि इसका सोने का आयात 45अरब डॉलर से अधिक था। देश का 86प्रतिशत आयात तेल पर निर्भर है। पिछले वित्त वर्ष में भारत का व्यापारिक व्यापार घाटा 240.17अरब डॉलर था।

चीन जितना चाहे उतना सोना आयात कर सकता है क्योंकि वह किसी भी देश की तुलना में दुनिया का सबसे बड़ा व्यापार अधिशेष रखता है। पिछले साल, चीन का व्यापारिक व्यापार अधिशेष लगभग 823.2 अरब डॉलर था। सोने के आयात का चीन के विदेशी व्यापार और उसकी घरेलू मुद्रा युआन की स्थिरता पर बहुत कम प्रभाव पड़ता है। चीन दुनिया का सबसे बड़ा सोना उत्पादक भी है। पिछले जुलाई तक, चीन ने 370मीट्रिक टन सोने का उत्पादन किया, उसके बाद ऑस्ट्रेलिया ने 310 मीट्रिक टन और रूस ने 310मीट्रिक टन उत्पादित किया।



**चीन जितना चाहे उतना सोना आयात कर सकता है क्योंकि वह किसी भी देश की तुलना में दुनिया का सबसे बड़ा व्यापार अधिशेष रखता है। पिछले साल, चीन का व्यापारिक व्यापार अधिशेष लगभग 823.2 अरब डॉलर था। सोने के आयात का चीन के विदेशी व्यापार और उसकी घरेलू मुद्रा युआन की स्थिरता पर बहुत कम प्रभाव पड़ता है। चीन दुनिया का सबसे बड़ा सोना उत्पादक भी है। पिछले जुलाई तक, चीन ने 370मीट्रिक टन सोने का उत्पादन किया, उसके बाद ऑस्ट्रेलिया ने 310 मीट्रिक टन और रूस ने 310मीट्रिक टन उत्पादित किया। 2023 में भारत ने केवल 780 किलोग्राम सोने का उत्पादन किया। भारत की आर्थिक वृद्धि में सोने की बहुत कम भूमिका है। हांगकांग सहित पीपुल्स रिपब्लिक ऑफचाइना दुनिया का सबसे बड़ा सोना आयातक है।**

2023 में भारत ने केवल 780 किलोग्राम सोने का उत्पादन किया। भारत की आर्थिक वृद्धि में सोने की बहुत कम भूमिका है। हांगकांग सहित पीपुल्स रिपब्लिक ऑफचाइना दुनिया का सबसे बड़ा सोना आयातक है। स्टैटिस्टा के अनुसार, 2023 में चीन की प्रति व्यक्ति जीडीपी लगभग 12,514 डॉलर थी। विश्व बैंक ने 2023 में चीन की प्रति व्यक्ति जीडीपी12,174 डॉलर दर्ज की है, जो दुनिया के औसत का 96प्रतिशत है। ट्रेडिंग इकानॉमिक्स के अनुसार, 2023 में भारत का प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) 2,239.25 डॉलर था, जो दुनिया के औसत का 18प्रतिशत है। यह भारत द्वारा दर्ज की गयी अब तक की सबसे अधिक प्रति व्यक्ति जीडीपी है। यह कुछ हद तक हैरान करने वाला है कि इतनी बड़ी मात्रा में सोने का आयात भारत के लिए इतना महत्वपूर्ण क्यों है और किसके लाभ के लिए है। देश के अमीरों और उच्च मध्यम वर्ग के लाभ के लिए भारत में कम शुल्क वाले सोने के आयात के पक्ष में तर्क देने के लिए बहुत कम मान्य सामग्री है। वे मुद्रास्फीति, नकारात्मक व्यापार संतुलन और बढ़ती सरकारी उधारी के सामने घरेलू मुद्रा, रुपये के घटते मूल्य के सामने अपनी संपत्ति के मूल्य की आंशिक रूप से रक्षा करने के लिए लगातार सोना खरीदते हैं। 2023-24 की अंतिम तिमाही में भारत की कुल 136.6 टन सोने की मांग में आभूषणों का हिस्सा 95.5 टन था, जो पिछले वर्ष की तुलना में चार प्रतिशत की वृद्धि थी। मई 2024 में, शादी के आभूषणों का भारतीय आभूषण बाजार में 60 प्रतिशत हिस्सा था, जबकि दैनिक पहनने वाले आभूषणों का हिस्सा 30 प्रतिशत ही था। दिलचस्प बात यह है कि चालू वित्त वर्ष के राष्ट्रीय बजट में सस्ते सोने के आयात पर मुख्य ध्यान दिया गया था। ऐसा लगता है कि इससे स्थानीय सोने के व्यापारियों को सोने के आभूषण उपभोक्ताओं की तुलना में अधिक लाभ हुआ है, जिनके लिए बजट में आयात शुल्क में कमी का दावा किया गया था।इतना ही नहीं, व्यापारियों ने इसका लाभ उपभोक्ताओं को नहीं दिया, बल्कि पिछले सप्ताह के मध्य में 22कैरट आभूषण ग्रेड सोने की कीमत 800 रुपये की तेज उछाल के साथ 64,000 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गयी। 24 कैरेट सोने की कीमत 870 रुपये बढ़कर 69,820 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गयी। व्यापारियों ने भू-राजनीतिक तनाव के कारण सोने की कीमतों में उछाल का बचाव किया, मानो वे तनाव थे ही नहीं या तीन सप्ताह से भी कम समय पहले भारत सरकार के वार्षिक बजट तैयारी सत्र के दौरान कमजोर रहे। इस व्यापार को ज्यादातर मुंबई और अहमदाबाद स्थित गुजराती व्यापारियों द्वारा नियंत्रित किया जाता है। ठीक दो साल पहले, प्रधानमंत्री ने अहमदाबाद में गुजरात इंटरनेशनल फाइनेंस टेक-सिटी (गिफ्टेक) में स्थित देश का पहला अंतरराष्ट्रीय बुलियन एक्सचेंज (आईआईबीएक्स) लॉन्च किया था। सोने की बढ़ती घरेलू कीमतों का देश के बढ़ते सोने के आयात और खपत पर कोई असर पड़ने की संभावना नहीं है, हालांकि सरकार जानबूझ कर आयात कर में भारी कटौती से राजस्व का एक अच्छा हिस्सा खो देगी। देश के अमीर बुलियन व्यापारियों के अलावा, सोने और गोल्ड डोरे के लिए आयात शुल्क में भारी कटौती का सबसे ज्यादा स्वागत प्रमुख सोने के निर्यातक देशों ने किया है।

भारत में स्विट्जरलैंड, यूके और यूएई सहित कुछ अन्य देशों से सोने के आयात पर कर की दर घटा दी गयी है और होल्डिंग अवधि को 36 महीने से घटाकर 24 महीने कर दिया गया है। इंडेक्सेशन के साथ लॉन्गटर्म कैपिटल गेन की दर को 20 प्रतिशत से घटाकर इंडेक्सेशन के बिना 12.5 प्रतिशत कर दिया गया है।

## विचार

# वक्फबोर्ड सरकार की मंशा पर सवाल

संसद के जारी मानसून सत्र में केन्द्र सरकार ने वक्फबोर्ड कानूनों में संशोधन करने के उद्देश्य से गुरुवार को विधेयक पेश किया जिसका विपक्ष ने जबर्दस्त विरोध किया। इसके साथ ही सरकार में सहयोगी दल टीडीपी का रवैया भी खुलकर समर्थन देने वाला नहीं रहा। बल्कि टीडीपी सांसद जीएम हरीश बालयोगी ने विधेयक के लिए अपनी पार्टी का सशर्त समर्थन करते हुए कहा कि अगर वक्फसंशोधन विधेयक को आगे की जांच के लिए संसदीय समिति को भेजा जाता है तो वे इसका विरोध नहीं करेंगे। टीडीपी के इस हस्तक्षेप और इंडिया ब्लॉक के कड़े विरोध के बाद इस विधेयक को संसदीय समिति को भेजने का फैसला लिया गया। यह एक तरह से संसद में मोदी सरकार के लिए बड़ा झटका है। सरकार का कहना है कि संशोधन कानून के जरिये वक्फबोर्ड को मिले असीमित अधिकारों को नियंत्रित किया जायेगा, उसके कामकाज को पारदर्शी बनाया जायेगा और उसमें सभी वर्गों, खासकर महिलाओं एवं कमजोर वर्ग के मुसलमानों की भागीदारी बढ़ाई जायेगी। दूसरी तरफ विपक्षी दलों का मानना है कि इसके पीछे सरकार की मंशा साम्प्रदायिक ध्रुवीकरण करने की है और वक्फबोर्ड की जमीनों को हथियाना है। इस पर




चर्चा जारी है लेकिन यदि संख्या बल के आधार पर सरकार इसे पास कराने में कामयाब होती है तो यह अल्पसंख्यकों में असंतोष और निराशा का एक और कारण बनेगा। मूलतः 1955 में लागू किये गये और साल 2013 में संशोधन के साथ जारी बोर्ड कानून में फिर से बदलाव के अनेक प्रस्ताव हैं।

बेहतर कामकाज और संचालन के नाम से 44 संशोधन लाए जाने की सरकार की तैयारी है। सरकार के मुताबिक इस संशोधन द्वारा केंद्रीय पोर्टल और डेटाबेस के जरिये वक्फ के पंजीकरण को व्यवस्थित करना है। इसमें प्रस्ताव है कि किसी भी संपत्ति को वक्फसंपत्ति के रूप में दर्ज करने से पहले सभी संबंधितों को नोटिस देना होगा और इसमें राजस्व कानूनों के अनुसार कार्रवाई होगी। सरकार का तो कहना है कि संशोधन विधेयक का उद्देश्य बोर्डों के कामकाज में जवाबदेही और पारदर्शिता लाना तथा महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित

**बेहतर कामकाज और संचालन के नाम से 44 संशोधन लाए जाने की सरकार की तैयारी है। सरकार के मुताबिक इस संशोधन द्वारा केंद्रीय पोर्टल और डेटाबेस के जरिये वक्फके पंजीकरण को व्यवस्थित करना है। इसमें प्रस्ताव है कि किसी भी संपत्ति को वक्फसंपत्ति के रूप में दर्ज करने से पहले सभी संबंधितों को नोटिस देना होगा और इसमें राजस्व कानूनों के अनुसार कार्रवाई होगी। सरकार का तो कहना है कि संशोधन विधेयक का उद्देश्य बोर्डों के कामकाज में जवाबदेही और पारदर्शिता लाना तथा महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करना है।**

करना है। सरकार का दावा है कि यह संशोधन मुस्लिम समुदाय की मांग पर किया जा रहा है। जबकि विरोधी दल मानते हैं कि रजिस्ट्रेशन की नयी प्रणाली बोर्डों को परेशान करेगी एवं उनमें शासकीय दखलंदाजी बढ़ाएगी। उनकी शक्तियों में कटौती होगी जो धार्मिक कामकाज में सरकार के हस्तक्षेप जैसा होगा। वक्फबोर्ड कानून 2013 के संशोधन में वक्फबोर्डों को व्यापक शक्तियां देता है। इसलिये भाजपा को इससे तकलीफ है। वक्फ अधिनियम, 1995 (2013 में संशोधित) की धारा 3 के तहत श्वकीफश् (जो मुस्लिम कानून द्वारा धार्मिक या धर्मार्थ के रूप में मान्यता प्राप्त किसी भी उद्देश्य के लिए संपत्ति समर्पित करता है) द्वारा औकाफ(दान की गई और वक्फ के रूप में अधिसूचित संपत्ति) को नियमित करने के लिए बना था। 1954 का अधिनियम पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के नेतृत्व वाली सरकार के दौरान वक्फके कामकाज हेतु प्रशासनिक संरचना देने के उद्देश्य से बना था। तब वक्फबोर्डों के पास शक्तियां थीं, जिनमें ट्रस्टियों और मुतवल्लियों (प्रबंधकों) की भूमिकाएं भी शामिल थीं।

अल्पसंख्यकों के अधिकारों एवं उनकी धार्मिक आजादी में कटौती करने वाले वक्फबोर्ड कानून संशोधन का स्वाभाविकतरू कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहाद मुस्लिमीन आदि की तरफ से संसद में विरोध किया गया। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने एक्स पर कहा है कि- श्वक्फबोर्ड में संशोधन एक बहाना है। रक्षा, रेलवे, राजस्व भूमि की तरह उसकी जमीनें बेचना निशाना है। वक्फ बोर्ड की जमीनें भाजपाइयों के लाभार्थ योजना की श्रृंखला की कड़ी मात्र है। अखिलेश ने कहा कि इस बात की लिखकर गारंटी दी जाए कि वक्फ बोर्ड की जमीनें बेची नहीं जाएंगी। एआईएमआईएम के अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी ने हालिया कहा था कि मोदी सरकार बोर्ड की स्वायत्तता छीनना और उसके कामों में हस्तक्षेप करना चाहती है जो धार्मिक स्वतंत्रता के खिलाफहै। उनका तो आरोप रहा है कि भाजपा बोर्डों और वक्फ संपत्तियों के खिलाफ रही है। लोकसभा में भी उन्होंने इन शंकाओं को दोहराया। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार हिंदुत्व के एजेंडे पर काम कर रही है। संरचना में संशोधन से प्रशासनिक अराजकता और बोर्ड की स्वायत्तता खत्म होगी। इस पर सरकार का नियंत्रण हो जायेगा। लोकसभा में भी इसका विरोध करते हुए उन्होंने कहा कि ऐसा कोई प्रावधान हिंदू एंडोमेंट या सिख गुरुद्वारा प्रबंधन कमेटी के लिए नहीं है। वक्फ की सम्पत्तियां सार्वजनिक प्रॉपर्टी नहीं हैं। उन्होंने यह भी पूछा कि क्या सरकार दरगाह और वक्फजैसी परिसम्पत्तियां हथियाना चाहती है?

प्रस्तुत विधेयक को संविधान पर हमला बतलाते हुए कांग्रेस के सांसद केसी वेणुगोपाल ने कहा कि इस विधेयक के माध्यम से सरकार यह प्रावधान कर रही है कि गैर-मुस्लिम भी वक्फ बोर्ड के सदस्य होंगे जो धार्मिक स्वतंत्रता पर सीधा हमला है। उनके अनुसार इसके बाद ईसाइयों और फिर जैनियों का नंबर आएगा।

# चमकदार कांस्य पदक

पेरिस ओलंपिक में विनेश फोगाट के साथ हुए अप्रिय घटनाक्रम से आहत भारतीयों के टूटे दिलों पर हॉकी टीम ने कांस्य पदक जीतकर मरहम ही लगाई है। हॉकी टीम ने स्पेन को 2-1 से हराकर कांस्य पदक देश के नाम किया। टीम ने लगातार दूसरे ओलंपिक में भी हॉकी का कांस्य पदक भारत की झोली में डाला। टीम की दृढ़ता व टीम भावना के चलते यह कामयाबी मिली है। अपने इस परंपरागत खेल से भारतीयों का भावनात्मक लगाव सदैव रहा है, जिसको भारतीय टीम ने संबल ही दिया। निस्संदेह, इससे हॉकी की लोकप्रियता को बढ़ावा मिलेगा। उल्लेखनीय है कि भारतीय टीम ने मजबूत टीमों को हराकर सेमीफाइनल में जगह बनायी थी। हालांकि, वह अपने एक मजबूत खिलाड़ी की अनुपस्थिति में सेमीफाइनल में जर्मनी से हार गई थी। लेकिन कांस्य पदक जीतने के बाद हॉकी टीम से खेल प्रेमियों ने कहा कि यह उपलब्धि सोने की चमक से कम नहीं है। हालांकि एक समय था कि अंतिम मुकाबले में स्पेन एक शून्य की बढ़त लिए हुए था, लेकिन भारतीय टीम ने न केवल खेल में वापसी की बल्कि स्पेन को 2-1 से हराया भी। उल्लेखनीय है कि भारतीय हॉकी टीम ने टोक्यो ओलंपिक में भी कांस्य पदक जीता था। पेरिस ओलंपिक के अंतिम मुकाबले में कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने कप्तान वाली पारी खेली। उन्होंने पेनल्टी कॉर्नर से गोल करके पहले स्कोर बराबर किया और फिर दूसरे गोल से प्रतिपक्षी टीम पर अजेय बढ़त ले ली। जर्मनी से हुए मुकाबले में जिस फर्स्ट रशर अमित रोहिदास की कमी खली थी, अंतिम मुकाबले में उन्होंने अपनी सार्थक उपस्थिति दर्ज की। उल्लेखनीय है कि ग्रेट ब्रिटेन के खिलाफ रोहिदास को रेड कार्ड मिला था। जिसके चलते उन पर एक मैच खेलने का प्रतिबंध लगा था। यही वजह कि जर्मनी के मुकाबले में उनकी कमी टीम को खली थी।

कालांतर में भारत ने जर्मनी के खिलाफ मैच 3-2 से गंवाया था। बहरहाल, पेरिस ओलंपिक के विभिन्न मुकाबलों में सशक्त नजर आ रही टीम जर्मनी के साथ सेमीफाइनल में मिली शिकस्त के बाद स्वर्णिम सफलता से वंचित हो गई। हालांकि, ओलंपिक में तेरह पदक जीतने वाली भारतीय हॉकी टीम का अतीत शानदार रहा है। खासकर हिटलर की उपस्थिति वाले बर्लिन ओलंपिक में मेजर ध्यानचंद के खेल और स्वर्ण पदक की चर्चा गाहे-बगाहे होती रहती है। ओलंपिक के इतिहास में भारत ने आठ स्वर्ण, एक रजत और चार कांस्य पदक जीते हैं। हालांकि, वर्ष 1980 के मास्को ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतने के बाद फिर टीम सुनहरी सफलता से वंचित रही। उसके बाद तो पदकों का सूखा 41 साल बाद टोक्यो ओलंपिक में मिले कांस्य पदक से टूटा। हालांकि, भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने 52 साल बाद लगातार दो ओलंपिक में पदक जीतने का गौरव हासिल किया है। यद्यपि पेरिस ओलंपिक में मजबूत मानी जा रही टीम टोक्यो ओलंपिक के पदक का रंग नहीं बदल सकी, लेकिन उसकी कामयाबी से परंपरागत भारतीय खेल की प्रतिष्ठा फिर स्थापित हुई। बहरहाल, इस बार ग्रुप स्टेज में मजबूत टीमों की उपस्थिति के बावजूद टीम का प्रदर्शन तीसरे स्थान के मुकाबले तक शानदार ही रहा। फर्क इतना ही रहा कि जहां टोक्यो मुकाबले में भारतीय टीम ने जर्मनी को हराकर कांस्य पदक जीता था, वहीं इस बार जर्मनी से हारकर वह स्वर्ण पदक से दूर हो गई। इस ओलंपिक में आस्ट्रेलिया-ब्रिटेन को हराना उसकी बड़ी उपलब्धि भी रही। विश्वास किया जाना चाहिए कि 1928 में पहली बार ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतकर भारतीय हॉकी टीम ने जो स्वर्णिम उपलब्धियां हासिल की, निकट भविष्य में वह उसे जरूर दोहरायेगी। फिर कोई ध्यान चंद जैसा दिग्गज भारतीय टीम को मिलेगा। वहीं दूसरी ओर पेरिस ओलंपिक को प्रतिद्वंद्वी टीम के खिलाफ गोल पोस्ट में चट्टान की तरह खड़े रहने वाले सफल गोलकीपर पी.आर. श्रीजेश की विदाई के रूप में भी याद किया जाएगा। अंतिम मुकाबले में टीम को जीत दिलाने में बड़ी भूमिका निभाने वाले श्रीजेश ने वही जुनून और जज्बा दिखाया, जो कोई खिलाड़ी अपने पहले मैच में दिखाता है।



# राशिफल

**मेषः-** अवरोधित कार्य हल होंगे। योजनाओं के फलीभूत होने से मन प्रसन्न होगा। विद्यार्थियों के लिए ग्रहों की अनुकूलता लाभप्रद होगी। जरूरी कायरे में आलस्य न करें।

**वृषभः-** परिश्रम का समुचित लाभ प्राप्त होगा। पारिवारिक वातावरण सुखद व उत्साहपूर्ण होगा। महत्वपूर्ण योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु प्रयत्न तीव्र होगा। आर्थिक क्षेत्र में लाभ के अवसर मिलेंगे।

**मिथुनः-** मन सुंदर कल्पनाओं से प्रभावित होगा। नये संबंधों के प्रति निकटता बढ़ेगी। उपस्थित साधनों में संतुष्ट व तृप्त रहने का प्रयत्न करें। रोजगार में अपनी क्षमताओं का भरपूर लाभ उठाएंगे।

**कर्कः-** बीती बातों को भूलने की कोशिश करें। रोजगार में लाभ के अच्छे अवसर मिलेंगे। भौतिक इच्छाएं बलवती होंगी। अभिभावकों के भावनात्मक सहयोग से उत्साह बढ़ेगा।

**सिंहः-** नौकरी का वातावरण सुखद होगा। भावनात्मक समस्याओं पर सगे-संबंधियों के बीच खुलकर बात करें। कुछ नये उत्साह व क्षमता की अनुभूति करेंगे। रोजगार क्षेत्र में लाभकारी स्थिति मन को प्रसन्न रखेगी।

**कन्याः-** महत्वाकांक्षाएं मन पर प्रभावी होंगी। घरेलू कायरें में अत्याधिक व्यय का योग है। कार्यक्षेत्र में व्यस्तता बढ़ेगी। परिवार में सुखद स्थिति प्रसन्नता लाएगी। जीवन साथी के साथ मधुरता कायम रखें।

**तुलाः-** किसी नये कार्य की ओर आपका रुझान बढ़ेगा। किसी महत्वपूर्ण फैसले के लिए मन केंद्रित होगा। नवीन योजनाओं द्वारा प्रगति के आसार बनेंगे। महत्वपूर्ण योजनाओं की पूर्ति हेतु तत्पर होंगे।

**वृश्चिकः-**महत्वपूर्ण कार्य को कल पर न टालें। नकारात्मक चिंताओं का त्याग करें। महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां अपनी पूर्ति हेतु मन पर दबाव बनाएंगी। भावावेष में किये गये कार्य से कष्ट संभव।

**धनुः-** सगे-संबंधों में कटु वचनों का प्रयोग न करें। माता के स्वास्थ के प्रति सचेत रहें। अच्छे कायरे द्वारा प्रशंसा के पात्र बनेंगे। राजनीति से जुड़े लोगों को ग्रहों की अनुकूलता का लाभ मिलेगा।

**मकरः-** विभागीय परिवर्तन से कुछ दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है। अपने अंदर धैर्य व वाणी में मधुरता लायें। कुछ नई अभिलाषाएं मन में जागृत होंगी। प्रियजनों का सानिध्य प्राप्त होगा।

**कुंभः-** राजनीति से जुड़े लोगों के लिए समय अनुकूल रहेगा। अच्छे कायरे के लिए प्रशंसनीय होंगे। शासन-सत्ता से लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। कोई महत्वपूर्ण निर्णय लेने में मन दुविधाग्रस्त होगा।

**मीनः-** निकट संबंधों में शंकाओं को न हावी होने दें। भौतिक आकांक्षाओं की पूर्ति होने के आसार बनेंगे। नौकरी का वातावरण सुखद होगा। संबंधों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी। परिवार में खुशहाली स्थिति रहेगी।

# संरक्षित जंगलों में असुरक्षित आदिवासी

राजकुमार सिन्हा

भारत में आदिवासियों, मूलनिवासियों का जंगलों से रिश्ता सहअस्तित्व के सिद्धांत पर आधारित है। ऐतिहासिक दृष्टि से वन एवं वनक्षेत्र आदिवासी जनजातियों का पारंपरिक निवास हुआ करता था, परन्तु जैव-विविधता एवं वन्यजीव संरक्षण के लिए आरक्षित क्षेत्र की परिकल्पना के साथ उन्हें पारंपरिक निवास स्थल से हटाने का काम वर्षों से चल रहा है। सन् 1865 के श्भारतीय वन अधिनियमश् के माध्यम से लाई गई औपनिवेशिक वन-नीति के कारण, वनक्षेत्र का बड्ा हिस्सा सरकार के आधीन आ गया, जिसके चलते लाखों वन-निवासियों के पारंपरिक दावे अवैध हो गए। स्वतंत्र भारत में भी आरक्षित क्षेत्र घोषित करने के लिए नियमों और प्रक्रियाओं की पूरी तरह से अनदेखी की गई। आरक्षित वन घोषित करने हेतु भारतीय वन अधिनियम- 1927 की धारा-4 से 20 तक की लम्बी प्रक्रियाओं से गुजरना होता है। सरकार अधिनियम के तहत एक प्रारम्भिक अधिसूचना जारी करती है कि अमुक भूमि को आरक्षित वन के रूप में घोषित किया जाना है और वन बंदोबस्त अधिकारी स्थानीय समुदाय के सभी अधिकारों को स्वीकार या अस्वीकार कर



**स्वतंत्र भारत में भी आरक्षित क्षेत्र घोषित करने के लिए नियमों और प्रक्रियाओं की पूरी तरह से अनदेखी की गई। आरक्षित वन घोषित करने हेतु भारतीय वन अधिनियम- 1927 की धारा-4 से 20 तक की लम्बी प्रक्रियाओं से गुजरना होता है। सरकार अधिनियम के तहत एक प्रारम्भिक अधिसूचना जारी करती है कि अमुक भूमि को आरक्षित वन के रूप में घोषित किया जाना है और वन बंदोबस्त अधिकारी स्थानीय समुदाय के सभी अधिकारों को स्वीकार या अस्वीकार कर उनका निपटान करता है। गांव के जंगल को भारतीय वन अधिनियम-1927 की धारा- 28 के तहत ग्रामवन कहा जाता है। जब सरकार किसी आरक्षित वन या किसी अन्य भूमि को ग्राम समुदाय के उपयोग के लिए आवंटित करती है तो उस भूमि को ग्रामवन भूमि के अन्तर्गत वर्गीकृत किया जाता है।**

उनका निपटान करता है। गांव के जंगल को भारतीय वन अधिनियम-1927 की धारा- 28 के तहत ग्रामवन कहा जाता है। जब सरकार किसी आरक्षित वन या किसी अन्य भूमि को ग्राम समुदाय के उपयोग के लिए आबंटित करती है तो उस भूमि को ग्रामवन भूमि के अन्तर्गत वर्गीकृत किया जाता है। ग्रामवन यानि राज्य सरकार द्वारा ग्रामीण समाज को विधिवत हस्तांतरित किया गया वन। कुछ मामलों में ग्रामवन और वनग्राम शब्द का परस्पर उपयोग किया जाता है, जबकि अधिनियम के तहत ग्रामवन एक कानूनी श्रेणी है, वनग्राम केवल एक प्रशासनिक श्रेणी है। वर्ष 2002 में वन एवं पर्यावरण मंत्रालय ने उच्चतम न्यायालय द्वारा गोदा बरमन विरुद्ध भारत सरकार के प्रकरण में 1996 में दिये गये फैसले की गलत व्याख्या की थी कि समयबद्ध तरीके से आरक्षित क्षेत्र के वनों से अतिक्रमणकारियों को बाहर निकाला जाए, जबकि उच्चतम न्यायालय ने अतिक्रमणकारियों को बाहर निकालने का आदेश नहीं दिया था। वन एवं पर्यावरण मंत्रालय लगभग 1.5 लाख हेक्टेयर वनभूमि से वन-निवासियों को बाहर करने की बात स्वीकार करता है। 2002 - 2006 से अब तक लगभग तीन लाख आदिवासी परिवारों को जंगल से निकालकर नये आरक्षित क्षेत्रों का गठन किया जा चुका है। केवल मध्यप्रदेश में ही अब तक 125 गांवों को जलाकर राख कर दिया गया है। पहले यह समझा जाता था कि वन संरक्षण के लिए वन-निवासियों को वन से बाहर करना आवश्यक है। पहली बार वनाधिकार कानून में पारिस्थितिकी तंत्र को बचाने के तरीके में बदलाव लाया गया। इस कानून की प्रस्तावना में स्पष्ट है कि वन-निवासी समुदाय न केवल वन-पारिस्थितिकी का हिस्सा हैं, बल्कि वनों के संरक्षण के लिए अनिवार्य हैं। श्वनाधिकार कानून की स्पष्ट मान्यता है कि जनजातीय समुदाय की खाद्य-सुरक्षा और आजीविका सुनिश्चित की जाए। कानून में आगे स्वीकार किया गया है कि पहले सरकार के विकास कार्यों के कारण जनजातीय लोगों एवं वन-निवासियों को अपनी पैतृक भूमि से जबरन विस्थापित होना पड़ा था। जनजातियों एवं वन-निवासियों के पट्टे तथा पहुंच के अधिकारों से जुड़ी असुरक्षा को ठीक करने की आवश्यकता है। वन्यजीव संरक्षण अधिनियम- 1972 की धारा-36(क) के तहत राज्य सरकार स्थानीय समुदाय से चर्चा के बाद अभयारण्य व राष्ट्रीय उद्यान के नजदीकी क्षेत्रों को संरक्षित या आरक्षित घोषित कर सकती है। वनाधिकार कानून की धारा-2(घ) में कहा गया है कि वनभूमि से किसी वनक्षेत्र के अन्तर्गत आने वाली किसी भी प्रकार की भूमि अभिप्रेत है और उसके अन्तर्गत अवर्गीकृत वन, असीमांकित वन या श्समझे गए वन, संरक्षित वन, आरक्षित वन, अभयारण्य और राष्ट्रीय उद्यान भी आते हैं। अर्थात इन सभी तरह के जंगलों में वन-निवासियों की पारंपरिक अधिकारों तक पहुंच सुनिश्चित होनी चाहिए। कर्नाटक का बीआरटी हिल्स अभयारण्य वन्यजीवों और मानवों के सहअस्तित्व का बढिया उदाहरण है। यहां तक कि सरकार ने भी यह माना है कि वन्यजीवों और मानवों का सहअस्तित्व संभव है। सन् 2016 में पारित प्रतिपूरक वनरोपण निधि (सीएएफ कैम्पा) में उल्लेख है कि वन-निवासियों की भूमि पर वृक्षारोपण से पहले उनसे परामर्श किया जाना चाहिए, परन्तु वन-विभाग वनों के प्रबंधन के लिए सामुदायिक सहमति में विश्वास नहीं रखता और आदिवासियों की खेती की जमीनों पर वनीकरण अभियान चलाता है। ये वो जमीनें हैं जहां का अधिकार पत्र या तो वन निवासियों को दे दिया गया है या उसके संबंध में अंतिम निर्णय का इंतजार है। जहां भी कैम्पा निधियों के वितरण में वृद्धि हुई है।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। आरएनआई न . UPHIN/2013/55887

# अमर शहीदों के परिजनों को किया सम्मानित

▸ काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी समारोह के अंतर्गत साइकिल यात्रा एवं शहीद स्मारक पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का हुआ आयोजन

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**

काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी समारोह के अंतर्गत सुबह 9:00 बजे अशोक चिन्ह चौराहे से साइकिल यात्रा का आयोजन किया गया, साइकिल यात्रा का शुभारंभ जिलाधिकारी मृदुल चौधरी द्वारा हरी झंडी दिखा कर किया गया। साइकिल यात्रा में विद्यार्थी इत्यादि पट्टियों में देशभक्ति पूर्ण नारे लिखकर एवं नारे लगाते चल रहे थे। साइकिल यात्रा शहीद राकेश चौरसिया के स्मारक पर पहुंची, जहां पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विधायक सदर राकेश गोस्वामी, जिला पंचायत अध्यक्ष जेपी अनुरागी, जिलाध्यक्ष भाजपा अवधेश गुप्ता सहित जिलाधिकारी मृदुल चौधरी, सी डी ओ चित्रसेन सिंह, एडीएम न्यायिक शिशिर सिंह ने अमर शहीद के स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की, इस मौके पर अमर शहीदों के परिजनों का सम्मान किया गया, सांस्कृतिक कार्यक्रम में जगप्रसाद तिवारी एवं हीरालाल साहू की टीम द्वारा देशभक्ति गायन किया गया। जिलाधिकारी मृदुल चौधरी द्वारा काकोरी ट्रेन एक्शन के बारे में विद्यार्थियों को विस्तार से जानकारी दी गई। इस अवसर पर एसडीएम जितेन्द्र कुमार युवा कल्याण अधिकारी विजेंद्र कुमार, सचिव जिला पर्यटन एवं संस्कृति परिषद डॉ चित्रगुप्त, जिला विद्यालय निरीक्षक इत्यादि अधिकारी एवं शिवप्रकाश गोस्वामी समाजसेवी मौजूद रहे। इस दौरान अवगत कराया गया कि काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी समारोह के अन्तर्गत वर्ष पर्यन्त कार्यक्रम किया जायेगा।



## पचपहरा में की गई शहीद स्मृति वाटिका की स्थापना



काकोरी ट्रेन ऐक्शन शताब्दी समारोह के अवसर पर शहीद जगदीश प्रसाद यादव, शहीद स्मारक ग्राम पचपहरा में शहीद स्मृति वाटिका की स्थापना की गयी है, जिसमें ग्राम प्रधान पचपहरा उर्मिला वर्मा के द्वारा शहीदों की स्मृति में अमरूद, आंवला, शीशम, जामुन, इमली, सागौन, नीबू, नीम के वृक्षों का रोपण किया। साथ ही जू0हाई स्कूलों के बच्चों को पौधों का वितरण किया गया है। इस अवसर शहीद श्री जगदीश प्रसाद यादव के परिजनों के द्वारा भी रोपण किया गया और उनके द्वारा पौध वितरण कर अधिक से अधिक वृक्षों के लगाने की अपील की गयी है, जिससे पर्यावरण संतुलित रह सके। कार्यक्रम के दौरान डा0 नरेन्द्र सिंह, प्रभागीय वनाधिकारी महोबा सुरेशचन्द्र, प्रधानाचार्य जू0हाई स्कूल, पचपहरा क्षेत्रीय वन अधिकारी, महोबा सहित वन परिवार उपस्थित रहा। इसी क्रम में चरखारी रेंज में बाबू रामेश्वर सिंह इण्टर कॉलेज, खरेला तथा पनवाड़ी रेंज में आदर्श हाई स्कूल, पहाड़िया में श्रीमती अंजना अनुरागी ब्लाक प्रमुख, पनवाड़ी एवं शहीदों के परिजनों के परिजनों द्वारा आम, पीपल, शमी, नीम, अशोक, जामुन इत्यादि पाधों का रोपण किया गया। कार्यक्रम के दौरान क्षेत्रीय वन अधिकारी, पनवाड़ी विनोद कुमार द्वारा शहीदों के परिजनों का सम्मापित किया गया। जैतपुर रेंज में ग्राम पंचायत, बुधवारा के खेल परिसर श्रीमती गीतांजली, ग्राम प्रधान, बुधवारा के द्वारा अमरूद, आंवला, शीशम, छितवन, जामुन, नीम, पीपल, चकरेसिया आदि पौधों का रोपण कर काकोरी ट्रेन ऐक्शन शताब्दी समारोह मनाया गया।

## शिरडी साई बाबा स्कूल निस्वारा में मनाया गया काकोरी एक्शन शताब्दी समारोह



**पनवाड़ी।** शिरडी साई बाबा स्कूल निस्वारा में आज नौ अगस्त को शहीद दिवस के तौर पर काकोरी एक्शन शताब्दी समारोह का आयोजन किया गया गौरतलब हो कि भारत सरकार के निर्देशन में यह आजादी के लिए लड़ने बाले क्रांतिकारियों को याद करने हेतुयह कार्यक्रम तय किये गए इसीपरिपेक्ष्य में जिला विद्यालय निरीक्षक के आदेश अनुसार सुबह स्टूडेंट्स के साथ प्रभात फेरी निकाली गई जिसमे छात्र छात्राओं ने अमर शहीदों की याद में नारे लगाए और राष्ट्र गान की धुन में अमर शहीदों को याद किया बाद में एक सभा का आयोजन किया गया जिसमें स्कूल के शिक्षकों ने उनको काकोरी के इतिहास परप्रकाश डाला उपेन्द्र द्विवेदी इंचार्ज ने उक्त घटना पर कहा कि सन उन्नीस सौ पच्छिस में आजादी के दीवानों ने धन संघरह के लिए यह उक्त कदम उठाया था अंग्रेजो ने इस पर राम प्रसाद विस्मिल चन्द्र शेखर आजाद असफाक उल्ला आदि क्रांतिकारियों ने बहुत यातनाएं झेली कुछ क्रांतिकारियों को उन्नीस सौ सत्ताईस में फंसी की सजा भी झेलनी पड़ी इसी के परिपेक्ष्य में हम सब यह दिवस मना रहे हैं उक्त अवसर पर समस्त छात्र छात्राएं एवम टीचर्स नितिन विष्वकर्मा, राम सिंह रामप्रकाश विष्वकर्मा, प्रदीप खेमचंद्र स क्रांति शिल्पी रश्मि स्वाति सोनम प्रियंका कौशल्या प्रीति आदि मौजूद रही।

## स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिजन सम्मानित



**पनवाड़ी।** खंड परिसर पनवाड़ी में मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख श्रीमती अंजना अनुरागी जी एवं इं श्रीप्रकाश अनुरागी जी, खंड विकास अधिकारी श्री संतराम, ब्लॉक स्टाफ की गरिमामई उपस्थिति में देश के स्वतंत्रता आंदोलन के अंतर्गत 9 अगस्त 1925 को हुए देश के काकोरी स्टेशन एक्शन की 100 वीं वर्षगांठ के सुवसर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्तंभ पर माल्यार्पण, पुष्पांजलि कर सभी को संबोधित कर देश के अमर शहीदों को नमन किया। ब्लॉक प्रमुख जी द्वारा पहाड़िया ग्राम के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिजनों को अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया द्यउक्त अवसर पर शहीदों पर प्रकाश डालते हुए इंजीनिरिंग श्री प्रकाश अनुरागी ने कहा देश के प्रति अपना सब कुछ न्यौछावर करने बाले क्रांतिकारियों ने काकोरी को अंजाम दिया था उनके इरादे नेक थे उन्होंने आजादी की लड़ाई के लिए धन की परम आवश्कता थी बाबजूद इसके उन्हें दमन करी अंग्रेजो ने दो साल बाद फांसी की सजा सुनाई अतः भारत सरकार द्वारा पूरे देश में शहीदों को याद करने के लिए यह कार्यक्रम तय किये गए।

# टीएसी टीम की जांच आखिरी पड़ाव पर इसके बाद होगी अभिलेखों की जांच

▸ कुछ न कुछ कमियां मिलने से अफसरों की सांसे थमी, टीम पानी भरे तालाबों की कर रही है जांच

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।**

शासन के निर्देशानुसार जिले में भूमि संरक्षण विभाग का पांच साल का पुर्व कराये गये कार्यों की जांच करने आयी टीएसी टीम ने दो दिन बाद जांच पूरी हो जायेगी। इसके बाद विभाग के अभिलेखों की जांच की जायेगी। टीम को हरेक ब्लाक में कई कमिया मिली है। जिसका खुलासा करने से इंकार कर दिया है।

जानकारी के मुताबिक पांच दिन पहले लखनऊ से आई टीएसी टीम ने जिले के सातो ब्लाको के विभाग के काम खेत तालाब योजना, केएसवाई, नमसा, बंधी बांध आदि कार्यो की बारीकी से जांच कर रही है। मामले की शिकायत शासन से राज्य सभा सांसद बाबूराम निषाद ने की थी। टीम में छह सदस्य जांच कर रहे है विभाग में तीन इकाईया हर एक इकाई में दो दो सदस्य गांवों में जाकर जांच कर रहे है। हालाकि बरसात में टीम को आने जाने में काफी समस्या का सामना करना पड़ रहा है। मगर खेतो में ग्रामीणों की मदद से फीता से तालाबों का मेजरमेंट कर रहे है। बंधी कब बनी थी कितनी घनमीटर मिट्टी पड़ी थी साथ में लिये अभिलेखों से देख कर नाप जोख कर रहे है। टीम के सदस्यों का मानना है कि जांच में कुछ न कुछ कमिया तो पायी जाती है जैसे पुराने तालाबों की कटान हो गयी है। कुछ कार्य चटक गये है। टीम ने मौदाहा ,कुरारा सुमेरपुर ब्लाक का बारीकी से निरीक्षण किया है। डीडी टीएसी आरके सिंह का मानना है कि जिले में सबसे ज्यादा किन बिंदुओ पर शिकायते की गयी है उन विंदुओ पर बारीकी से जांच की जा रही है। दो दिन में स्थलीय जांच हो जाने के बाद इसके बाद अभिलेखों की जांच होगी। जिसमे काफी दिन समय लगेगा। इधरटीम का कहना है कि उनके आने के पहले जिलाधिकारी द्वारा जांच करा ली गयी थी। मगर जो विंदु छूट गये थे उनको बारीकी से देखा जा रहा है। टीम का मानना है कि राठ इकाई में इसके पहले तत्कालीन बीएसए ने तालाबों में काफी मेहनत करके काम कराया है। जांच में अफसरों के सासे ऊपर नीचे हो रही है ।

## तीन के खिलाफ दलित उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज

**मौदहा।** हमीरपुर। कपसा मार्ग स्थित शमशान के निकट मुंडन करते समय वहां से हटाने को लेकर किए गए गाली गलौज और अभद्रता को लेकर दलित सुखराम की शिकायत पर पुलिस ने तीन लोगों पर दलित उत्पीड़न के विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। सुखराम पुत्र मैया दीन ने पुलिस को बताया कि उसका भतीजा उमाशंकर ट्रेन से कटकर आत्महत्या कर ली थी उसके दाह संस्कार के बाद कल 8 अगस्त को मरघट के निकट ही कपसा मार्ग में मुंडन कार्यक्रम कर रहे थे तभी इसी मोहल्ले के इदरीस, महजबी गुड्डो ने मुंडन कार्यक्रम करने से रोकते हुए जाति सूचक शब्दों का इस्तेमाल किया और जान से मारने की धमकी दी। इसी घटना को लेकर अपर पुलिस अधीक्षक मायाराम वर्मा ने मौके पर जाकर जांच पड़ताल की और कोतवाली पुलिस को मुकदमा पंजीकरण करने के निर्देश दिए जिसके साथ कोतवाली पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर दलित उत्पीड़न की बदली हुई कई विविध धाराओं में यह मामला दर्ज किया है।



## पठान बाबा के उर्स के मौके पर आयोजित हुआ दंगलए पहलवानों ने दिखाएं दांव पेंच

**मौदहा हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।** नगर मे हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी नाग पंचमी के दिन मनाएं जाने वाले हज़रत पठान बाबा के उर्स के मौके पर दंगल का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्रिय पहलवानों ने अपने दम.ख़म के साथ दांव पेंच दिखाई। नगर के मोहल्ला हैदरगंज रहमानिया कालेज के पिछे स्थित हज़रत पठान शाह बाबा का एक दिवसीय सालाना उर्स एवं दंगल शनिवार को धूमधाम से मनाया गया। जिसमें दोपहर जुमा बाद हज़रत पीर सुर्खुरू बाबा के आस्ताने से गाजें बाजे के साथ चादर निकाली गई जो मोहाल भ्रमण के बाद बाबा के आस्ताने में पेश की गई। जिसके बाद दंगल का कार्यक्रम शुरू हुआए जहां दूर दराज से आए क्षेत्रिय पहलवानों ने अखाड़े में दांव पेंच दिखाते हुए अपने प्रतिदंदी को चित कर दिया। वहीं दंगल में उपस्थित हजारों की संख्या में खेल प्रेमी पहलवानों का हौसला बढ़ाते हुए तालियां बजाते नजर आए। जिसमें विजेता एवं उपविजेता दोनों पहलवानों को नकद पुरस्कार सहित मिष्ठान देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान दंगल में रेफ्री की भूमिका इद्दू पहलवान एवं जावेद पहलवान ने निभाई व संचालन भैय्या जानी ने किया।

## खबरें एक नजर में

### अधिवक्ता के घर से चोरों ने पार किया हजारों का सामान

**घाटमपुर, समृद्धि न्यूज़।** कोतवाली क्षेत्र के गाव पलटुपुर मे चोर खिडकी तोड कर सरिया और लाही, चना उठा ले गये, घटना की सूचना अधिवक्ता ने कोतवाली में दर्ज कराई है, गाव निवासी अधिवक्ता शेखर सिंह पुत्र देवनरायण सिंह ने तहरीर देकर बताया कि मकान में निर्मण कार्य के लिए सरिया रखी थी जिसे चोर खिडकी तोड कर उठा ले गये, चोर घर में रखी लाही –चना करीब तीन कुंटल भी उठा ले गये।

### सड़क किनारे शव बरामद, हड़कंप

**घाटमपुर, समृद्धि न्यूज।** कानपुर सागर हाईवे पर स्थित अनूपुर मोड मैं सड़क किनारे के एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिला है शव पड़े होने की सूचना पाकर सजेती थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शो को कब्जे में लेकर उसकी समाप्त करने का प्रयास किया लेकिन देर शाम तक शव की पहचान नहीं हो सकी पुलिस का अनुमान है कि किसी अज्ञात वाहन की टक्कर से हादसा हुआ लगता है।

### एंबुलेंस के चालक व ईएमटी के साथ दबंगों ने की मारपीट

**घाटमपुर समृद्धि न्यूज।** गुरुवार दोपहर बाद थाना सजेती क्षेत्र के गांव माधुरी में दमणगों ने एंबुलेंस चालक हुआ उसके साथी ईएमटी के साथ दमणगों ने मारपीट की और एंबुलेंस का शीशा तोड़ डाला मामले की रिपोर्ट थाना सजेती में एंबुलेंस चालक ने दर्ज कराई है एंबुलेंस चालक फूल सिंह ने तहरीर देकर पुलिस को बताया कि वह सरकारी एंबुलेंस का चालक है गुरुवार दोपहर बाद केश अटेंड कर उसे गाव छोडने गया था, केश छोड कर लौटाते समय मदुरी गाव में वही के रहने वाले अभिमन्यु व राघव नमक दो युगों उसके साथ मारपीट की तथा एंबुलेंस का शीशा तोड दिया, थाना प्रभारी सजेती ने बताया कि तहरीर के आधार पर अभियोग पंजीकृत कर मामले की जांच की जा रही है।

### कन्या प्राथमिक विद्यालय सिजहरी में योग शिविर आयोजित



**महोबा, समृद्धि न्यूज।** राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय सिजहरी में तैनात योग प्रशिक्षक सचिन गुप्ता, योग प्रशिक्षक (महिला) सुनीता कुशवाहा एवं योग सहायक गिरीश कुमारी द्वारा कन्या प्राथमिक विद्यालय सिजहरी में योग शिविर आयोजित किया गया । जिसमें विद्यालय के बच्चों को विभिन्न प्रकार की यौगिक क्रियाओं से परिचित कराया। योग कक्षा की शुरुआत ओंकार एवं प्रार्थना से कराई गई, इसके बाद विद्यालय के बच्चों को सर्वांगीण विकास के लिए कई प्रकार के सूक्ष्म अभ्यास, आसन, प्राणायाम आदि का अभ्यास भी कराया गया। योगाभ्यास के क्रम में ताड़ासन, तिर्यक ताड़ासन, वृक्षासन, अर्धचक्रासन, त्रिकोणासन, पादहस्तासन, नौका संचालन, चक्कीचालन, गौमुखासन, मंडूकासन, उष्ट्रासन, भुजंगासन, बालासन, मकरासन, धनुरासन, सेतुबंधासन, उत्तानपादासन, हलासन आदि आसनों के साथ – साथ कपालभाति, अनुलोम – विलोम प्राणायाम, उज्जायी प्राणायाम,भ्रामरी प्राणायाम, ध्यान आदि की क्रियाविधि एवं उनसे होने वाले लाभ के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। योग शिविर में प्रधानाध्यापक लाल मुहम्मद, सहायक अध्यापक रचना सिंह परिहार, सहायक अध्यापक किरन देवी, सहायक अध्यापक विनीता देवी उपस्थित रहे।

### रामरतन भुवनेश कुमार पब्लिक स्कूल कुलपहाड़ में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**महोबा, समृद्धि न्यूज।** भारत सरकार द्वारा निर्गत कार्यक्रम संकल्प HEW के अंतर्गत दिनांक 21 जून से 4 अक्टूबर 2024 तक 100 दिन का विशेष जागरूकता अभियान कार्यक्रम निर्धारित किया गया है जिला प्रोबेशन अधिकारी आर बी वर्मा के दिशा निर्देशानुसार आज रामरतन भुवनेश कुमार पब्लिक स्कूल कुलपहाड़ में जागरूकता कार्यक्रम किया गया। जिसमें चाइल्डहेल्प लाइन 1098 से परामर्शदाता श्रीमती सीमा यादव और वन स्टाफ सेंटर से स्टाफ नर्स श्रीमती आशा द्वारा महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित योजना के बारे में जानकारी दी गई बाल सेवा योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, स्पॉन्सरशिप योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया गया हेल्पलाइन नंबर 112,181,1098,1090 साथ ही वन स्टॉप सेंटर की कार्य प्रणाली के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी देकर जागरूक किया गया । कार्यक्रम में प्रधानाचार्य अमित कुमार अग्रवाल और अन्य अध्यापिकाएं, व विद्यार्थी मौजूद रहे।

### जिला संयुक्त चिकित्सालय में रक्तदान शिविर आयोजित



**बलरामपुर, समृद्धि न्यूज।** शुक्रवार को जिला संयुक्त चिकित्सालय बलरामपुर में काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी महोत्सव के अवसर पर स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कुल 06 रक्तदानियों द्वारा रक्तदान किया किया गया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी बलरामपुर डॉ मुकेश कुमार रस्तोगी ने कहा कि रक्तदान महादान है, इसलिए समय–समय पर सभी को रक्तदान करना चाहिए। दान किए गए रक्त से कई लोगों की जिंदगी बच सकती है।सीएमओ ने कहा कि रक्तदान से शरीर में किसी भी प्रकार की कोई कमजोरी नहीं आती है।सीएमओ ने अपील की कि हर स्वस्थ व्यक्ति को वर्ष भर में दो से चार बार रक्तदान करना चाहिए। इस मौके पर अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ संतोष कुमार श्रीवास्तव, डॉ अजय कुमार शुक्ला, डॉ अरविंद यादव , राजेश पाण्डेय, राजेश हंस आदि मौजूद रहे।

# गाजे बाजे के साथ नगर में निकाली गई प्रतीकात्मक कावड़ यात्रा

**चरखारी (महोबा), समृद्धि न्यूज।**

विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी सनातनी पर्व नाग पंचमी को प्रातः नगर के श्रद्धालूओं द्वारा गाजे बाजे के साथ बी पार्क के शिवालय से प्रारम्भ करते हुए गुमान बिहारी जू के गुमान सरोवर से होते हुए पुनः मण्डी तिगैला से बी पार्क वाले मुख्य मार्ग से चलते हुए नगर के मु0 भैरवगंज में प्रतिष्ठित बुन्देलखण्ड के एक मात्र प्राचीनतम मंदिर श्री बटुक भैरव नाथ जी में स्थापित शिवलिंग पर पूर्ण श्रद्धा एवं भक्तिभाव के साथ जलाभिषेक करने के लिए प्रतीकात्मक कावड़ यात्रा का आयोजन किया गया, मंदिर श्री बटुक भैरव नाथ जू में बड़ी संख्या में एकत्रित महिला/ पुरुष श्रृद्धालुओं



के साथ बाल भक्तों की मौजूदगी रही सभी भक्तों द्वारा भगवान भोलेनाथ का भक्ति भाव के साथ जलाभिषेक किया गया जिसके बाद महाआरती के साथ ही सभी को प्रसाद वितरण किया गया मंदिर श्री बटुक भैरव नाथ जी के श्री मंहत जुगुल भारती जी ने बताया कि कावड़ यात्रा करने वाले भक्त को शिवधाम प्राप्त होता है साथ ही अश्वमेघ यज्ञ के समान फल मिलता है और परिवार में सुख-शांति और समृद्धि आती है।

## बंधक बनाकर पीटने से दुखी युवक ने आत्महत्या का किया प्रयास

**राठ (हमीरपुर)।** मझगवां थाने के नौरंगा गांव में बंधक बनाकर मारपीट करने से आहत युवक ने जहर खा लिया। पत्नी इलाज के लिए सीएचसी ले गई।जहां चिकित्सक ने मेडिकल कॉलेज उरई रेफर कर दिया। कोतवाली के सैदपुर गांव निवासी प्रदीप पुत्र इंदल ने बताया कि उसकी ससुराल मझगवां थाने के नौरंगा गांव में है। उसकी पत्नी श्रीदेवी अपने मायके में थी। कुछ दिन पहले पत्नी को लेने ससुराल गया था। आरोप लगाया कि ससुरालियों ने उसे बंधक बनाकर मारपीट की। ससुरालियों की प्रताड़ना से तंग आकर उसने जहर खा लिया है। हालत बिगड़ने पर उसे सीएचसी ले गए। जहां डॉ नरेंद्र ने मेडिकल कॉलेज उरई रेफर कर दिया। पत्नी श्रीदेवी ने बताया की सौतेली मां के कहने पर पिता और भाईयों ने मारपीट की है। मझगवां थानाध्यक्ष नंदराम प्रजापति ने बताया कि युवक नशे का आदी है। गुरुवार को उनका राजीनामा कराया था। मामले की जांच कराई जा रही है।

# सिंचाई राज्य मंत्री ने गांव परछा जाकर देखी सड़कों की बदहाल स्थिति, दिये आदेश

▸ विभाग की लापरवाही के चलते गांवों में बनी नर्क की स्थिति

**मौदहा, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।**

नमामि गंगे योजना के तहत हर घर नल योजना को सफल बनाने के लिए गांव.गांव में पाइप लाइन डाली जा रही हैं जिसमें शुक्रवार को प्रदेश के जल शक्ति राज्य मंत्री ने तहसील क्षेत्र के परछा गांव का औचक निरीक्षण कर अधीनस्थों को आवश्यक दिशा.निर्देश दिए हैं साथ ही जल्दी से गांव की गलियों की मरम्मत करने की बात कही है।

ठेकेदारों की अनदेखी के चलते अधिकांश गांवों में सड़कों की बदहाल स्थिति प्रदेश भर में चर्चा का विषय बनी हुई हैं। इसी क्रम में ग्राम परछा में पड़ रही पाइप लाइन का औचक निरीक्षण करने पहुंचे जल शक्ति राज्य मंत्री रामकेश निषाद ने गांव की गलियों में घूमकर



ठेकेदार द्वारा किये गये काम को देखा साथ ही काम कर रहे मजदूरों से वार्तालाप भी किया तथा योजना से जुड़े अधिकारियों को भी जल्द से जल्द पाइप लाइन डालने और खराब हुई सड़कों की मरम्मत करने के लिए निर्देशित किया और पुनः औचक निरीक्षण करने की बात कहते हुए रवाना हो गए। वहीं जल शक्ति मंत्री के जाने के बाद गांव में एक के बाद एक अधिकारियों ने मौके पर जाकर काम को देखा और जल्द ही काम पूरा करने की बात कही है।

# पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मरीज के गुर्दे, पसलियों व हार्ट में पानी होना पाया गया

▸ उपचार के दौरान हुई मृत्यु का कोई सरोकार नहीं, पुलिस ने मारा छापा झोला छाप डाक्टर फरार

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज।**

सुमेरपुर क्षेत्र के धुंधपुर गांव में प्रायवेट डाक्टर के इलाज से मरीज की हुई मृत्यु के बाद पोस्टमार्टम रिपोर्ट में उसके पहले से ही गुर्दा, पसलियों व हार्ट में पानी होने की पुष्टि हुई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि उसके गुर्दे में स्टोन थी। इलाज से कोई लेना देना नही है। मामले की रिपोर्ट डीएम के अलावा डीडी बांदा को भेज दी गयी है।

जानकारी के मुताबिक गुरुवार को गांव के हरी नामक की व्यक्ति की मृत्यु अलीम खान जो छोला छाप डाक्टर है के उपचार से हो गयी थी इस पर भाजपा के सदर विधायक ने सीएमओ को दोषी ठहराया था।

डिप्टी सीएमओ डा.संजय कुमार ने बताया कि मरीज का पोस्टमार्टम के लिये पैनल का गठन किया गया था उसकी बकायदा रिकार्डिग की गयी है। रिपोर्ट में मरीज के फेफड़ों,पसलियों व हार्ट में पानी होने की पुष्टि हुई है जिससे उसकी तवियत खराब हुई और कुछ देर बाद उसकी मृत्य हो गयी है। हरी की स्वाभाविक मृत्यु हुई है। मामले की रिपोर्ट डीएम व डीडी हेल्थ बांदा को दे दी गयी है। डा.संजय का मानना है कि डाक्टर अलीम को इलाज करने का कोई अधिकार नही था क्योकि उसके पास कोई डिग्री व रजिस्ट्रेशन नही है। इसलिये वह दोषी है उसके खिलाफ थाना सुमेरपुर में रिपोर्ट दर्ज करा दी गयी है उनका कहना है कि डाक्टर का क्लीनिक पहले से ही सीज कर दिया गया है डाक्टर ने अपना बोर्ड उखाड़ दिया है। और फरार हो गया है पुलिस ने उसके यहां कई मर्तवा छापा मारा है। मगर वह नही मिला है। डिप्टी सीएमओ का कहना है कि बिगत तीन माह में चार अस्पताल सील किये गये है,46 अस्पताल संचालकों को नोटिस दी गयी है। शपथ पत्र लेकर एक अस्पताल व एक पैथालाजी बंद कराया गया है। जांच प्रक्रिया बराबर चालू है। कोई भी डाक्टर विना डिग्री के प्रैक्टिस करेगा तो उसके खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्यवाही की जायेगी।

## बस की टक्कर से बाइक सवार दंपति घायक

**राठ (हमीरपुर)।** पनवाड़ी थाने के पह्नना गांव निवासी 53 वर्षीय सुखनंदन पुत्र गुड्डू लाल ने बताया कि शुक्रवार की सुबह करीब दस बजे पत्नी 52 वर्षीय कलावती को लेकर बाइक से उरई अस्पताल अपनी बहू अर्चना को देखने जा रहा था। तभी सैदपुर गांव के पास पनवाड़ी की ओर से आ रही तेज रफ्तार मिश्रा ट्रैवल्स की स्लीपर बस ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगने से वह पत्नी सहित बाइक से गिरकर घायल हो गया। घायल को इलाज के लिए सीएचसी ले जाया गया। चालक के दाहिने हाथ व सिर पर गंभीर चोटें आईं हैं। घायल को मेडिकल कालेज उरई रेफर कर दिया है।


**उत्तर रेलवे**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**ई-ऑक्शन सूचना**

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–ऑक्शन से सम्बन्धित सूचना।

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट/जोन | लखनऊ–उ.रे.–मण्डल–वाणिज्य/उ.रे. |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | ADVT-LKO-PYGS-OSD-504-24-1 (Advertising-On Station Premise (Digital)) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 08.08.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 26.08.2024 at 10:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 26.08.2024 at 10:30 hrs. |
| नीलामी का प्रकार | Close Ended |
| वेबसाइट विवरण जहाँ पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है। | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

2490/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# टाइनी टॉट्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में कुकिंग प्रतियोगिता आयोजित

▸ बच्चों ने पाक कला में दिखाई अपनी प्रतिभा

**उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज।**

टाइनी टॉट्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में आयोजित कुकिंग प्रतियोगिता में रेड हाउस, ग्रीन हाउस और येलो हाउस की छात्राओं ने अपने कुकिंग कौशल का बेहतरीन प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता का उद्देश्य बच्चों में रचनात्मकता, टीमवर्क, और पाक कला के प्रति रुचि को बढ़ावा देना था। प्रतियोगिता में विद्यालय के कक्षा 5 से लेकर कक्षा 12 तक के छात्राओं ने प्रतिभा किया और स्वादिष्ट एवं आकर्षक व्यंजन तैयार किए।





तियोगिता में बच्चों ने पारंपरिक भारतीय व्यंजनों से लेकर अंतर्राष्ट्रीय व्यंजनों तक का प्रदर्शन किया। कुछ बच्चों ने घर पर सीखी गई पारंपरिक रेसिपीज़ को नए अंदाज में पेश किया, तो कुछ ने आधुनिक और हेल्दी व्यंजन तैयार किए।आयोजित कुकिंग प्रतियोगिता में कक्षा 5 और कक्षा 6 की छात्राओं ने बिना आग जलाए कई प्रकार के व्यंजन तैयार किया तो वहीं पर कक्षा 7, 8, 9, 10, 11 और 12 की छात्राओं ने आग का इस्तेमाल करके अनेक प्रकार के व्यंजन को तैयार किया। जजों की टीम, जिसमें विद्यालय के डायरेक्टर सैफ अली, प्रधानाचार्य मनीष कुमार सिंह शिक्षक अनिल कुमार गुप्ता, राशिद रिजवी, फजल जाफरी, अमित कुमार, शिवानंद, अकमल अब्बास ने भाग लिया और बच्चों के व्यंजनों का स्वाद चखा तथा उनके प्रस्तुतिकरण, स्वाद, और नवाचार के आधार पर अंक दिए। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य मनीष कुमार सिंह ने कहा आज के इस विशेष अवसर पर हमें आप सभी का स्वागत करते हुए बेहद गर्व महसूस हो रहा है। इस कुकिंग प्रतियोगिता में हमारे छात्रों ने जिस उत्साह और लगन के साथ भाग लिया है, वह वास्तव में प्रशंसनीय है। बच्चों, आपने जिस तरह से अपनी रचनात्मकता और कुकिंग कौशल का प्रदर्शन किया है, वह हमें दिखाता है कि आपमें कितनी संभावनाएँ छिपी हुई हैं। आपने जो भी व्यंजन तैयार किए, उनमें न केवल स्वाद था बल्कि आपके प्रयासों की मिठास भी झलक रही थी।


**उत्तर रेलवे**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**खुली निविदा सूचना (ई–निविदा)**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि दिनांक **02.09.2024** को 15:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैनुयल आफर स्वीकार नहीं किये जायेंगे यदि कोई मैनुवल आफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा। निविदाकर्ता निविदा फार्म का मूल्य व धरोहर राशि का भुगतान केवल ireps पोर्टल पर उपलब्ध आनलाईन भुगतान प्रणाली में नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड इत्यादि किया जायेगा। डिमांड ड्राफ्ट, बैंकर चेक, डिपाजिट रसीद एफ डी आर द्वारा भुगतान स्वीकार नहीं किये जायेंगे।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | निविदा सूचना संख्या | 08102024 दिनांक 08.08.2024 |
| 2 | निविदा संख्या | 24-Sr-DEN-VI-LKO-2024-25 |
| 3 | कार्य का नाम : सहायक मंडल अभियन्ता–प्रयाग के अन्तर्गत, जेएनएच–पीएफएम सेक्शन में ट्रैक/पहुंच मार्गों और स्टेशनों के आसपास संवेदनशील स्थानों पर 30 किलोमीटर की सीमा दीवार/सुरक्षा बाड़ लगाने का प्रावधान का कार्य। | |
| 4 | अनुमानित लागत | Rs. 199996076.68 |
| 5 | धरोहर राशि | Rs. 1150000.00 |
| 6 | कार्य की समापन अवधि | स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से बारह माह। |
| 7 | निविदा डालने का प्रारंभ | 19.08.2024 |
| 8 | निविदा बंद होने की तिथि एवं समय | 02.09.2024, 15:00 बजे |
| 9 | वेबसाईट | www.ireps.gov.in |

नोट :– 1. निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त वेबसाईट पर उपलब्ध है। 2471/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# जि.पं. अध्यक्ष ने किया विकास कार्यों का लोकार्पण

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**

पंद्रहवां वित्त एवं पंचम वित्त की निधि से सुबेहा क्षेत्र में कराए गए लगभग आधा दर्जन विकास कार्यों का लोकार्पण जिला पंचायत अध्यक्ष राजरानी रावत द्वारा किया गया।

इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष ने अमृतसर रिवर लाइब्रेरी मनरेगा उद्यान का भी निरीक्षण किया गया। सुबेहा क्षेत्र से जिला पंचायत सदस्य श्रीमती अनीता सिंह पत्नी रामदेव सिंह की मांग पर जिला पंचायत अध्यक्षा श्रीमती राजरानी रावत ने ग्राम पंचायत जमीन हुसेनाबाद मे सुबेहा शुकुल बाजार रोड से सतबरपुर गाँव को जोड़ते हुए, शहरी इस्लामपुर व ग्राम पंचायत सिंधियावा मे नवनिर्मित सड़कों के अलावा ग्राम पंचायत सिंधियावा मे नवनिर्मित



नाले को जनता को समर्पित किया। इसके अलावा जिला पंचायत अध्यक्ष ने सिंधियावा में अमृत सरोवर व लाइब्रेरी, ग्राम पंचायत मंगौवा में मनरेगा उद्यान एवं सराय गोपी में अमृत सरोवर का निरीक्षण किया। विकास कार्यों को जनता को समर्पित करने के बाद जिला पंचायत अध्यक्ष ने अपने संबोधन में कहा कि योगी सरकार के कार्यकाल में विकास का पहिया लगातार चल रहा है। विकास के इसी क्रम में ग्रामीणों को बेहतर आवागमन की सुविधा देने के लिए इन मार्गो व जल निकासी के लिए नाले का निर्माण कराया गया है।

जिला पंचायत सदस्य अनीता सिंह ने कहा कि इन सड़को के बन जाने से क्षेत्र के तमाम गांव के लोगों को आवागमन की सुविधा मिलेगी। इसी क्रम में ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रामदेव सिंह ने जिला अध्यक्ष श्रीमती राजरानी रावत के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उनकी सराहना की एवं कार्यक्रम में आए हुए सभी सम्मानित भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं के प्रति आभार व्यक्त किया।

इससे पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष के पहुंचने पर उनका फूल माला व पुष्प गुच्छ देकर जोरदार स्वागत किया गया। इस अवसर पर अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत, अपर अभियंता जिला पंचायत, अवर अभियंता जिला पंचायत, मंडल महामंत्री रंजीत सिंह महंत, मंडल उपाध्यक्ष विक्रम सिंह, प्रधान शहरी इस्लामपुर दीनबंधु पांडे, विकास सिंह सहित जिला पंचायत व क्षेत्र पंचायत के संबंधित अधिकारी, पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी कार्यकर्ता एवं क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

## किसान की ट्रेन की चपेट में आकर हुई मौत

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** धान की सिंचाई के लिए बीती रात पानी लगाने गए एक 50 वर्षीय किसान की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। कोतवाली हैदरगढ़ अंतर्गत बारा गांव निवासी किसान विशम्भर पाल पुत्र रामनाथ पाल बीती रात पानी लगाने के लिए रेलवे पटरी के किनारे स्थित खेत में गया था। बताते हैं कि पानी लगाकर रेलवे ट्रैक पर बैठे किसान को नींद आ गई।इसी बीच रेलवे ट्रैक पर से गुजरी किसी ट्रेन की चपेट में आकर उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सुबह लगभग 5 बजे दुर्घटना स्थल के निकट से निकले ग्रामीणों ने लहू लुहान किसान का शव पड़ा देखकर पुलिस को सूचना दी। सूचना पाकर पहुंचे परिजनों द्वारा की गई पुष्टि के बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# दहेज लोभियों ने विवाहिता को किया लहूलुहान, दिया तलाक

**हैदरगढ़,बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**

> पीड़िता बोला उसे आए दिन प्रताड़ित किया जाता रहा है उसके दो छोटे बच्चे भी हैं

मायके से कम दहेज लाने का आरोप लगाकर ससुराली जनों द्वारा बुधवार की रात विवाहिता को पीट पीट कर लहू लुहान कर दिया गया।

यही नहीं पति ने तीन तलाक देकर घर से भी निकाल दिया।पीड़िता की तहरीर पर पुलिस मुकदमा पंजीकृत कर इस मामले में छानबीन कर रही है। कोतवाली क्षेत्र के जासेपुर गाँव निवासी मंजूर अहमद की पुत्री खजीजा बानो ने बताया कि उसकी शादी कस्बा हैदरगढ़ के ठाकुर द्वारा वार्ड निवासी शादाब पुत्र ताहिर अली से हुई है। आरोप लगाया कि शादी में दहेज कम लाने की बात कहकर उसके पति शादाब,भाई फरदीन,बहन उजमा व शन्नो बानो ने बुधवार की रात दस बजे उसे जमकर पीटा।इसके बाद उसके पति ने उसे तीन बार बोलकर तलाक दे दिया।वह लहूलुहान घर के बाहर पड़ी रही। सूचना पाकर मायके से उसके पिता मंजूर अहमद उसे उठाकर घर लेकर चले गए। पीड़िता ने यह भी बताया कि उसे आए दिन प्रताड़ित किया जाता रहा है। उसके दो छोटे बच्चे भी हैं। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

## हर घर तिरंगा अभियान की हुई तैयारी बैठक

**सिद्धौर बाराबंकी।** भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष कामेश्वर सिंह के निर्देश पर शुक्रवार को जिला कार्यालय पर हर घर तिरंगा अभियान की तैयारी बैठक का आयोजन किया गया जिसमें 11 अगस्त से 15 अगस्त तक चलने वाले इस अभियान को सफल बनाने के लिए मंडल संयोजक नियुक्त किए गए। इस मौके पर जिलाध्यक्ष अरविंद मौर्या क्षेत्रीय उपाध्यक्ष किसान मोर्चा राकेश शर्मा बृजेश सिंह संदीप गुप्ता गुरुशरण लोधी जिलाध्यक्ष आशुतोष अवस्थी रवि भारती और आशुतोष तिवारी समेत भाजपा किसान मोर्चा के जिला और मंडल के सभी पदाधिकारी मौजूद रहे।

## पुरानी रंजिश में युवक पर हमला, गम्भीर रूप से घायल

**जैदपुर बाराबंकी।** पुरानी रंजिश मे एक युवक ने मोहल्ले के ही एक युवक को जमकर मारापीटा और धारदार औजार के हमला कर दिया जिससे युवक गम्भीर रूप से घायल हो गया। जिसकी शिकायत जैदपुर पुलिस से करने पर पुलिस द्वारा जांच पड़ताल की जा रही है।जानकारी के अनुसार मामला जैदपुर कस्बे के मोहल्ला वसीनगर का है। जहां नादिर पुत्र हारून ने थाना जैदपुर में शिकायत करते हुए बताया कि मोहल्ले के शमीम पुत्र मो उमर पुरानी रंजिश को लेकर बीती रात प्रार्थी के घर पर जाकर गंदी गन्दी गाली देने लगा। जिसका विरोध करने पर लात घूंसों से मारने लगा और धारदार हथियार से हमला कर दिया जिससे उसे काफी चोटें आयी। जिसकी शिकायत थाना जैदपुर थाने मे करने पर पुलिस द्वारा मामले जांच पड़ताल शुरू कर दी गयी है।

# राज्यमंत्री ने किया काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी महोत्सव का शुभारंभ

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**



जिला प्रशासन द्वारा जीआईसी ऑडिटोरियम में काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी महोत्सव कार्यक्रम श्रृंखला की शुरुआत की गई, जिसमें राज्यमंत्री सतीश चंद्र शर्मा, जिला पंचायत अध्यक्षा राजरानी रावत, विधान परिषद सदस्य अंगद सिंह, जिलाध्यक्ष भाजपा अरविन्द मौर्य, जिलाधिकारी सत्येन्द्र कुमार और मुख्य विकास अधिकारी अन्ना सुदन सहित अन्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्जवलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

इसके उपरांत सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए जिसमें संस्कृति विभाग के कलाकारों और विद्यार्थियों ने काकोरी ट्रेन ऐक्शन से जुड़े क्रांतिकारियों की स्मृति में सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। काकोरी ट्रेन एक्शन कार्यक्रम का मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण देखा गया। ऑडिटिरियम में काकोरी ट्रेन एक्शन संबंधी प्रदर्शनी लगाई गई, जिसमें काकोरी एक्शन का वास्तविक फोटो, काकोरी ट्रेन ऐक्शन से जुड़े तथ्यों एवं क्रांतिकारियों से जुड़ी जानकारी का अतिथियों एवं आगंतुकों ने अवलोकन किया। शिक्षकों ने विद्यार्थियों को प्रदर्शनी के माध्यम से काकोरी ट्रेन एक्शन के विषय में विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम में शहीदों के परिजनों को माला पहनाकर, शॉल ओढ़ाकर एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया गया। राज्यमंत्री ने शहीदों के परिवारों को सम्मानित कर राष्ट्र के प्रति उनके त्याग को सर्वोच्च बताया। जिलाधिकारी ने कहा कि देश की स्वतंत्रता के लिए संसाधन जुटाने के प्रयास में काकोरी ट्रेन एक्शन हुआ जिसमें युवा क्रांतिकारियों ने अद्भुत साहस दिखाते हुए देश की आजादी के लिए धन इकट्ठा किया। युवाओं को इससे प्रेरणा लेते हुए क्रांतिकारियों के स्वपन के देश को बनाने में सहभागी बनना चाहिए।

## दुकान की कुंडी तोड़कर चोरों ने हजारों का सामान चुराया

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** कोतवाली क्षेत्र के दतौली चंदा गांव में गुरुवार की रात एक दुकान की कुंडी तोड़कर चोर हजारों रुपए की नगदी व सामान चोरी कर चम्पत हो गये। गाँव निवासी रामकिशोर जायसवाल की किराना की दुकान हैदरगढ़ भिटरिया मार्ग के किनारे स्थित है। गुरुवार की रात जब पूरा परिवार सो रहा था कि तभी चोर दुकान की कुंडी तोड़कर अंदर घुस गए और अंदर रखे 25 हजार रुपए की नगदी व चार्जिंग के लिए लगाई गई दो दर्जन से अधिक बैट्री चोरी कर ले गए। रात लगभग दो बजे गृह स्वामी की पत्नी लघुशंका के लिए उठी। इसी दौरान उन्होंने दुकान के छोटे दरवाजे की कुंडी खुली देखकर शोर मचाया। शोर सुनकर घर व मोहल्ले वालों की भीड़ लग गई।पीआरवी पुलिस भी बुलाई गई।पीड़ित की फरियाद पर कोतवाली पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

## नागपंचमी पर हुआ दंगल, पहलवानों ने दिखाए दांवपेच



**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** नाग पंचमी के अवसर पर आयोजित होने वाला दंगल शुक्रवार को विजयी हनुमान मंदिर के परिसर में संपन्न हुआ। समाजवादी पार्टी के युवा नेता एवं पुराने पहलवान पप्पू सिद्दीकी के संयोजन में संपन्न हुए इस दंगल में कस्बा के अलावा दूर-दूर के क्षेत्र से आए पहलवानों ने अपने अपने दांव पेंच से दंगल देखने आए लोगों का मन मोह लिया इस अवसर पर दंगल के विजेता पहलवान को श्री सिद्धि के द्वारा नगद इनाम एवं उपहार देकर सम्मानित भी किया गया। इस अवसर पर मंदिर के महंत बाबा रामस्वरूप दास, राजू यादव, पीयूष यादव, अविनाश मिश्रा, लव कुश यादव, विवेक मिश्रा,दुलदुल, सभासद राम गोपाल यादव गोलू आदि बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी मौजूद रहे।


### कोर्ट नोटिस

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि अरुण कुमार पुत्र मुन्ना लाल निवासी ग्राम महामई थाना बलरई जिला इटावा के विरुद्ध अपर मुख्य न्यायिक रेलवे मजिस्ट्रेट झांसी में मु. नं.- 2314/2020 अ.सं.- 02/2020 धारा- 3RP(UP)ACT मे वांछित है। जिसमें न्यायालय के आदेशानुसार धारा 82 की उदघोषणा की कार्यवाही की गई। यह उपेक्षा की जाती है कि वह दिनाँक 20.8.2024 को न्यायालय में उपस्थित हो।

### सार्वजनिक सूचना

**मत्स्य जीवी सहकारी समिति लिमिटेड चैसार**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 08.08.2024 को मत्स्य जीवी सहकारी लिमिटेड चैसार की एक आवश्यक बैठक कार्यालय पर बुलाई गयी। जिसमे नव नियुक्त सचिव को समिति के सभी सदस्यों से पहचान कराया गया तथा समिति की अग्रिम कार्यवाही के संबंध में अवगत कराया गया।

**अनीता**
**मुख्य प्रवर्तक**
**मत्स्य जीवी सहकारी लिमिटेड चैसार विकासखंड पयागपुर बहराइच**

### कार्यालय नगर पंचायत खिमसेपुर जनपद फर्रुखाबाद।

पत्रांकः-105/न0पं0खिम0/2024-25 — दिनांकः- 09/08/2024

**मैनुअल स्केवेंजर के सम्बन्ध में सूचना**

**सार्वजनिक सूचना**

निदेशक स्थानीय निकाय निदेशालय उ0प्र0 लखनऊ के पत्र संख्या-4/3062/स्व0शौ0/2022-2023 दिनांक 26/02/2024 के परिपेक्ष में माननीय उच्चतम न्यायालय में दाखिल रिट याचिका संख्या-324 ऑफ 2020 डॉ0 बलराम सिंह बनाम यूनियन बैंक ऑफ इण्डिया में दिनांक 20/10/2023 में पारित आदेश के क्रम में नगर पंचायत खिमसेपुर सीमान्तर्गत अस्वच्छ शौचालयों तथा उसमें कार्यरत मैनुअल स्केवेंजर का सर्वेक्षण/चिन्हीकरण कराया जाना है। अतः निकाय सीमान्तर्गत यदि कोई व्यक्ति उक्त कार्य करता हो तो वह प्रकाशन तिथि से एक सप्ताह के अंदर अपना व अपने परिवार का लिखित विवरण कार्यालय नगर पंचायत खिमसेपुर में प्रस्तुत कर सकता है, बाद मियाद प्राप्त होने वाले किसी आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा।

**अधिशासी अधिकारी** — नगर पंचायत खिमसेपुर जनपद फर्रुखाबाद।
**अध्यक्ष** — नगर पंचायत खिमसेपुर जनपद फर्रुखाबाद।


# विकास कार्यों में भ्रष्टाचार के आरोप साजिश: ज्योति गुप्ता

> नगर पालिका के विकास कार्यों में दवाब, दलाली नहीं होगी बर्दाश्त: चेयरमैन

**इटावा, समृद्धि न्यूज।**

नगर पालिका परिषद, इटावा की अध्यक्ष श्रीमती ज्योति गुप्ता ने बताया है कि कुछ स्वार्थी सभासद अपने निजी स्वार्थ व लालच के कारण मुझे व मेरे परिवार की छवि खराब करने के उद्देश्य से बदनाम करने की साजिश कर रहे हैं तथा जनहित के विकास कार्यों में अवरोध उत्पन्न करने का प्रयास कर रहे हैं। लेकिन साजिश के तहत बनाये जा रहे दवाब में नहीं आयेगीं और जनहित कि विकास आदि कार्य जारी रहेगें। पालिका अध्यक्ष ज्योति गुप्ता ने कहा कि पक्का तालाब का सौन्दर्गीकरण के कार्य का कुछ स्वार्थी व्यक्तियों द्वारा विरोध व बदनाम करने के लिये झूठें आरोप लगाये जा रहे हैं कि पक्का तालाब पर निर्माणाधीन दुकानों की करोड़ों की भूमि चैयरमैन द्वारा लें ली गई है, जो पूर्ण रूप से निराधार, असत्य एवं तथ्यहीन हैं आरोप कूटरचित षडयन्त्र के तहत मुझे व मेरे परिवार को बदनाम करने के लिये लगाये गए हैं।

जबकि हकीहत यह है कि पक्का तालाब पर स्थित वैष्णवी उत्सव गार्डन, श्री लक्ष्मी वाटिका के स्वामी द्वारा सरकारी भूमि में कब्जा कर पार्किंग के नाम पर कब्जा किये हुये हैं और उसका लाभ उठा रहे हैं। मैरिज होम के स्वामी से दलाली व उगाही के लालच में कुछ स्वार्थी सभासद नगर पालिका के विकास व जनहित के कार्यों में बाधा उत्पन्न कर रहे हैं। चेयरमैन ज्योति गुप्ता ने बताया गया कि शमशान घाट पर जो कार्य हो रहा है वह नियमानुसार ऑनलाइन टैण्डर प्रक्रिया के अन्तर्गत पूरी तरह से पारदर्शी रूप से मानक के अनुरूप कराये जा रहे हैं, जिसकी जाँच कराई जा सकती है।

किसी भी निर्माण आदि कार्य का भुगतान जिलाधिकारी द्वारा गठित जाँच समिति की जाँच रिर्पोट के बाद ही किया जाता है। शमशान घाट पर कराये जा रहे जा रहे विकास कार्यों में भ्रष्टाचार के आरोप भी कूटरचित साजिश हैं।

## समाजवादी पार्टी का सदस्यता अभियान शुरू

**इटावा।** सपा कार्यालय पर जिला अध्यक्ष प्रदीप शाक्य बबलू , महामंत्री वीरू भदौरिया,अमित दुबे राष्ट्रीय सचिव छात्र सभा,कोषाध्यक्ष ब्रजेन्द्र यादव,अनवार हुसैन, राज पाल यादव, प्रवीन कुशवाहा, प्रवक्ता/ मीडिया प्रभारी विक्की गुप्ता, छात्र सभा जिलाध्यक्ष रवी यादव विधायक, यूथ बिग्रेड जिलाध्यक्ष नरेंद्र पाल, शहर अध्यक्ष अब्दुल अंसारी आदि द्वारा पीडीए जागरूकता अभियान के तहत सदस्यता अभियान की शुक्रवार को शुरुआत हुई। सपा जिलाध्यक्ष ने बताया कि 9 अगस्त से 31 अगस्त तक सदस्यता अभियान चलाया जाएगा तथा उसके बाद अन्य कार्यक्रम जैसे वृक्ष रोपण, शिविर, छात्र सम्मेलन, शिक्षक सम्मान समारोह जैसे कई कार्यक्रम किए जाएंगे।


### सूचना

मेरे पुत्र के दस्तावेज में त्रुटिवश मेरा नाम SONI DEVI व जन्मतिथि 01.07.1941 दर्ज है। जबकि आधार कार्ड व अन्य अभिलेखों में मेरा वास्तविक नाम SOHANBAI व जन्मतिथि 01.01.1938 है, SOHANBAI M/O, Army No.JC-482283K, Rank Sub, Vikram Singh, R.R.C. Fatehgarh. R/o ward no-10,Vill & Post Karola Distt. Gurgaon, Haryana-122504

### सूचना

मेरे पुत्र के सैन्य दस्तावेज में मेरा नाम SAHANTI PANDA व जन्मतिथि 01.07.1962 लिपिकीय त्रुटिवश गलत अंकित हो गयी है, जबकि मेरा सही व वास्तविक नाम SHANTI LATA PANDA व जन्मतिथि 03.02.1965 है, SHANTI LATA PANDA, M/o, Army No-3009290M, Rank Hav. (S.D.) Manash Kumar Panda R.R.C. Fatehgarh. R/o Padmapur, Teh. Anandapur, Distt. Kendujhar, Odisha, Pin-758021

### सूचना

मेरे पिता के सैन्य दस्तावेज में त्रुटिवश मेरा का नाम KUMARI RANJANA दर्ज है। जबकि आधार कार्ड व अन्य अभिलेखों में मेरा वास्तविक नाम RANJANA KUMARI है, RANJANA KUMARI D/O Army No-3001561K, Rank Hav. Rajendra Prasad Gurjar, R.R.C. Fatehgarh. R/o ward no-01, Kalji wali dhani, Jhajhar, Jhunjhunun, Rajasthan-333304

### सूचना

मेरे सैन्य दस्तावेज में त्रुटिवश मेरी पुत्री का नाम MONITA दर्ज है। जबकि आधार कार्ड व अन्य अभिलेखों में मेरी पुत्री का वास्तविक नाम MONITA GURJAR है, MONITA GURJAR, D/O Army No-3001561K, Rank Hav. Rajendra Prasad Gurjar, R.R.C. Fatehgarh. R/o ward no-01, Kalji wali dhani, Jhajhar, Jhunjhunun, Rajasthan-333304

### सूचना

मेरे पुत्र के सैन्य दस्तावेज में मेरा नाम APRNA SINGH व जन्मतिथि 01.12.1962 लिपिकीय त्रुटिवश गलत अंकित हो गयी है, जबकि मेरा सही व वास्तविक नाम APARANA SINGH व जन्मतिथि 01.01.1955 है, APARANA SINGH, M/o, Army No-3010471K, Rank Nk. Rahul Singh R.R.C. Fatehgarh. R/o Vill Sarai Said Kha, Post Bhadri, Teh. Kunda, Distt. Pratapgarh, U.P. Pin-230201

### सूचना

मेरे पुत्र के सैन्य दस्तावेज में मेरा नाम UEMIL BAI व जन्मतिथि 12.08.1968 लिपिकीय त्रुटिवश गलत अंकित हो गयी है, जबकि मेरा सही व वास्तविक नाम URMILA CHOUHAN व जन्मतिथि 01.01.1966 है, URMILA CHOUHAN, M/o, Army No-3010075N, Rank Hav. Dharmendra Singh Chouhan R.R.C. Fatehgarh. R/o Vill & Post Agurli Distt. Dewas Madhya Pradesh, Pin-455227

### कार्यालय ग्राम पंचायत जलालपुर विकासखंड-विशेश्वरगंज, बहराइच

**वार्षिक निविदा सूचना** — दिनांक- 10-8-2024-25

समस्त पंजीकृत फर्मो को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत जलालपुर की ODF PLUS कार्य योजना के अनुसार वित्तीय वर्ष 2024-25 में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) /पंचम राज्य वित्त/15वां केन्द्रीय वित्त/मनरेगा व अन्य योजनाओं से प्राप्त धनराशि ODF+ PLUS में अनुमन्य कराये जाने वाले कार्य, जिसमें- कचरा वाहन (साइकिल रिक्शा/ई रिक्शा) स्वच्छता किट, RRC सेन्टर, अमृत सरोवर, भूसा, गौशाला, टाइल्स, इंटरलॉकिंग ईट, आंगनबाड़ी, फर्नीचर, बाउंड्रीवाल, पेंट, पुट्टी, साइन बोर्ड, अंत्येष्टि स्थल, सामुदायिक/व्यक्तिगत शौचालय व सोकपिट, नाली निर्माण, हैण्ड पंप, प्लेटफार्म, रेटो फिटिंग, सोकपिट, सिल्ट कैचर, फिल्टर चैम्बर, सामुदायिक/व्यक्तिगत नाडेप गड्ढा व प्लास्टिक खाद गड्ढा व अन्य निर्माण व मरम्मत कार्य हेतु ईट प्रथम, सीधा खंजड़, सीमेंट, महीन रेत, बजरी, ईट रोड़ी, सरिया, लोहा टीन, इंण्टरलाकिंग ईट, टाइल्स, ह्यूम पाइम, टोंटी, पाईप, समर्सिवल मोटर, आदि की आपूर्ति हेतु निविदा प्रपत्र 13.8.2024 तक किसी भी कार्य दिवस पर ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त कर सकते है तथा सीलबंद निविदाएं दिनांक-14.8.2024 तक ग्राम पंचायत कार्यालय पर 12 बजे तक आमंत्रित की जाती है । निविदा उसी दिन 3 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय पर खोली जायेगी। समस्त निविदा को स्वीकार करने अथवा निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा।

**शिव प्रसाद पांडेय** — प्रधान
**अर्जुन कुमार** — ग्राम पंचायत सचिव

### कार्यालय ग्राम पंचायत कुरसहा विकासखंड-विशेश्वरगंज, बहराइच

**वार्षिक निविदा सूचना** — दिनांक- 10-8-2024-25

समस्त पंजीकृत फर्मो को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत कुरसहा की ODF PLUS कार्य योजना के अनुसार वित्तीय वर्ष 2024-25 में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) /पंचम राज्य वित्त/15वां केन्द्रीय वित्त/मनरेगा व अन्य योजनाओं से प्राप्त धनराशि ODF+ PLUS में अनुमन्य कराये जाने वाले कार्य, जिसमें- कचरा वाहन (साइकिल रिक्शा/ई रिक्शा) स्वच्छता किट, RRC सेन्टर, अमृत सरोवर, भूसा, गौशाला, टाइल्स, इंटरलॉकिंग ईट, आंगनबाड़ी, फर्नीचर, बाउंड्रीवाल, पेंट, पुट्टी, साइन बोर्ड, अंत्येष्टि स्थल, सामुदायिक/व्यक्तिगत शौचालय व सोकपिट, नाली निर्माण, हैण्ड पंप, प्लेटफार्म, रेटो फिटिंग, सोकपिट, सिल्ट कैचर, फिल्टर चैम्बर, सामुदायिक/व्यक्तिगत नाडेप गड्ढा व प्लास्टिक खाद गड्ढा व अन्य निर्माण व मरम्मत कार्य हेतु ईट प्रथम, सीधा खंजड़, सीमेंट, महीन रेत, बजरी, ईट रोड़ी, सरिया, लोहा टीन, इंण्टरलाकिंग ईट, टाइल्स, ह्यूम पाइम, टोंटी, पाईप, समर्सिवल मोटर, आदि की आपूर्ति हेतु निविदा प्रपत्र 13.8.2024 तक किसी भी कार्य दिवस पर ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त कर सकते है तथा सीलबंद निविदाएं दिनांक- 14.8.2024 तक ग्राम पंचायत कार्यालय पर 12 बजे तक आमंत्रित की जाती है । निविदा उसी दिन 3 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय पर खोली जायेगी। समस्त निविदा को स्वीकार करने अथवा निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा।

**राम विलास** — प्रधान
**अर्जुन कुमार** — ग्राम पंचायत सचिव

### कार्यालय ग्राम पंचायत बरानिजाम विकासखंड-विशेश्वरगंज, बहराइच

**वार्षिक निविदा सूचना** — दिनांक- 10-8-2024-25

समस्त पंजीकृत फर्मो को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत बरानिजाम की ODF PLUS कार्य योजना के अनुसार वित्तीय वर्ष 2024-25 में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) /पंचम राज्य वित्त/15वां केन्द्रीय वित्त/मनरेगा व अन्य योजनाओं से प्राप्त धनराशि ODF+ PLUS में अनुमन्य कराये जाने वाले कार्य, जिसमें- कचरा वाहन (साइकिल रिक्शा/ई रिक्शा) स्वच्छता किट, RRC सेन्टर, अमृत सरोवर, भूसा, गौशाला, टाइल्स, इंटरलॉकिंग ईट, आंगनबाड़ी, फर्नीचर, बाउंड्रीवाल, पेंट, पुट्टी, साइन बोर्ड, अंत्येष्टि स्थल, सामुदायिक/व्यक्तिगत शौचालय व सोकपिट, नाली निर्माण, हैण्ड पंप, प्लेटफार्म, रेटो फिटिंग, सोकपिट, सिल्ट कैचर, फिल्टर चैम्बर, सामुदायिक/व्यक्तिगत नाडेप गड्ढा व प्लास्टिक खाद गड्ढा व अन्य निर्माण व मरम्मत कार्य हेतु ईट प्रथम, सीधा खंजड़, सीमेंट, महीन रेत, बजरी, ईट रोड़ी, सरिया, लोहा टीन, इंण्टरलाकिंग ईट, टाइल्स, ह्यूम पाइम, टोंटी, पाईप, समर्सिवल मोटर, आदि की आपूर्ति हेतु निविदा प्रपत्र 13.8.2024 तक किसी भी कार्य दिवस पर ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त कर सकते है तथा सीलबंद निविदाएं दिनांक- 14.8.2024 तक ग्राम पंचायत कार्यालय पर 12 बजे तक आमंत्रित की जाती है । निविदा उसी दिन 3 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय पर खोली जायेगी। समस्त निविदा को स्वीकार करने अथवा निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा।

**दिनेश कुमार** — प्रधान
**अर्जुन कुमार** — ग्राम पंचायत सचिव

### कार्यालय ग्राम पंचायत सिसहना विकासखंड-विशेश्वरगंज, बहराइच

**वार्षिक निविदा सूचना** — दिनांक- 10-8-2024-25

समस्त पंजीकृत फर्मो को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत सिसहना की ODF PLUS कार्य योजना के अनुसार वित्तीय वर्ष 2024-25 में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) /पंचम राज्य वित्त/15वां केन्द्रीय वित्त/मनरेगा व अन्य योजनाओं से प्राप्त धनराशि ODF+ PLUS में अनुमन्य कराये जाने वाले कार्य, जिसमें- कचरा वाहन (साइकिल रिक्शा/ई रिक्शा) स्वच्छता किट, RRC सेन्टर, अमृत सरोवर, भूसा, गौशाला, टाइल्स, इंटरलॉकिंग ईट, आंगनबाड़ी, फर्नीचर, बाउंड्रीवाल, पेंट, पुट्टी, साइन बोर्ड, अंत्येष्टि स्थल, सामुदायिक/व्यक्तिगत शौचालय व सोकपिट, नाली निर्माण, हैण्ड पंप, प्लेटफार्म, रेटो फिटिंग, सोकपिट, सिल्ट कैचर, फिल्टर चैम्बर, सामुदायिक/व्यक्तिगत नाडेप गड्ढा व प्लास्टिक खाद गड्ढा व अन्य निर्माण व मरम्मत कार्य हेतु ईट प्रथम, सीधा खंजड़, सीमेंट, महीन रेत, बजरी, ईट रोड़ी, सरिया, लोहा टीन, इंण्टरलाकिंग ईट, टाइल्स, ह्यूम पाइम, टोंटी, पाईप, समर्सिवल मोटर, आदि की आपूर्ति हेतु निविदा प्रपत्र 13.8.2024 तक किसी भी कार्य दिवस पर ग्राम पंचायत कार्यालय से प्राप्त कर सकते है तथा सीलबंद निविदाएं दिनांक- 14.8.2024 तक ग्राम पंचायत कार्यालय पर 12 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा उसी दिन 3 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय पर खोली जायेगी। समस्त निविदा को स्वीकार करने अथवा निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत में निहित होगा।

**राम निहाल** — प्रधान
**अर्जुन कुमार** — ग्राम पंचायत सचिव


## प्राइवेट विद्यालय में क्लास रूम में चलता पंखा गिरने से दो छात्रायें घायल

**कदौरा,जालौन।** प्राइवेट विद्यालय में शिक्षण कार्य के दौरान छात्रों के ऊपर गिरा चलता पंखा मची भगदड़ दो बच्चियां घायल कक्षा 6 की छात्राओं को ले जाया गया अस्पताल कस्बे में स्थित प्राइवेट विद्यालय में सुबह शिक्षण कार्य के दौरान छत में चल रहा पंखा अचानक बच्चो के ऊपर गिर गया जिसमे क्लास में बैठी दो छात्राएं घायल हो गई। वही अन्य बच्चों में भगदड़ मच गई तभी घायल बच्चियों को विद्यालय स्टाफद्वारा आनन फानन सीएचसी ले जाया गया। जानकारी के अनुसार कदौरा स्थित पंडित दीन दयाल विद्यालय में बुधवार की सुबह जैसे ही क्लास शुरू हुई तो कक्षा 6 में बैठे छात्र छात्राओं के ऊपर छत में लगा पंखा चलते हुए गिर पड़ा जिससे बैठे छात्रों में भगदड़ मच गई।

# पुलिस ने किया दो गांजा तस्कर गिरफ्तार



**इटावा, समृद्धि न्यूज।**

अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन, कानपुर एवं पुलिस उप महानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र, कानपुर के निर्देशन एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा संजय कुमार के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी सैफई के नेतृत्व में थाना चौबिया पुलिस टीम ने दो तस्करो को डेढ़ लाख रूपये कीमत का गांजा सहित गिरफ्तार कर कब्जे से 10 किलो 400 ग्राम गांजा अनुमानित कीमत 1,50,000 रुपये, 2 मोबाइल फोन, एक इलेक्ट्रानिक तराजू, स्विफ्ट कार परिवहन में प्रयुक्त को बरामद किया।

एसएसपी संजय कुमार ने बताया कि थाना चौबिया पुलिस मैनपुरी बार्डर एवं गुलाहार जाने वाले रास्ते पर संदिग्ध व्यक्ति/वाहन चैकिंग की जा रही थी इसी दौरान एक स्विफ्ट कार सफेद रंग की आती दिखायी दी जिसे पुलिस टीम द्वारा रूकने का इशारा किया गया तो चालक द्वारा कार को मोड़कर भागने का प्रयास किया गया। पुलिस टीम द्वारा आवश्यक बल प्रयोग करते हुये कार चालक सहित कुल 2 व्यक्तियों शिवम कुमार पुत्र सुरजीत सिंह निवासी भगवंतपुर थाना ऊसराहार इटावा, अनूप कुमार पुत्र सुखदेव सिंह यादव निवासी भगवंतपुर थाना ऊसराहार इटावा को गुलाहार जाने वाले रास्ते से गिरफ्तार किया गया। पुलिस टीम द्वारा पकडे गये व्यक्तियों की कार की तलाशी ली गयी तो कार से 10 किलो 400 ग्राम अवैध गांजा बरामद किया गया। बरामद गांजे के संबंध में पूछताछ करने पर उनके द्वारा बताया गया कि यह गांजा हम लोगों ने उडीसा से खरीदा था एवं इसे नोएडा बेचने जा रहे थे। इस सफलता में शैलेन्द्र प्रताप गौतम क्षेत्राधिकारी सैफई, बेचन कुमार सिंह थानाध्यक्ष चौबिया, उ.नि. विजयपाल, उ.नि. दर्शन सिंह, का. गोविन्द, चालक का. अमरदीप, का. पुष्पेन्द्र, का. रवि कुमार का सराहनीय योगदान रहा।

## 25 वर्षों से लापता हुये भाई की दी तहरीर

**जालौन, उरई।** 25 वर्षों से भाई के लापता होने और उससे कोई संबंध न होने की सूचना पीड़ित भाई ने कोतवाली में तहरीर देकर दी है। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला दलालनपुरा निवासी रामदास पुत्र मनीराम ने पुलिस को बताया कि उनके एक भाई काजू उर्फ राजू है। बीते लगभग 25 वर्षों से वह घर से लापता है। काफी खोजबीन के बाद भी उसका कहीं पता नहीं चला। जब उन्होंने जानकारी की तो पता चला कि वह अपने मकान आदि का हिस्सा भी बेंच चुका है। अब उनसे व उनके पुत्रों से उसका कोई सरोकार नहीं है। ऐसे में अब उनका भी अपने भाई के साथ कोई लेना देना नहीं है। यदि वह किसी के साथ कुछ करता है या उसके खिलाफ कोई कार्रवाई होती है।



## डीएम ने राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद को तिरंगा यात्रा की दी अनुमति

**इटावा।** राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद का एक प्रतिनिधि मंडल 15 अगस्त की पूर्व संध्या पर 78 में स्वाधीनता दिवस पर तिरंगा यात्रा निकालने के लिए जिलाधिकारी से मिला, जिस पर जिलाधिकारी द्वारा सहर्ष स्वीकृत प्रदान की गई। परिषद के अनुरोध पर 14 अगस्त को अपराह्न 3:30 बजे जिलाधिकारी से यात्रा प्रारंभ करने के लिए यात्रा को झंडी दिखाकर रवाना करने के लिए अनुरोध किया गया जिसे जिलाधिकारी द्वारा सहर्ष स्वीकार कर लिया गया है। इस यात्रा में परिषद के जिला अध्यक्ष राजेश मिश्रा एवं जिला मंत्री पवन श्रीवास्तव द्वारा अवगत कराया गया है कि तिरंगा यात्रा कलेक्ट्रेट से प्रारंभ होकर अंबेडकर चौराहा, नौरंगाबाद चौराहा, होते हुए नुमाइश परिसर में स्थित शहीद स्मारक पर राष्ट्रीय गान के साथ समाप्त होगी।

## रुपयों के लेनदेन को लेकर दो युवकों में हाथापाई

**जालौन , उरई समृद्धि न्यूज।** रुपयों के लेन देन को लेकर हुए विवाद में दो युवकों के बीच विवाद के बाद हाथापाई हो गई। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों के खिलाफ कार्रवाई की है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कुठौंदा बुजुर्ग में रुपयों के लेन देन को लेकर एक पक्ष के शिवरूद्र सिंह व दूसरे पक्ष के नीरज सिंह के बीच वाद विवाद हो रहा था। इसी दौरान दोनों पक्षों के बीच गाली, गलौज होने लगी। रोकने के बाद भी न मानने पर दोनों पक्ष मारपीट करने लगे। वहां मौजूद लोगों के समझाने के बाद भी न मानने पर उन्होंने पुलिस बुला ली। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों के खिलाफ कार्रवाई की है।

# काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी महोत्सव पर स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिजनों को किया सम्मानित

- गांधी सभागार में लखनऊ से प्रसारित मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण देखा व सुना

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़**





स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के परिजन को अंग वस्त्र से सम्मानित करते मंत्री असीम अरुण व वृक्षारोपण के दौरान मौजूद मंत्री — समृद्धि न्यूज

**काकोरी ट्रेन** एक्शन की 100वीं वर्षगांठ के अवसर पर काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी महोत्सव का आयोजन कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण रहे। मंत्री, जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, जिला अध्यक्ष भाजपा ने संयुक्त रूप से काकोरी ट्रेन एक्शन पर आधारित चित्र प्रदर्शनी का अवलोकन व स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिजनों अंगवस्त्र पहनाकर सम्मानित किया। जिलाधिकारी ने साइकिल सवार विद्यार्थियों विनोद दीक्षित अस्पताल से हरी झण्डी दिखाकर शहीद स्मृति यात्रा को रवाना किया। यात्रा का कलेक्ट्रेट परिसर में आगमन होने पर पुलिस वैण्ड द्वारा राष्ट्रधुन का वादन किया गया। इस दौरान मंत्री ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिजनों को नमन करते हुए कहा कि अमर शहीदों के बलिदानों के कारण आज हम आजादी के महौल में खुली सांसे ले रहें है। कहा कि काकोरी ट्रेन एक्शन के 99वें वर्ष पूर्ण हुए है, 1925 में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों द्वारा काकोरी ट्रेन एक्शन की कार्यवाही की गयी थी। आजादी से पहले अग्रेजों ने भारतवासियों को गुलामी की जंजीरों से बांध रखा था। जो वर्षो तक गुलामी में जकडे रहे। उससे पहले भारत देश को सोने की चिड़िया कहा जाता था। कहा कि बच्चे स्वतंत्रता सेनानियों के जीवन के बारे में अवश्य अध्ययन करें। जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल ने कहा कि भारतीय स्वतंत्रता संग्राम का जो इतिहास है। काकोरी ट्रेन एक्शन सबको रोमांचित करता है। इस घटना से देश प्रेम की प्रेरणा लेकर हमें देश की प्रगति के लिये आगे चलना है। विद्यार्थी देश के स्वर्णिम इतिहास को पढ़े और देश की तरक्की के लिये आगे बढ़ें। हम सभी लोगो को संकल्पित होकर देश की उन्नति के लिये विकास के पथ पर चलना होगा, तभी देश की तरक्की होगी। तदोपरान्त मंत्री ने विकास खण्ड गुगरापुर में काकोरी ट्रेन एक्शन तथा स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की स्मृति में शहीद स्मृति वाटिका में मौलश्री वृक्ष लगाकर स्थापना की। इस दौरान स्थानीय स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिजनों ने भी इस स्मृति वाटिका में अपने पूर्वजों की स्मृति में वृक्षारोपण कर बढ़ चढ़कर प्रतिभाग किया। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी आशीष कुमार सिंह, मुख्य विकास अधिकारी राम कृपाल चौधरी, जिला अध्यक्ष भाजपा वीरसिहं भदौरिया, जिला विकास अधिकारी नरेन्द्र देव द्विवेदी, डीसी मनरेगा दिनेश यादव, जिला पर्यटन अधिकारी डॉ एम मकबूल, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संदीप सिंह सहित जनप्रतिनिधिगण व विद्यालयों के छात्र/छात्राएं उपस्थित रहें।

# जेल में आयोजित हुई निबंध प्रतियोगिता, बंदियों ने लिया भाग

- प्रतियोगिता में स्थान प्राप्त बंदियों को डीआईओएस स्वतंत्रता दिवस पर करेंगे पुरुस्कृत

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़**




कारागार में प्रतियोगिता में निबंध लिखते बंदी — समृद्धि न्यूज

**काकोरी ट्रेन** एक्शन शताब्दी महोत्सव प्रारम्भ हो चुका है। शुक्रवार को प्रथम दिन अनौगी स्थित जिला कारागार जेल अधीक्षक मो. अकरम खॉ के नेतृत्व में निरूद्व बंदियों ''काकोरी ट्रेन एक्शन'' विषय पर निबन्ध प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया। निबन्ध प्रतियोगिता में दो महिला बंदियों सहित कुल 31 बंदियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। बंदियों द्वारा लिखे गये निबन्ध की जॉच कारागार स्तर पर गठित तीन सदस्यीय समिति जिसकी अध्यक्षा उर्मिला सिंह उपकारापाल, सदस्य पंकज कुमार कनिष्ठ सहायक व सदस्य मनोज कुमार कटियार द्वारा की गयी। जिसमें प्रथम स्थान पर अनिल पुत्र मलखान सिंह, द्वितीय स्थान रिजवान पुत्र इमरान अली, तृतीय स्थान पर अजय चौहान पुत्र रामपाल रहे। इसके अतिरिक्त महिला बंदी शिवानी पुत्री जवाहरलाल को भी सांत्वना पुरूस्कार में सम्मिलित किया गया। प्रथम/ द्वितीय/ तृतीय स्थान व सांत्वना पुरूस्कार में चयनित बंदी विजेताओं को पुरूस्कार वितरण जिला विद्यालय निरीक्षक के स्तर से किया जायेगा। निबन्ध प्रतियोगिता में सम्मिलित बंदियों की सूची व चयन समिति द्वारा चेक की गयी कापियॉ भी जिला विद्यालय निरीक्षक को प्रेषित की जायेगी। पुरूस्कार का वितरण स्वतन्त्रता दिवस के अवसर पर किया जायेगा।

# करंट लगने से युवक की मौत

**छिबरामऊ। समृद्धि न्यूज**



**कोतवाली** क्षेत्र के अंतर्गत रामपुर निगोह निवासी आशीष वाल्मीकि पुत्र राम प्रकाश जो की शाम 6ः00 बजे के करीब चारा लेकर अपने घर जा रहे थे तभी 11000 की लाइन से अचानक से करंट लगने के कारण मौत हो गई मेड़ता की शादी दो महापूर्व सदर कोतवाली क्षेत्र के बरौली निवासी निक्की की शादी आशीष के साथ हुई थी । ग्रामीणों ने बिजली विभाग के खिलाफ नारेबाजी कर विरोध प्रदर्शन किया और कहा कि कई बार बिजली विभाग की लापरवाही के कारण हद से हो चुके हैं कई बार बिजली विभाग से शिकायत की मगर कोई भी सुनवाई नहीं हुई क्योंकि बिजली विभाग के द्वारा तारों को ठीक नहीं किया जा रहा है वह 5 से 6 फीट ऊंचाई पर तार झूल रहे हैं जिसके वजह से कई बार हादसे हो चुके कई बार बिजली विभाग से शिकायत की तारों को ठीक करने को लेकर मगर कोई भी बिजली विभाग ध्यान नहीं दिया जिसकी लापरवाही के कारण मौत हो गई पीडित परिजनो ने बिजली विभाग के खिलाफ कार्रवाई और आर्थिक मदद दिलाए जाने की मांग की।

## खबरें चलते-चलते

### अनियन्त्रित होकर पलटा ई-रिक्शा, युवक घायल

**तिर्वा,समृद्धि न्यूज।** कोतवाली क्षेत्र के गागेमऊ गांव के निकट शुक्रवार की दोपहर एक ई-रिक्शा अनियन्त्रित होकर पलट गया। हादसे में ई-रिक्शा में सवार एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। कपूरापुर्वा गांव निवासी अनुज पुत्र अवधेश किसी काम से फगुहा भट्ठा आए थे। दोपहर को वह ई-रिक्शा पर बैठकर वापस घर जा रहे थे। उनके साथ में गागेमऊ गांव निवासी अंश पुत्र मदन सिंह बैठा था। जब उनका ई-रिक्शा गागेमऊ गांव के निकट पहुंचा, तभी अचानक अनियन्त्रित होकर सड़क पर पलट गया। हादसे में ई-रिक्शा चालक दीपक व अंश के छुटपुट चोटे आई। वहीं अनुज गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। यहां उसका उपचार चल रहा है।

### पंखे के करंट से महिला की मौत



**शिवराम कन्नौज** सिकंदरपुर निवासी सुखदेवी पत्नी राजू बाथम उम्र 38 वर्ष सुबह करीब 8ः00 बजे पंखे से अचानक करंट लगने के बाद चिल्लाने की आवाज सुनी इसके बाद पति राजू बाथम जब तक कुछ समझ पाता तब तक पत्नी बेहोश हो चुकी थी उसके बाद पति ने पत्नी को सैया अस्पताल में भर्ती कराया जहां पर डॉक्टरों ने देखते ही मृत घोषित कर दिया मौत के बाद परिजनों में कोहराम मच गया मृतक्का के चार बच्चे सूरज 18 वर्ष अमन 16 वर्ष निशा 15 वर्ष सिक्का 13 वर्ष के रो-रो कर बुरा हाल थ

### सपा नेता रोबिन यादव बने बहराइच के प्रभारी



**छिबरामऊ।** समाजवादी लोहिया वानी के राष्ट्रीय सचिव रोबिन यादव को छात्र, नौजवान, पीडीए जागरूकता अभियान के अन्तर्गत जनपद बहराइच के सदस्यता प्रभारी बनाया गया।इस पर सपा नेता आशुतोष सिंह, अंकुर सिंह, गौरव कुमार, बलराम, अभय दीक्षित आदि ने हरोष व्यक्त किया है।इससे पहले इन्हे लोकसभा चुनाव मे जनपद फतेहपुर का प्रभारी भी बनाया गया था।

### युवक को मारपीट कर दी धमकी

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** क्षेत्र के ग्राम गढ़िया कछपुरा निवासी गौरव पुत्र मानसिंह द्वारा कोतवाली में दर्ज कराए गए मुकदमे में कहा गया है कि विगत 06 अगस्त की शाम 04 बजे वह घर की ओर जा रहा था तभी गांव के ही गिरोह सिंह, हरिश्चंद्र, अवनीश, मझिलंका नें गाली गलौज करते हुए लाठी डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया तथा जान से मारने की धमकी दी। घटना के संबंध में कोतवाली पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज कर जॉच शुरू कर दी गई है।

### ग्राम कीरतपुर में अन्न योजना के अन्तर्गत वितरित की गई किसानों को किटे

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** आईपीएम ग्राम कीरतपुर में अन्न योजना के अन्तर्गत किसानों को मिनी किटे वितरित की गई। कृषक प्रशिक्षण के चतुर्थ सप्ताह के अन्तर्गत कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिला कृषि रक्षाधिकारी सतेन्द्र सिंह द्वारा कृषकों को आईपीएम संबंधित विभिन्न विधाओं के बारे में जानकारी दी गई। उन्होंने फिरोमेन ड्रेप, लाइट लेप एवं आईपीएम के संबंध में कृषकों को विस्तार से बताया। साथ ही अन्य योजनाओं की जानकारी दी। रागी, सांवा, कोदो आदि के मिनी किट वितरित किये गये।

# अब्जका आज जिलाधिकारी को सौंपा जायेगा ज्ञापन

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़**

**अखिल** भारतीय अनुसूचित जाति एवं जनजाति कर्मचारी कल्याण एसोसिएशन (अब्जका) नई दिल्ली की शाखा जनपद इकाई कन्नौज के द्वारा केंद्रीय नेतृत्व के आव्हान पर आज राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी के द्वारा दिया जायेगा। अब्जका जनपद इकाई कन्नौज के वरिष्ठ उप महासचिव अबधनारायण ने बताया कि भारतीय संविधान के द्वारा देश के एससी/ एसटी समुदाय को प्रदत प्रतिनिधित्व/ आरक्षण के उपवर्गीयकरण के सम्बंध में सर्वोच्च न्यायालय की सात सदस्यीय पीठ के द्वारा 1 अगस्त 2024 को जो निर्णय दिया गया है। वह पूर्णतया असंवैधानिक तथा अव्यवहारिक है। जो समुदाय सदियों से शोषित पीड़ित एवं वंचित रहा हो तथा उसकी वर्तमान एक पीढ़ी संवैधानिक प्रावधानों के तहत प्राप्त प्रतिनिधित्व से चापरासी शिक्षक या बाबू बन जाने से वह समुदाय समाज की मुख्य धारा में कैसे शामिल हो सकता है। सुप्रीम कोर्ट की सात सदस्यीय पीठ के द्वारा एक अगस्त को एससी/ एसटी समुदाय को प्राप्त प्रतिनिधित्व में उपवर्गीयकरण एवं क्रिमिलेयर की व्यवस्था के सम्बंध जो निर्णय दिया गया है। उसके सम्बंध में हम लोगों की देश के समस्त राजनैतिक दलों से विशेषकर सत्ताधारी पार्टी से यह मांग है। कि संसद के चल रहे वर्तमान सत्र में ही कानून बना करके इसे निरस्त किया जाए। जिससे एससी / एसटी समुदाय में आपसी सौहार्द कायम रहे तथा देश के एकता और अखंडता अक्षण्णु बनी रहे। इसी प्रकरण को लेकर के अब्जका जनपद इकाई कन्नौज के द्वारा राष्ट्रपति को संबोधित एक ज्ञापन दिया जायेगा।

# व्यापारी नेताओं ने केक काटकर मनाया आबकारी मंत्री का जन्मदिन

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज**



आबकारी मंत्री के जन्मदिन पर केक काटते व्यापारी नेता — समृद्धि न्यूज

**उत्तर प्रदेश** आबकारी मंत्री व उत्तर प्रदेश उघोग व्यापार संगठन प्रदेश अध्यक्ष नितिन अग्रवाल के जन्मदिवस पर प्रदेश मंत्री के नेतृत्व में जिला कार्यकारिणी द्वारा उनके दीर्घायु होनें की कामना करते हुये धूमधाम से केक काटकर मनाया गया।

शुक्रवार को सिकन्दरपुर स्थित उत्तर प्रदेश उघोग व्यापार संगठन जिला महामंत्री संजय गुप्ता के प्रतिष्ठान पर मुख्य अतिथि प्रदेश मंत्री सागर अग्रवाल लकी ने पदाधिकारियों के साथ उत्तर प्रदेश आबकारी मंत्री व उत्तर प्रदेश उघोग व्यापार संगठन प्रदेश अध्यक्ष नितिन अग्रवाल के जन्मदिवस पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर व केक काटकर एक दूसरे को खिलाकर खुशी का इजहार किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष नितिन अग्रवाल ने सदैव व्यापारी हित में कार्य करते हुये उनकी समस्याओं को निस्तारित करानें सहित शासन से व्यापारी हित में योजनायें लागू करानें में अहम भूमिका निभाई है। इससे पहले पदाधिकारियों नें प्रदेश मंत्री सागर अग्रवाल लकी को फूल मालायें पहनाकर भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष संजय गुप्ता, ऋषि यादव, विपिन कौशल, क्षितिज गुप्ता, राजीव दुवे, अमरदीप गुप्ता सहित तमाम व्यापारी मौजूद रहे।

# कांग्रेसी नेताओं ने सेनानियों के परिजनों को किया सम्मानित



सेनानियों के परिजनों को सम्मानित करते कांग्रेसी नेता — समृद्धि न्यूज

**तिर्वा। समृद्धि न्यूज**

- तमोली मंदिर के निकट आयोजित हुआ कार्यक्रम

**कस्बे के** तमोली मंदिर परिसर में शुक्रवार को कांग्रेसी नेताओं ने अगस्त क्रान्ति दिवस का आयोजन किया। इस दौरान नेताओं ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिजनों को अंग वस्त्र भेंटकर व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कांग्रेस के पूर्व विजय मिश्रा ने कहा कि 09 अगस्त को भारतीय स्वाधीनता संग्राम के लिए एक महत्वपूर्ण दिन है। इस दिन राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने 1942 में अंग्रेजो भारत छोड़ो का नारा दिया था। उन्होने बताया कि इसी तमोली मंदिर से ही स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों ने अंग्रेजी हुकुमत से लोहा लिया था। कार्यक्रम के दौरान कांग्रेसी नेताओं ने विजय मिश्र, ओमकारनाथ त्रिपाठी, देवपाल कनौजिया, शिवनाराण सहित कई स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिजनों को सम्मानित किया। इस दौरान जिलाध्यक्ष दिनेश पालीवाल, पूर्व जिलाध्यक्ष प्रमोद शाक्य, सभासद कृष्ण प्रताप सिंह, सभासद अवनीश कुमार, आकाश कटियार, राजीव कुमार श्रीवास्तव, अभिषेक पटेल, गुड्डू सहित कई कांग्रेसी नेता मौजूद रहे।

# बाइक सवार सेल्समैन से मारपीट कर छीन 63 हजार की नगदी

- शराब की दुकाने बंद कर साथी के साथ घर जा रहे थे दो सेल्समैन
- बेलामऊ सरैया गांव के निकट गुरूवार की रात हुई घटना

**तिर्वा। समृद्धि न्यूज**

**इंदरगढ़** थाना क्षेत्र के बेलामऊ सरैया गांव के निकट गुरूवार की रात शराब की दुकान बंद करके जा रहे बाइक सवार तीन युवकों के साथ अज्ञात बदमाशों ने मारपीट की। लाठी-डंडो से पिटाई कर उनकी जेब में पड़ी 63 हजार की नगदी छीनकर फरार हो गए। तीनों घायलों को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। इंदरगढ़ पुलिस मामले की जांच कर रही है। तिर्वा कोतवाली क्षेत्र के रामपुर सादी गांव निवासी बृजेश कुमार गंभीरपुर्वा गांव में संचालित शराब की दुकान पर सेल्समैन का काम करते है। बेलामऊ सरैया गांव में संचालित शराब की दुकान पर मोहित सेल्समैन का काम करता है। दोनो गुरूवार की रात अपने मित्र योगेश कुमार के साथ बाइक पर बैठकर घर जा रहे थे। जब उनकी बाइक बेलामऊ सरैया गांव के निकट पहुंची, तभी झाड़ियों के किनारे पहले से घात लगाए बैठे चार बदमाशों ने उनकी बाइक रोककर लाठी-डंडो से पिटाई शुरू कर दी। मारपीट कर उसकी जेब में पड़ी 63 हजार की नगदी छीन ली। शोर मचाने पर चारों बदमाश मौके से भाग गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने तीनों घायलों को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया। मामले में इंदरगढ़ थानाध्यक्ष पारूल चैधरी ने बताया कि मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

# श्रीराम कथा समापन पर श्रद्धालुओं ने चखा प्रसाद



**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़**

- भंडारे में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर कमाया पुण्य

**श्रीराम कथा** समापन पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। कस्वे में जीटी रोड पर स्थित प्राचीन श्री दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर में चल रही नौ दिवसीय श्रीराम कथा संपन्न हो गई। कथा के समापन पर हवन-यज्ञ और भंडारे का आयोजन किया गया। भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहले हवन यज्ञ में आहुति डाली और फिर प्रसाद ग्रहण कर पुण्य कमाया। वृन्दावन से पधारे कथा वाचक आचार्य पंडित श्याम द्विवेदी ने कहा कि बुराई कितनी भी बड़ी हो। कितनी भी शक्तिशाली हो। लेकिन अंत में बुराई का ही अंत होता है। जैसे रावण सबसे बड़ा शक्तिशाली था। लेकिन उसने बुराई का रास्ता चुना इसलिए उसका अंत हुआ। इससे हमें सीख लेने की जरूरत है। ताकि हम अच्छाई की राह पर चल सकें। भंडारे में कस्वा सहित आसपास के गांवों के लोगों ने शामिल होकर भोजन प्रसादी ग्रहण की। इस दौरान सदभाव शुक्ला, सुभाष कटियार, कृष्ण कुमार तिवारी, गीता पाठक, छोटे मिश्रा, राहुल गुप्ता, रामू बाथम, पुष्पेंद्र कटियार, सौरभ पाठक, उदित शुक्ला आदि लोग मौजूद रहे।

मेजर एस.डी.सिंह पी.जी.आयुर्वेदिक मेडिकल कालेज एण्ड हास्पिटल-फतेहगढ़






# मंत्री ने शहीदों को याद कर काकोरी कांड की यादें ताजा कीं

- अमृत सरोवर पर किया वृक्षारोपण, जनप्रतिनिधि भी रहे मौजूद

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज**

**काकोरी ट्रेन** एक्शन शताब्दी समारोह में शिरकत करने पहुंचे उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय का कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी से स्वागत किया। इस दौरान मंत्री ने कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्जवलित कर किया तथा शहीदों को याद कर काकोरी कांड की यादें ताजा कीं। कार्यक्रम समापन पर वृक्षारोपण किया।

कमालगंज विकासखंड के ग्राम रानू खेड़ा में काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी महोत्सव में उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय शुक्रवार को सुबह पहुंचे। उनके साथ में जिला अध्यक्ष रूपेश गुप्ता, भोजपुर विधायक नागेंद्र सिंह राठौर, अमृतपुर विधायक सुशील शाक्य, जिला महामंत्री फतेहचंद वर्मा, जिलाधिकारी संजय कुमार, पुलिस अधीक्षक आलोक



कार्यक्रम को संबोधित करते उच्च शिक्षा मंत्री — समृद्धि न्यूज

प्रियदर्शी सहित आला अधिकारी मौजूद थे। कार्यक्रम की शुरुआत योगेंद्र उपाध्याय ने दीप प्रज्वलन के साथ की। उसके बाद में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण स्क्रीन पर देखा गया। प्रदेश सरकार में शिक्षा मंत्री योगेंद्र प्रकाश उपाध्याय वीर शहीदों को याद करते हुए 9 अगस्त को खास दिन बताया इस दिन काकोरी कांड को बताया कि आज के दिन अंग्रेजों की जड़े हमारे बीच शहीदों ने हिला दी थी। कार्यक्रम के समापन के बाद मंत्री ने रानूखेड़ा के अमृत सरोवर पर वृक्षारोपण किया। इस मौके पर उनके साथ जिलाधिकारी संजय कुमार, पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी, जिला विकास अधिकारी अरविंद कुमार, एडीएम सुभाष चंद्र प्रजापति, एसडीम, जिला अध्यक्ष रूपेश गुप्ता, अमृतपुर विधायक सुशील शाक्य, जिला महामंत्री फतेहचंद वर्मा, डीसी मनरेगा रंजीत कुमार, खंड विकास अधिकारी अमरेश चौहान, अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी गौरव कुमार, प्रधान संध्या वर्मा, प्रधान प्रतिनिधि शीशराम, रोजगार सेवक सहदेव व ग्राम वासियों सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

### मंत्री को काजू कतली, स्वास्थ्यकर्मियों को पानी तक नहीं हुआ नसीब

कमालगंज। कार्यक्रम के दौरान स्वास्थ्य विभाग की एक टीम भी कॉलेज के अंदर लगाई गई थी। जिसमें कमालगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में तैनात प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ0 अजय कुमार, डॉ0 मानसिंह वर्मा, वार्डबॉय विमल सहित कई स्वास्थ्य कर्मचारी थे। एक तरफ तो मंत्री व विधायक काजू कतली व विभिन्न पकवान खाते नजर आ रहे थे, तो वहीं दूसरी तरफ स्वास्थ्य विभाग की टीम पानी के लिए भी तरस रही थी। कमालगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में तैनात प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डा0 अजय कुमार ने अपने निजी रुपए खर्च करके पानी की बोतल मंगवाई। उन्होंने बताया की न ही पानी का इंतजाम है ना ही नाश्ते का। पत्रकारों के लिए बैठने तक का कोई स्थान नहीं था जिस पर इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के कुछ पत्रकार कार्यक्रम का बहिष्कार करके चले गए।

# वोट बढ़ाने हेतु विधानसभा वार प्रभारी की हुई नियुक्ति

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** समाजवादी पार्टी के नेतागण, पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं को वोट बढ़ाने के लिए जिम्मेदारी सौंपी गयी है। सभी से अनुरोध है कि अपने-अपने क्षेत्र में अपने बूथ पर वोट बढ़ाने का काम शुरू कर दें। जिससे कि हम आने वाले चुनाव में अपने वोटर को ज्यादा से ज्यादा संख्या में बढ़ा सकें। जिला अध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव के निर्देशानुसार वोट बढ़ाने के कार्यक्रम के तहत फर्रुखाबाद सदर क्षेत्र से प्रभारी पूर्व विधायक विजय सिंह के पुत्र विक्की सिंह रहेंगे। अमृतपुर से प्रभारी पूर्व प्रत्याशी एवं प्रदेश सचिव डॉ0 जितेंद्र सिंह यादव, कायमगंज से प्रभारी पूर्व प्रत्याशी एवं प्रदेश सचिव सर्वेश अंबेडकर एवं भोजपुर से प्रभारी पूर्व ब्लाक प्रमुख राशिद जमाल सिद्दीकी होंगे। जिला प्रवक्ता विवेक यादव ने बताया कि संगठन स्तर पर इसकी सुचारू मॉनिटरिंग हेतु जिला उपाध्यक्ष



डॉ0 जितेंद्र सिंह यादव

सुभाष चंद्र शाक्य को फर्रुखाबाद सदर एवं भोजपुर का प्रभारी नियुक्त किया गया है। जिला महासचिव इलियास मंसूरी को कायमगंज विधानसभा एवं अमृतपुर विधानसभा का प्रभारी नियुक्त किया गया है। दोनों संगठन प्रभारी से अपेक्षा की गई है कि अपनी-अपनी विधानसभाओं की दैनिक रिपोर्ट बनाकर जिला अध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव को देंगे।

# खबरें चलते-चलते

### मोबाइल लुटेरे एवं बाइक चोर गिरफ्तार, माल बरामद

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** जहानगंज थाना पुलिस ने रामबाग चौराहे के निकट मोबाइल लुटेरे एवं बाइक चोर को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने थाना जहानगंज के ग्राम मैदा श्यामपुर निवासी गौरव पुत्र पिन्टू एवं ग्राम रठौरा मोहद्दीपुर निवासी उदय पुत्र विनोद कुमार को गिरफ्तार किया है। जिनके पास चोरी का मोबाइल फोन लावा कम्पनी तथा मोटर साइकिल अपाचे रंग सफेद नं0 यू.पी.76डब्लू/1678 को बरामद किया। अभियुक्तों ने पुलिस को बताया कि हम दोनो ने अपने तीसरे साथी सौरभ पुत्र श्याम सिंह निवासी राजेपुर भूड़ थाना जहानगंज की मदद से यह मोबाइल फोन 6 अगस्त को रात 8 बजे दरियावगंज से कमालगंज जाने वाले रोड पर एक राहगीर से छीना था। हम लोग चोरी की अपाचे मोटर साइकिल से भाग गये। बरामद मोटर साइकिल के बारे में पूछने पर बताया कि यह मोटर साइकिल हम तीनों ने थाना मऊदरवाजा के ग्राम ढिलावल से चोरी की थी।

### के.डी. बालिका महाविद्यालय में मनाया गया कारोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी समारोह

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** कृष्णा देवी बालिका महाविद्यालय में काकोरी ट्रेन एक्शन 9 अगस्त 1925 की 100वीं वर्षगाँठ के उपलध्य में एक कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसमें विद्यालय के समस्त शिक्षकगण और कर्मचारीगण उपस्थित रहे। प्राचार्य सी.डी. यादव, उप प्राचार्य प्रेमलता व प्रशासनिक अधिकारी डॉ0 अरिमर्दन ने बच्चों को काकोरी कांड के सम्बन्ध में जानकारी दी तथा प्रश्न पूछे। बच्चों ने भी उत्साह के संग कविता, गीत, गाना एवं सद्विचार प्रस्तुत किये। बच्चों के उत्साहवर्धन हेतु उन्हें प्रथम, द्वितीय, तृतीय पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया। प्रथम पुरस्कार बी.एस.सी. प्रथम वर्ष की रिया राठौर को, द्वितीय बी.एस.सी. प्रथम वर्ष की दर्शिका को एवं तृतीय पुरस्कार सौम्या दीक्षित को दिया गया। लगभग 200 छात्राओ और विद्यालय प्रांगण के समस्त व्यक्तियों की उपस्थिति ने काकोरी ट्रेन एक्शन के समस्त शहीदों को भावभीनी श्रद्धांजलि द्वारा नये सत्र का ये दिन अविस्मरणीय बना दिया।

### जय भोले बाबा कमेटी द्वारा गंगा तट पर हुआ महारूद्राभिषेक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जय भोले बाबा कमेटी के द्वारा सावन के पवित्र माह में नाग पंचमी के अवसर पर पतित पावनी मां गंगा के तट पर 37वें महारूद्राभिषेक का अयोजन किया गया। आचार्य पंडित अजय तिवारी ने मंत्रो के द्वारा रुद्राभिषेक कराया। नाग पंचमी के अवसर पर जय भोले बाबा कमेटी के सदस्य मां गंगा के तट पर सुबह से ही उपस्थित होकर साफ-सफाई कर बालू से बाबा महाकाल की आकृति बनाकर फूलों से भव्य श्रृंगार किया गया तथा पूजा अर्चना की गई। पंडित अजय तिवारी ने पूजा अर्चना के साथ ही मंत्रो द्वारा भगवान भोलेनाथ का महारुद्रभिषेक कराया तथा भोलेनाथ और मां गंगा की आरती कराई। इस दौरान भक्तों ने हर-हर गंगे और बम-बम बोले के जमकर जयकारे लगाए। रुद्राभिषेक के बाद प्रसाद वितरण किया गया। इस मौके पर अध्यक्ष प्रमोद द्विवेदी, जीतू बाजपेई, नीरज बाजपेई, राममोहन शुक्ला, हेमंत रस्तोगी, मोहन सिंधी, समीर दीक्षित, भोला, अंकुर, पवन कुमार, सूरज यादव, रामू मिश्रा, अंचल द्विवेदी, राजा, मेहुल बाजपेई, जीतू वर्मा आदि मौजूद रहे।

### सामान्य ज्ञान परीक्षा में विजयी छात्र को मिलेगी साइकिल

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** विश्वनाथ सामाजिक सेवा संस्थान द्वारा संचालित एशियन कम्प्यूटर इंस्टीट्यूट 11 अगस्त रविवार को सामान्य ज्ञान परीक्षा आयोजित करायेगा। परीक्षा में सीनियर व जूनियर वर्ग के छात्र-छात्रायें प्रतिभाग करेंगे। इंस्टीट्यूट के निदेशक सुरेन्द्र पाण्डेय व आकांक्षा सक्सेना ने बताया कि 11 अगस्त को आयोजित होने वाली परीक्षा सरस्वती विद्या मन्दिर इंटर कॉलेज श्याम नगर, जेएस इंटर कॉलेज नवाबगंज, अमर ज्योति इंटर कॉलेज राजपुर, अवन्तीबाई पब्लिक इंटर कॉलेज भरगवां शाहजहाँपुर सहित कुल चार केन्द्रों पर आयोजित होगी। जूनियर वर्ग की परीक्षा प्रातः 9 बजे से 10 बजे तक होगी। कक्षा 6 से 9 तक के छात्र एवं सीनियर वर्ग की परीक्षा प्रातः 11 बजे से दोपहर 12 बजे तक होगी। कक्षा 10 से ऊपर के छात्र छात्रायें परीक्षा देंगे। प्रबन्ध निदेशक आकांक्षा सक्सेना ने बताया कि विजयी 50 छात्रों को पुरस्कृत किया जायेगा।

# ग्रामीणों ने फसलें बचाने के लिए चंदा इकट्ठा कर बनाया बांध

- चंदे के पैसे से ग्रामीणों ने जेसीबी ईंट का रोड़ा डालकर बचाई फसलें

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज**

**अमृतपुर तहसील क्षेत्र** में इन दिनों गंगा की बाढ़ का कहर बना हुआ है। दर्जनों गांव के साथ हजारों बीघा फसल भी बाढ़ के पानी से बरबाद हो गई हैं। वहीं नासे की पुलिया के पास करीब 500 बीघा फसल को सुरक्षित करने के लिए ग्रामीण आगे आए। कई ग्रामीणों ने चंदा इक्कठा कर बांध बनाने का काम शुरू किया। जिससे काफी फसल बाढ़ के पानी से सुरक्षित कर ली गई है।

तहसील क्षेत्र के खानपुर, चैनगंज गांव के खेतों में हर साल गंगा की बाढ़ का पानी आ जाता है। जिससे किसानों की मेहनत से बोई हुई फसलें बरबाद हो जाती है। इस बार बाढ़ का पानी खेतों की तरफ आना शुरू हुआ।



ग्रामीणों द्वारा बनाया गया बांध — समृद्धि न्यूज

किसानों ने खेतों में धान, उड़द, तिल सहित कई फसलें बोई थीं। किसानों को प्रशासन से मदद मिलने की कोई उम्मीद नहीं थी। जिसके बाद किसान नरसिंह, सतीश, सचिन ने कमेटी बनाकर ग्रामीणों ने चंदा इक्कठा शुरू किया। 20 हजार रूपए तक इक्कठा होने के बाद जेसीबी मशीन से बांध बनाने का काम शुरू किया गया। इसके साथ ही बंधे को कई फीट ऊंचा करने के बाद मजबूत करने को ईट का रोड़ा भी बड़ी मात्रा में डाला गया। किसानों ने बताया की प्रशासन से कई बार गुहार भी लगाई गई, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। इसलिए इस वर्ष बाढ़ से फसल बचाने के लिए सभी लोगों ने खुद मिलकर ही बांध बनाने का निर्णय लिया। बांध बन जाने से काफी फसल सुरक्षित हो गई है, लेकिन ग्रामीणों ने बताया कई बार प्रशासन को अवगत कराया गया, लेकिन कोई आश्वासन नहीं मिला। थक हारकर उन्हें स्वयं यह कदम उठाना पड़ा।

# चरस संहिता की जयंती पर हुई पोस्टर प्रतियोगिता



पोस्टर प्रतियोगिता में भाग लेंती छात्रायें — समृद्धि न्यूज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**मेजर एस.डी.सिंह** पी0जी0 आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल में चरक संहिता की जयंती मनायी गयी। आयुर्वेद संहिता एवं सिद्धान्त विभाग में स्थापित महर्षि चरक की प्रतिमा का विधिवत पूजन किया गया एवं कालेज के सभागार में चरक पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें छात्र-छात्राओं ने मनमोहक पोस्टर बनाकर प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार प्राप्त किया। जिसमें प्रथम पुरस्कार 2020 बैच की शाम्भवी कुमारी, द्वितीय 2023 बैच की सुभद्रा देवनाथ, तृतीय 2023 बैच के ब्योम सिंह ने प्राप्त किया। कार्यक्रम का संचालन अरुण कुमार पाण्डेय ने किया। अध्यक्षता प्राचार्य डॉ0 अंजना दीक्षित ने की। पोस्टर प्रतियोगिता के जज डॉ0 सुनील कुमार गुप्ता डॉ0 शीलू गुप्ता रहे। आयोजनकर्ता डॉ0 मुकेश कुमार विश्वकर्मा तथा सभी शिक्षक उपस्थित रहे।

# नाग पंचमी पर महाकाल मंदिर में हुई पूजा अर्चना

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**महाकाल** मंदिर में सावन शुक्ल पक्ष पंचमी पर भक्तों ने आम दर्शन कर तक्षक नाग की प्रतिमा 9 फनो पर शिव प्रतिमा आदि के दर्शन कर पूजा अर्चना की। तक्षक नाग मौलेश्वर महाकाल मंदिर में



तक्षक नाग की पूजा करती अर्चना दीक्षित

अनेक क्षेत्रों के श्रद्धालु यहां कालसर्प दोष की पूजा करने आते हैं। यहा पर भक्त चांदी के नाग नागिन का जोड़ा कालसर्प दोष एवं अन्य किसी पर ही प्रकार के दोष के निवारण हेतु वर्ष में एक बार नाग प्रतिमा को स्पर्श करने के लिए आते हैं। भक्त दूध, दही, शहद, बेलपत्र, धतूरा, मंदार के पुष्पों के साथ दूध, जलेबी, सूतफेनी चढ़कर पूजा अर्चना करते है।

अर्चना दीक्षित ने दीप प्रज्वलित कर तक्षक नागचंद्र मौलेश्वर का पूजन भक्तों के कल्याण हेतु किया। आरती में सैकड़ो श्रद्धालुओं ने भगवान के प्रातः काल में दर्शन किए। सूतफेनी दूध में मिश्रित मेवा खीर का प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर चंदन कटियार, अवधेश बाजपेई, सिलाय, दीपक, सुमित, उमेश आकाश, शिवांग सक्सेना, स्वरूप सक्सेना, शिखा, रेनू, जगदेवी, विमला आदि भक्त मौजूद रहे। प्रसाद की व्यवस्था देवीराम ने संभाली।

# जनतंत्र क्रांतिकारी मोर्चा ने क्रांति दिवस पर शहीदों को किया याद

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**जनतंत्र क्रांतिकारी** मोर्चा द्वारा क्रांति दिवस काकोरी काण्ड के शताब्दी वर्ष पर देश के क्रांतिकारियों को याद किया गया। सभी ने माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किये। शिवाजी कटियार ने डाक्टर मेहंदी हसन, शिव कुमार वर्मा व उत्तम कुमार मिश्रा ने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि साहसी वीरों ने देश की आजादी के लिए अपने प्रांणों की आहूति दे दी। पंडित रामनारायन आजाद व वंशीधर श्रीवास्तव के बारे में विचार व्यक्त किये गये। इन्होंने भी देश के प्रति अपना बलिदान दे दिया। इस मौके पर नरेन्द्र कुमार शर्मा, कृष्ण कुमार मिश्रा, अश्वनी मिश्रा, अशोक, कन्हैया लाल श्रीवास्तव आदि लोग मौजूद रहे।

# सर्प के डसने से युवक की मौत, मचा कोहराम

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज**

**युवक को** सर्प ने डस लिया। जिससे उसकी हालत बिगड़ गयी। परिजन सीएचसी लेकर पहुंचे। जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने लोहिया के लिए रेफर कर दिया। लोहिया पहुंचने पर चिकित्सक ने युवक को मृत घोषित कर दिया। जिससे परिजनों में कोहराम मच गया।

जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के गाँव लटूर नगर झब्बूपुर निवासी सुनील कुमार उम्र 25 वर्षीय पुत्र प्रेमचन्द शुक्रवार कि रात्रि को घर पर लेटने के लिए मच्छरदानी लगा रहा था, अंधेरा होने के कारण उसका पैर सांप के ऊपर पड़ गया। जिससे सांप ने उसके पैर में डस लिया। पैर में खून निकलने से वह समझा कि गेहूं से भरी लोहे की टंकी पैर में लग गयी होगी। जिससे खून निकल आया। वह मच्छरदानी मे लेट गया। कुछ ही देर बाद उसकी हालत बिगड़ने लगी। जिस पर उसने पत्नी को बताया। पत्नी ने



गुमशुम बैठे मृतक के परिजन — समृद्धि न्यूज

अपने देवर राजू, श्यामवीर, सत्यवीर को आवाज लगाई। तीनों लोगों ने दौड़कर देखा और तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लेकर पहुंचे। जहाँ ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉ0 विपिन कुमार ने प्राथमिक उपचार के बाद लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। वही परिजनो ने आरोप लगाया है कि डायल 108 पर फोन करने के बाद भी एक घन्टे तक एम्बुलेन्स नहीं मिली। उसके बाद सुनील की हालत गम्भीर होने लगी। एम्बुलेन्स से लोहिया अस्पताल लेकर पहुँचे। जहाँ डाक्टर ने सुनील को मृत घोषित कर दिया। मौत की सूचना पाते ही परिजनों में कोहराम मच गया। परिजन शव लेकर घर आ गये। परिजनों ने सांप को ढूंढकर मार दी। घटना की सूचना पाते ही ग्राम प्रधान अखलेश गंगवार, लेखपाल अनिल शर्मा, उपनिरीक्षक नितिन यादव, कांस्टेबिल राजेश शर्मा ने मौके पर पहुँचकर जाँच पड़ताल कर शव का पंचनामा भरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। मृतक का विवाह 22 मई 2024 को उदयपुरा जनपद एटा निवासी अनामिका पुत्री चन्द्र शेखर के साथ हुआ था।

# व्यापारियों ने बिजली की समस्या को लेकर अधीक्षण अभियंता को सौंपा ज्ञापन



अधीक्षण अभियंता को ज्ञापन सौंपते व्यापारी — समृद्धि न्यूज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**उद्योग व्यापार** मंडल के जिला महामंत्री प्रमोद गुप्ता के नेतृत्व में संगठन के पदाधिकारियों का एक प्रतिनिधमंडल बिजली समस्या व व्यापारियों की अन्य समस्याओं को लेकर अधीक्षण अभियंता विद्युत अजय कुमार को भोलेपुर कार्यालय जाकर ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधि मंडल में प्रमोद गुप्ता के अलावा संगठन के जिला मंत्री एवं जिला मीडिया प्रभारी मुकेश गुप्ता, फतेहगढ़ नगर युवा अध्यक्ष संदेश अग्रवाल, रविकांत गुप्ता, नदीम खान, अशोक कुमार कनौजिया आदि ने अधीक्षण अभियंता से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा और समस्यायें बतायी। व्यापारियों ने मांग की कि जिन घरों में घरेलू कनेक्शन पहले से लगे हुए हैं और अगर वह घर मालिक अपने घर के आगे एक बहुत छोटी सी दुकान रख लेता है तो उसका कनेक्शन भी कमर्शियल में परिवर्तित कर दिया जाता है। ऐसे लोगों का विभाग के नियमानुसार छोटे व्यापारियों के हितों को भी ध्यान में रखते हुए कार्य किया जाए। लिंजीगंज के व्यापारी अशोक कनौजिया से संबंधित कई वर्षो से लंबित चली आ रही है। जिसका निस्तारण किया जाये। मुकेश गुप्ता ने बताया कि लिंजीगंज में कुछ दुकानों की छत पर फर्श से छूते हुए बिजली के क्षतिग्रस्त तार पोल से लेकर रोड के पीछे साइड में स्थित गली के मकानों तक गए हुए हैं। जिससे इस बरसात के मौसम में पानी बरसने पर दुकानों पर करंट आने पर कोई घटना घटित हो सकती है। रविकांत गुप्ता ने चूड़ी वाली गली में फैले हुए बिजली के तारों के संबंध में समस्या रखी। अधीक्षण अभियंता ने कहा कि कोई समस्या हो तो हमें बताये, समाधान किया जायेगा।

**समस्या** — कई बार ग्रामीणों ने अधिकारियों से लगाई गुहार, नहीं हल हुई समस्या

# गड्ढे में सड़क या सड़क में गड्ढा, विकास की पोल खोल रहा मार्ग

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज**

**उत्तर प्रदेश** सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में विकास के दावे चाहे करती हो, लेकिन धरातल पर कुछ दिखाई नहीं दे रहा है। सड़कें गड्ढों में तब्दील हो चुकी हैं। इससे साफ जाहिर होता है कि विकास के दावे को जो आईना दिखाया जा रहा है वह कागजी कार्रवाई तक ही सीमित है। अधिकारी कर्मचारी मोटी सैलरी लेकर अपने कर्तव्यों का निर्वाहन करने से पीछे रहते हैं। जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में विकास कार्य या तो हो नहीं पाते या फिर घटिया तरीके से कराए जाते हैं। अमैयापुर पश्चिमी जाने वाला संपर्क मार्ग पिछले दो वर्षों से पूरी तरीके से जर्जर हो चुका है। ग्रामीणों द्वारा कई बार इसकी शिकायत मुख्यमंत्री पोर्टल से लेकर अधिकारियों के दरबार तक की गई, परंतु कोई नतीजा हासिल नहीं हुआ। अब इस संपर्क मार्ग पर गहरे गड्ढे हो चुके हैं और उन गड्ढे में पानी भरा हुआ है। बच्चे स्कूल नहीं पहुंच पाते। बीमार परेशान व्यक्ति इस मार्ग से नहीं निकल



खस्ताहाल मार्ग को दिखाते ग्रामीण — समृद्धि न्यूज

पाते और बुजुर्ग जब यहां से निकलते हैं तो या तो फिसल जाते हैं या फिर उधर से नहीं निकल नहीं पाते। इसी गांव के रहने वाले पुष्पेंद्र सिंह, शिवदत्त राजपूत, सोबरन सिंह ,अनंत राम, राकेश आदि ने बताया कि उन्होंने इस सड़क के पुनर्निर्माण के लिए जनप्रतिनिधि और अधिकारियों का भी दरवाजा खटखटाया, परंतु कोई नतीजा हासिल नहीं हुआ। विकास की डुगडुगी पीटकर चुनाव में वोट हासिल करने वाले जनप्रतिनिधि भी अब ग्रामीणों की इस समस्या को नहीं सुनते। ऐसे में जनप्रतिनिधियों के सहारे ग्रामीण क्षेत्रों में विकास की गंगा बहाने के सरकार के दावे खोखले नजर आते हैं। जिसके कारण आम जनता कठिनाइयों का सामना झेल रही है।

### कांग्रेस शहर अध्यक्ष ने स्वतंत्रता सेनानी वंशजों को किया सम्मानित

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** सिधी धर्मशाला में कार्यवाहक शहर अध्यक्ष अंकुर मिश्रा के नेतृत्व में प्रदेश कांग्रेस कमेटी महासचिव प्रकाश प्रधान द्वारा विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानी वंशज बॉबी दुबे, रीतेश शुक्ला, अरविंद कुमार दुबे, कुलभूषण श्रीवास्तव, अरविंद शुक्ला को सम्मानित किया। प्रकाश प्रधान ने कहा कि महापुरुषों के बताये हुए मार्गों पर हमें चलना चाहिए। यह बहुत गर्व की बात है कि आज हम स्वतंत्रता सेनानी के वंशजों को हम सम्मानित कर रहे है। कार्यवाहक शहर अध्यक्ष अंकुर मिश्रा हनी ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर अनिल मिश्रा, जानकी शुक्ला, वसीमुजमां खां, खालिद उस्मानी, शिवशीष तिवारी, हिलाल शफीकी, डालचंद्र कठेरिया, राशिद खान, अर्जुन शर्मा, बाबू खान, अपूर्व पाठक, अतीक सलमानी, सलीम खान, सिक्की सारस्वत, महादेव यादव, अमर मिश्रा, रिषभ मिश्रा, आदित्य मिश्रा, वात्सल्य मिश्रा, महिंद्रा दिवाकर, राजीव दिवाकर, संजीव दिवाकर, अशोक कुमार, कुनाल दिवाकर, अंकुश वर्मा, अमित प्रजापति, आशु सक्सेना, शिवराम, अन्ना गुप्ता, आकाश दिवाकर, निखिल आदि उपस्थित रहे।

# काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी समारोह पर निकाली गई रैली

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**काकोरी ट्रेन** ऐक्शन शताब्दी समारोह के अंतर्गत माध्यमिक शिक्षा विभाग व बेसिक शिक्षा विभाग के द्वारा स्व0 ब्रह्मदत्त स्पोर्ट्स स्टेडियम से अंबेडकर तिराहे से वापस स्टेडियम तक प्रभात फेरी का आयोजन किया गया। प्रभात फेरी को अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व सुभाष चंद्र प्रजापति व मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी, बेसिक शिक्षा अधिकारी व संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

9 अगस्त को काकोरी ट्रेन एक्शन दिवस मनाया जाता है। काकोरी ट्रेन एक्शन दिवस पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। जिसमें राजकीय इंटर कॉलेज फर्रुखाबाद के प्रधानाचार्य सौरभ प्रताप सिंह तथा जिला समन्वयक मनेंद्र मिश्रा को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया। कार्यक्रम में म्युनिसिपल इंटर कॉलेज फतेहगढ़ के प्रधानाचार्य लेफ्टिनेंट गिरिजा शंकर, राजकीय इंटर कॉलेज फतेहगढ़ के प्रधानाचार्य संतोष कटियार, रखा वालिका इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्या डॉ0 नीतू मसीह, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्या दीपिका राजपूत द्वारा छात्र-छात्राओं को स्व0 ब्रह्मदत्त द्विवेदी स्टेडियम में एकत्रित किया गया। रैली का शुभारंभ अपर जिलाधिकारी सुभाष चंद्र प्रजापति



रैली निकालते एडीएम सुभाष चंद्र प्रजापति व अन्य प्रधानाचार्य समृद्धि न्यूज

तथा जिला बेसिक शिक्षाधिकारी गौतम प्रसाद द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया। रैली की शुरुआत स्व0 ब्रह्मदत्त द्विवेदी स्टेडियम से डॉ0 भीमराव अंबेडकर प्रतिमा स्थल से होती हुई रैली का समापन स्टेडियम में हुआ। जहां पर एमआईसी प्रधानाचार्य गिरिजा शंकर ने छात्र-छात्राओं को अपने संबोधन में काकोरी कांड की घटना का विवरण करते हुए बताया गया कि महात्मा गांधी द्वारा 1920 में असहयोग आंदोलन चलाया गया था। जिसमें यह सर्व सम्मति से सहमति बनी थी कि हम अहिंसा का प्रयोग करते हुए अंग्रेजों द्वारा दिए गए सहयोग का वहिष्कार करेंगे, हिंसा का प्रयोग नहीं किया जाएगा। इसी के चलते 1921 में ब्रिटिस शासन द्वारा तीन भारतियों को गोली मार दी गयी। उक्त घटना के उपरांत अंग्रेजी शासन ने लगभग 18 लोगों को पकड़ कर फांसी की सजा दी गयी। सन 1925 में एक क्रांतिकारी दल बनाया गया। जिसमें योजना बनाई गई की शाहजहांपुर से लखनऊ जाने वाली ट्रेन को लूटा जाए। जिससे क्रांतिकारी मिशन कामयाब किया जा सके।

इस मिशन में असफाक उल्ला खान, रामप्रसाद बिस्मिल, राजेन्द्र प्रसाद लाहिड़ी इत्यादि जैसे क्रांतिकारी लोग सम्मिलित थे। अंग्रेजी शासन ने इस घटना को एक्शन में लिया। जिसमें लगभग पांच लोगों को फांसी की सजा सुनाई। जिसमें राम प्रसाद बिस्मिल, अशफाक उल्ला खान, राजेन्द्र प्रसाद लाहिड़ी आदि प्रमुख थे। कार्यक्रम का समापन छात्र-छात्राओं को जलपान देकर किया गया।

## भाविप पांचाल शाखा का हरियाली तीज महोत्सव कल

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** भारत विकास परिषद पांचाल शाखा द्वारा हरियाली तीज महोत्सव 11 अगस्त रविवार को शाम 5 बजे अग्रवाल धर्मशाला में मनायी जायेगी। संयोजिका मोहिनी वर्मा व आभा गुप्ता, शिवांगी अग्रवाल देखेगी। बच्चों द्वारा देश भक्ति गीत एवं धार्मिक गीत व पुरुस्कार वितरण का आयोजन होगा। यह जानकारी अध्यक्ष कन्हैया लाल जैन ने दी है।

## लोधी जागृति मंच की बैठक आज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** लोधी जागृति मंच की मासिक बैठक गुरुगांव देवी मंदिर स्थित हंस गार्डन में दोपहर 12:30 बजे मनायी जायेगी। यह जानकारी जिलाध्यक्ष मनोज राजपूत ने दी है।

# सेंट पॉल्स ब्राइटन एकेडमी में छात्र कैबिनेट का हुआ गठन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**सेन्ट पॉल्स** ब्राइटन एकेडमी सीनियर सेकेंडरी स्कूल बंधौआ नेकपुर में छात्र कैबिनेट का गठन किया गया। छात्र-छात्राओं के हेड बॉय, हेड गर्ल्स, हाउस कैप्टन व हाउस वाइस कैप्टन के पद के लिए आवेदन किया गया। उम्मीदवारों ने अपना-अपना वोट दिया। गणना के बाद स्कूल हेड बॉय आर्यन सिंह, स्कूल हेड गर्ल्स अरीबा मंसूर व स्कूल वाइस हेड बॉय आर्यन कटियार एवं स्कूल वाइस हेड गर्ल्स साक्षी सिंह ने भारी मतों से जीत हासिल की। हाउस कैप्टन में जीत दर्ज करने वाले रेड हाउस कैप्टन रिषव राजपूत, रेड हाउस वाइस कैप्टन रितिका शर्मा, यलो हाउस कैप्टन आर्यनदेव, यलो हाउस वाइस कैप्टन सृष्टि सुरेरिया, ब्लू हाउस



कार्यक्रम में मौजूद नवनिर्वाचित छात्र-छात्रायें व अतिथि व शिक्षक समृद्धि न्यूज

कैप्टन स्वप्निल राठौर, ब्लू हाउस वाइस कैप्टन दीक्षा राजपूत, ग्रीन हाउस कैप्टन सौरव सोमवंशी, ग्रीन हाउस वाइस कैप्टन श्रेया चौहान बनी। मुख्य अतिथि पादरी स्टीफन मसीह का बच्चों ने बुके भेंटकर स्वागत किया। पादरी स्टीफन मसीह ने कहा कि बच्चों को जो अपनी जिम्मेदारी एवं कर्तव्यों का पालन करने हेतु प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि देश के विकास में छात्रों की भूमिका व उनके योगदान को महत्वपूर्ण बताया। सभी नवनिर्वाचित छात्र-छात्राओं को शपथ दिलायी गई। प्रधानाचार्य रोजीशन विश्वासी ने बच्चों को लोकतंत्र में चुनाव प्रक्रिया के महत्व एवं लोकतांत्रिक मूल्यों पर विश्वास करने के महत्व की जानकारी दी। प्रबंधक रोहतानी विश्वासी ने छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि पद और कर्तव्यों का निर्वाह्न करें। संचालन शिक्षिका एकता मसीह व बादशाह शेख ने किया। इस अवसर पर शिक्षिका बिन्दु द्विवेदी ने आये हुए अतिथियों का आभार व्यक्त किया। इस दौरान शिक्षका अभिषेक सिंह, पीटीआई संजीव कुमार सिंह, ज्योतिका मसीह व अतुल पाठक आदि लोग मौजूद रहे।

# काकोरी ट्रेन एक्शन व हर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत प्रतियोगितायें सम्पन्न

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**काकोरी ट्रेन** एक्शन शताब्दी समारोह व हर घर तिरंगा कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए आरपी इंटर कालेज कमालगंज में कार्यक्रम का आयोजन हुआ। प्रधानाचार्य बलविन्दर सिंह ने छात्र-छात्राओं को जागरुक करते हुए कहा कि क्रांतिकारियों का बलिदान भुलाया नहीं जा सकता है। युवावस्था में ही देश को आजादी दिलाने वाले क्रांतिकारियों ने अपने प्राणों की आहूति देकर देश को आजाद कराया और काकोरी काण्ड को अंजाम देते हुए अंग्रेजों को धूल चटा दी। जिसके तहत छात्र-छात्राओं को जागरुक



हाथों में तिरंगा लिये विद्यालय के शिक्षक व छात्र-छात्रायें

किया। साथ ही हर घर तिरंगा कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए विद्यालय में पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। छात्र-छात्राओं ने पेंटिंग प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया और देश के क्रांतिकारियों के चित्र को पेंटिंग के द्वारा उकेरकर उन्हे याद किया गया। इस मौके पर विद्यालय के शिक्षक मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### हर घर तिरंगा अभियान को लेकर कार्यशाला का हुआ आयोजन



**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** हर घर तिरंगा अभियान एवं बाइक रैली को सफल बनाने के लिए भाजपा के जिला महामंत्री हिमांशु गुप्ता ने बैठक कर प्रांतीय नेतृत्व के निर्देशानुसार आठ मण्डलों की कार्यशाला आयोजित की। सभी को स्वतंत्रता दिवस पर हर घर तिरंगा कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए जिम्मेदारियां सौंपी। सदर विधानसभा क्षेत्र के पश्चिम मंडल में आयोजित मंडल कार्यशाला में जिला महामंत्री हिमांशु गुप्ता ने बताया कि प्रांतीय एवं जनपद स्तरीय कार्यशाला के बाद मंडलों में कार्यशाला आयोजित हुई है। जनपद के 9 मंडल कंपिल, कायमगंज, अचरा, शमशाबाद, बढ़पुर पश्चिम, बढ़पुर पूर्वी, फर्रुखाबाद पश्चिम, मोहम्मदाबाद उत्तरी, मोहम्मदाबाद दक्षिण में कार्यशाला आयोजित हुई। जिला महामंत्री ने बताया कि सभी कार्यकर्ताओं को 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम को सप्ताह भर उत्साह और उमंग से मनाने के लिए हर घर तिरंगा कार्यक्रम में सहभागिता करनी है। प्रदेश नेतृत्व के निर्देश के अनुसार सभी मंडलों में युवा मोर्चा के द्वारा 10 अगस्त से 13 अगस्त के बीच बाइक रैली का आयोजन होगा। जिसमें सभी युवा मोर्चा कार्यकर्ता बाइक पर तिरंगा लेकर यात्रा के लिए निकलेंगे। अलग-अलग क्षेत्र में कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए पदाधिकारी को जिम्मेदारियां दी गई है। मंडलों के अंतर्गत स्थापित महापुरुषों की प्रतिमाओं पर स्वच्छता एवं माल्यार्पण का कार्यक्रम किया जाएगा। इस अवसर पर पश्चिमी मंडल अध्यक्ष विकास पांडे ने भी विचार व्यक्त किया। इस अवसर पर जिला मंत्री अभिषेक बाथम, पीयूष त्रिपाठी आदि लोग मौजूद रहें।

### काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी महोत्सव के तहत कबड्डी प्रतियोगिता सम्पन्न

- रानी लक्ष्मीबाई कबड्डी क्लब भरखा व एकलव्य कबड्डी टीम रही विजेता



**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी महोत्सव को सफल बनाने के लिए जिला स्तरीय कबड्डी बालक, बालिका वर्ग प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। खेल निदेशालय लखनऊ के निर्देशानुसार शुक्रवार को स्व0 ब्रह्मदत्त द्विवेदी स्टेडियम फतेहगढ़ में हर घर तिरंगा एवं काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी महोत्सव को सफल बनाने के लिए जिला स्तरीय प्रतियोगितायें सम्पन्न हुई। प्रतियोगिता का शुभारम्भ जिला समाज कल्याण अधिकारी रेनू यादव ने कबड्डी खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त कर शुभारम्भ किया।

बालिका वर्ग में रानी लक्ष्मीबाई कबड्डी क्लब भरखा ने राजकीय बालिका इंटर कालेज को 24-13 से पराजित किया। बालक एवं बालिका वर्ग में आठ-आठ टीमों ने प्रतिभाग किया। फाइनल मैच बालिका वर्ग में एकलव्य कबड्डी टीम सलेमपुर व रानी लक्ष्मीबाई कबड्डी टीम भरखा का हुआ। जिसमें एकलव्य कबड्डी टीम ने 20-11 से विजेता रही। बालक वर्ग में राधा रानी क्लब मोहम्मदाबाद टीम ने 33-16 से विजेता रही। प्रतियोगिता का समापन एसडीएम यदुवंश वर्मा द्वारा किया गया। विजेता खिलाड़ियों को पुरुस्कार वितरण किया गया। जिला क्रीड़ाधिकारी को माला पहनाकर सम्मानित किया गया। निर्णायक मण्डल की भूमिका सचिव कबड्डी एसोसिएशन के कुलदीप यादव, संजीव कटियार, अरुण कुमार, विमलेश कुमार, अभिषेक शाक्य, सपना यादव, सुभाष चन्द्र ने प्रतियोगिता सम्पन्न करायी। प्रतियोगिता की देखरेख जिला क्रीड़ाधिकारी कर्मवीर सिंह ने की।

### फूलन देवी की जयंती आज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** निषाद पार्टी द्वारा 10 अगस्त शनिवार को पूर्व सांसद स्व0 फूलन देवी की जयंती पवन ऑयल मिल में मनायी जायेगी। यह जानकारी जिलाध्यक्ष अनिल कुमार कश्यप ने दी है।

# डीएन कालेज में काकोरी ट्रेन एक्शन पर संगोष्ठी का हुआ आयोजन


संगोष्ठी में मौजूद शिक्षक व छात्र-छात्रायें

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** दुर्गा नारायण महाविद्यालय फतेहगढ़ में प्राचार्य डा0 मनोज गर्ग की अध्यक्षता में एनएसएस के तत्वाधान में काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी महोत्सव मनाया गया। 9 अगस्त 1925 को कार्यरुप देने हेतु संगोष्ठी का आयोजन हुआ। महाविद्यालय के वरिष्ठ प्रोफेसर डा0 वीके तिवारी ने काकोरी ट्रेन एक्शन शताब्दी की घटना पर विस्तार से प्रकाश डाला। इतिहास विभागाध्यक्ष डा0 रामनरेश सिंह ने काकोरी ट्रेन एक्शन घटना की जानकारी विस्तार पूर्वक छात्र-छात्राओं को बतायी। एनएसएस प्रभारी डा0 प्रज्ञा त्रिपाठी की देखरेख में संगोष्ठी सम्पन्न हुई। संचालन डा0 हरिशिवनाथ गुप्ता ने किया। छात्र साहिल ने अपने विचार प्रस्तुत किये। इस अवसर पर शिक्षक डा0 पंचम कुमार, डा0 अशोक कुमार शर्मा, विनय कुमार बाथम, सरस पाठक, प्रियांशु सिन्हा, प्रशांत कुमार के अलावा छात्र-छात्रायें मौजूद रही।

# छात्रों को जागरुक कर राजनीति की मुख्यधारा से जोड़ना है: सुमित यादव

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**समाजवादी पार्टी** के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर एवं प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल द्वारा जारी पत्र के अनुसार शुक्रवार को जनपद में छात्र नौजवान एवं पीडीए जागरूकता कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। जनपद प्रभारी छात्रसभा के राष्ट्रीय सचिव सुमित यादव कन्हैया ने समाजवादी पार्टी कार्यालय में पत्रकारों से रुबरु होते हुए कहा कि यह कार्यक्रम कक्षा 12 के बाद पास हुए छात्रों को जागरुक कर राजनीति की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए है। जिस प्रकार से भारतीय जनता पार्टी ने महाविद्यालयों से छात्र संघ को समाप्त कर दिया है, उसे समाजवादी पार्टी दोबारा से चालू करने की मांग करती


पार्टी कार्यालय पर मौजूद सुमित यादव व अन्य

है। सुमित यादव ने कहा कि आज युवा बेरोजगार है, लगातार युवाओं की उम्र बढ़ती जा रही है और रोजगार के अवसर कम होते जा रहे हैं, नौजवान परेशान है और यही कारण है कि भारतीय जनता पार्टी पीडीए को मुख्य धारा से दूर करना चाहती है। सुमित यादव ने कहा की पीडीए के जननायक अखिलेश यादव ने जिस प्रकार यह मुद्दा उठाया है उससे भाजपा डरी हुई है और समाज को कई भागों में बांटना चाहती है। जिलाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह पीडीए ने कहा कि भाजपा ने पूरे देश का बेड़ा गर्क कर दिया है। चंद्रपाल सिंह ने फ्रंटल संगठनों के प्रभारी पुष्पेंद्र यादव को एक महीना चलने वाले इस कार्यक्रम का जनपद प्रभारी नियुक्त किया। इस कार्यक्रम के तहत वृक्षारोपण एवं महाविद्यालय में जाकर छात्रों से संवाद करना भी शामिल है। जिससे छात्रों की रुचि समाजवादी पार्टी के प्रति बढ़ेगी। इस अवसर पर जिला महासचिव इलियास मंसूरी, लोहिया वाहिनी के जिलाध्यक्ष अनुराग यादव, यूथ ब्रिगेड के जिलाध्यक्ष इजहार खान, छात्र सभा के जिलाध्यक्ष हर्ष गंगवार, युवजन सभा के जिलाध्यक्ष शिवम यादव, सैनिक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष केके यादव, सैनिक प्रकोष्ठ के प्रदेश सदस्य बेंचे लाल यादव, मीडिया प्रभारी विवेक यादव, रवी यादव, बृजलाल कठेरिया, विनीत परमार, अश्वनी यादव आदि लोग उपस्थित रहे। संचालन विवेक यादव ने किया।

# भाकियू ने तिरंगा सद्भावना किसान ट्रैक्टर यात्रा निकालकर प्रधानमंत्री को भेजा ज्ञापन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**भाकियू टिकैट** गुट ने तिरंगा सद्भावना किसान ट्रैक्टर यात्रा निकालकर प्रधानमंत्री को समस्याओं को लेकर ज्ञापन भेजा। शुक्रवार को बड़ी संख्या में भाकियू नेताओं ने मुख्य मार्ग पर ट्रैक्टर पर तिरंगा लगाकर मार्च किया। सभी किसान अपने-अपने ट्रैक्टर लेजाकर नेकपुर स्थित अजय कटियार के निवास के बाहर पहुंचे। वहां से जुलूस निकालते हुए फतेहगढ़ तक ले गये। रास्ते में नगर क्षेत्राधिकारी ने उन्हें रोका। जिससे काफी गहमा गहमी हुई। जिलाध्यक्ष अरविन्द शाक्य ने ब्लाक नवाबगंज से ट्रैक्टरों को लाकर रैली में शामिल किया। मण्डल उपाध्यक्ष प्रभाकांत मिश्रा व विधि प्रवक्ता अजय कटियार के नेतृत्व में बड़ी संख्या में ट्रैक्टर यात्रा में शामिल हुए। अधिकारियों से नोकझोंक होने के बाद नगर मजिस्ट्रेट व सीओ सिटी को प्रधानमंत्री


नगर मजिस्ट्रेट व सीओ को ज्ञापन सौंपते किसान नेता समृद्धि न्यूज

सम्बोधित ज्ञापन सौंपा गया। किसान नेताओं ने आरोप लगाया कि बल पूर्वक हमें रोंका गया यह ठीक नहीं है। उन्होंने कहा कि हम किसानों के साथ घोर अन्याय किया जा रहा है। किसानों की आवाज को दबाने का कार्य किया जा रहा है। अजय कटियार ने कहा कि देश की 68 फीसदी जनसंख्या गांव से आती है यदि किसानों और मजदूरों को ही तिरंगा यात्रा निकालने से रोका जाएगा तो मैं समझता हूं कि यह जो सरकार आजादी का महोत्सव मानना चाह रही है यह सार्थक सिद्ध नहीं होगा। हम किसानों की आवाज को बुलंद करने वाले हैं बघार पर 11 सूत्रीय ज्ञापन नगर मजिस्ट्रेट को दिया गया।

ब्लाक शमशाबाद, कायमगंज, कमालगंज एवं राजेपुर ब्लॉक के जमापुर चौराहे पर ट्रैक्टरों को पुलिस द्वारा रोका गया। इस मौके पर अरविंद शाक्य, अजय कटियार, अभय यादव, कृष्ण गोपाल मिश्रा, अनीस सिंह सोमवंशी, अशोक यादव, मितेश कुमार सिन्हा, योगेंद्र सिंह, पुजारी कटियार, विजय कटियार, विक्रांत सिंह राणा, प्रदीप कुशवाहा, सुग्रीव पाल, राजेश कटियार, सुधीर कटियार, अभिषेक कटियार, संतोष बाथम, विपुल सिंह, राजू बाथम, राजू सोमवंशी आदि उपास्थित रहे।

# शिक्षकों ने पुरानी पेंशन बहाली व विनियमितीकरण की उठायी मांग

- मांगों को लेकर मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**माध्यमिक शिक्षक** संघ के जिलाध्यक्ष लालाराम दुबे के नेतृत्व में शिक्षकों ने मुख्यमंत्री सम्बोधित ज्ञापन कलेक्ट्रेट पहुंचकर संबंधित अधिकारी सौंपा। ज्ञापन में मांग की गई कि पुरानी पेंशन बहाल की जाये। वित्तविहीन विद्यालय में कार्यरत शिक्षकों समान कार्य के लिए समान वेतन व तदर्थ शिक्षकों के विनियमितीकरण एवं निःशुल्क


ज्ञापन देने जाते शिक्षक

चिकित्सा सुविधा आदि को लेकर कई वर्षों से आंदोलित है। माध्यमिक शिक्षक संघ के तत्वाधान में अनेकों बार ज्ञापन देकर सरकार से मांगों का निराकरण की बात उठायी गई। कार्यवाही न होने से शिक्षक समुदाय क्षुब्ध है। सभी शिक्षक क्रिश्चियन इंटर कालेज में एकत्रित होकर बाइक जुलूस निकालते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचे। जहां ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में 23 सूत्रीय मांगे रखी गई है। इस मौके पर नरेन्द्र पाल सिंह सोलंकी, जिला उपाध्यक्ष संतोष दुबे, संयुक्त मंत्री सतेन्द्र सिंह, बृजनन्दन लाल यादव, हिमांशु शुक्ला, बाल गोविन्द सिंह, सुधाकर चतुर्वेदी, अनुराग मिश्रा, ज्ञानप्रकाश त्रिपाठी, नवलकांत अग्निहोत्री, शैलेश दुबे, प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला संयोजक अवनीश चौहान, जिला सह संयोजक राजकिशोर शुक्ला, मुन्नालाल यादव, अतुल दास, सुभाष शुक्ला सहित बड़ी संख्या में शिक्षक मौजूद रहे।

अभियान

10 अगस्त से 2 सितम्बर तक चलेगा अभियान

# फाइलेरिया रोधी दवा खिलाने का अभियान की तैयारी पूर्ण

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**फाइलेरिया उन्मूलन** जागरुकता अभियान के अन्तर्गत रोकथाम हेतु रेलवे रोड स्थित एक होटल में कार्यशाला का आयोजन हुआ। जिसमें जनपद के 20 लाख लोगों को दवा खिलाने का लक्ष्य अभियान के तहत रखा गया। मुख्य चिकित्साधिकारी अवनीन्द्र कुमार ने कहा कि फाइलेरिया की दवा जरुर खायें और अपने परिवार को भी खिलाये। राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन के तहत हर शनिवार को फाइलेरिया रोधी दवा खिलाई जाती है। यह



कार्यशाला को सम्बोधित करते सीएमओ अवनीन्द्र कुमार

अभियान 10 अगस्त से 2 अगस्त तक चलेगा। कार्यशाला में मीडिया के साथ सेंटर फार एडवोकेसी एंड रिसर्च (सीफार), पीसीआई व पाथ ने सहयोग किया। सीएमओ ने बताया कि सर्वजन दवा सेवन अभियान के लिए समस्त तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। शनिवार को जिलाधिकारी अभियान की शुरूवात करेंगे। इससे पहले सीएमओ दफ्तर से कलेक्ट्रेट तक जागरूकता रैली निकाली जाएगी। उप मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 आरसी माथुर ने बताया कि फाइलेरिया (फीलपाँव या हाथीपाँव) वाहक मच्छर क्यूलेक्स के काटने के बाद इसके लक्षण पांच से 15 साल के बाद दिखाई देते हैं। इसलिए एक साल से ऊपर के सभी बच्चों, किशोर-किशोरियों, वयस्कों, वृद्धजनों को फाइलेरिया से बचाव की दवा जरूर खानी चाहिए। जिला मलेरिया अधिकारी नौशाद अली ने बताया कि दवाएं पूरी तरह से सुरक्षित हैं। इन दवाओं का कोई विपरीत प्रभाव नहीं है। फिर भी किसी को दवा खाने के बाद उल्टी, चक्कर, खुजली या जी मिचलाने जैसे लक्षण होते हैं। कार्यशाला में मलेरिया इंस्पेक्टर नरजीत कटियार, पीसीआई से शादाब आलम व अनुपम मिश्रा, पाथ से अरुण कुमार समेत अन्य स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे।

# जम्मू-कश्मीर में शांतिपूर्ण चुनाव के लिए तैयार है आयोग

## जम्मू कश्मीर में अंतिम सुरक्षा आवश्यकता के मूल्यांकन के बाद घोषित होंगी चुनाव की तिथियां

▸ जम्मू में मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने पत्रकारों से की वार्ता

एजेंसी




**कुछ आतंकी हमलों के मद्देनजर हम जम्मू-कश्मीर में मुर्गी और अंडे वाली स्थिति नहीं देखना चाहते हैं : मुख्य निर्वाचन आयुक्त**

**जम्मू।** भारत के मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) राजीव कुमार ने कहा कि चुनाव आयोग जम्मू-कश्मीर में जल्द से जल्द विधानसभा चुनाव कराने के लिए प्रतिबद्ध है और चुनाव को बाधित करने के छोटे-मोटे प्रयास प्रक्रिया को बाधित नहीं कर सकते। दिल्ली में अंतिम सुरक्षा आवश्यकता मूल्यांकन करने के बाद जम्मू कश्मीर विधानचुनाव की सही तिथियों की घोषणा की जाएगी।

शुक्रवार को कहा कि यहां जम्मू में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए सीईसी राजीव कुमार ने कहा कि वे कुछ आतंकी हमलों के मद्देनजर जम्मू-कश्मीर में मुर्गी और अंडे वाली स्थिति नहीं देखना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि हमारे सुरक्षा बल स्थिति से निपटने में सक्षम हैं। हम जम्मू-कश्मीर में चुनाव प्रक्रिया को पटरी से उतारने की इन छोटी-छोटी कोशिशों को अनुमति नहीं देंगे। उन्होंने कहा कि जहां तक सटीक तारीखों का सवाल है, हम दिल्ली में अंतिम सुरक्षा आवश्यकता का आकलन करेंगे और उसके अनुसार ही राज्य में विधानसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा करेंगे। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर के राजनीतिक दल एकमत हैं और सभी जल्द चुनाव चाहते हैं। सीईसी ने कहा कि सुरक्षा प्रमुखों, प्रशासन के अधिकारियों और जिला पुलिस प्रमुखों से हमें जो फीडबैक मिला है। वह यह है कि हालांकि कुछ सुरक्षा चुनौतियां हैं, लेकिन वे जम्मू-कश्मीर में शांतिपूर्ण चुनाव के लिए तैयार हैं। सीईसी ने कहा कि वे लोकसभा चुनाव के सिलसिले में पहले भी यहां आ चुके हैं। मई 2022 में जम्मू-कश्मीर का परिसीमन होने के बाद दिसंबर में संसद में जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम पारित किया गया। इसके तुरंत बाद, हमने जम्मू-कश्मीर में चुनाव कराने की प्रक्रिया शुरू कर दी। लोकसभा चुनाव में जम्मू-कश्मीर के लोगों ने रिकॉर्ड संख्या में मतदान में भाग लेकर इतिहास रच दिया है। उन्होंने कहा कि श्रीनगर और जम्मू में जिन राजनीतिक दलों से उन्होंने मुलाकात की, वे सब शांतिपूर्ण लोकसभा चुनाव के लिए ईसीआई के कार्यों की सराहना की। उन्होंने बताया कि राजनीतिक दलों ने कुछ मांगें भी रखीं हैं, जैसे मतदान केंद्र दो किलोमीटर के दायरे में होना चाहिए और मतदान की सीसीटीवी कवरेज होनी चाहिए। उन्होंने बताया कि उनकी दोनों मांगें पूरी हो गई हैं और इस संबंध में निर्देश भी पारित कर दिए गए हैं। जम्मू-कश्मीर में चुनाव कराने के लिए सुप्रीम कोर्ट की सितंबर तक की समय सीमा के बारे में पूछे गए सवाल का जवाब देते हुए सीईसी ने कहा कि कोई भी आंतरिक या बाहरी ताकत जम्मू-कश्मीर में चुनाव में देरी नहीं कर सकती। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर के लोग विघटनकारी ताकतों को मुंहतोड़ जवाब देंगे। उन्होंने कहा कि राजनीतिक दलों ने समान अवसर और राजनेताओं के सुरक्षा कवर को सुव्यवस्थित करने की मांग की है।

सीईसी ने कहा कि हमने इस पर ध्यान दिया है और यह सुनिश्चित किया जाएगा कि समान अवसर हो और राजनेताओं की सुरक्षा समीक्षा की जाए ताकि वे अपनी गतिविधियों को सामान्य रूप से अंजाम दे सकें। उन्होंने कहा कि एक और मांग यह थी कि मतदान केंद्रों को अंतिम समय में एक साथ नहीं जोड़ा जाना चाहिए और हम यह सुनिश्चित करेंगे कि भौगोलिक कारणों से कुछ को छोड़कर कोई भी मतदान केंद्र एक साथ न जोड़ा जाए। पत्रकारों से वार्ता के दौरान दोनों चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और एसएस संधू भी मौजूद थे।

# पेरिस ओलंपिक : समापन समारोह में भारतीय दल के ध्वजवाहक होंगे पीआर श्रीजेश, मनु भाकर

एजेंसी






**नई दिल्ली।** बुधवार को फ्रांस की राजधानी में स्पेन को 2-1 से हराकर कांस्य पदक के साथ अपना अभियान समाप्त करने वाली भारतीय हॉकी टीम के गोलकीपर पीआर श्रीजेश 11 अगस्त को पेरिस 2024 ओलंपिक के समापन समारोह के दौरान मनु भाकर के साथ भारत के ध्वजवाहक होंगे। 36 वर्षीय श्रीजेश 2021 में टोक्यो ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने वाली टीम के भी सदस्य थे।

आईओए ने एक आधिकारिक बयान में कहा, भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) को पेरिस 2024 ओलंपिक खेलों के समापन समारोह में पिस्टल निशानेबाज मनु भाकर के साथ संयुक्त ध्वजवाहक के रूप में हॉकी गोलकीपर पीआर श्रीजेश के नामांकन की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है। आईओए अध्यक्ष डॉ पीटी उषा ने कहा कि श्रीजेश आईओए नेतृत्व के भीतर एक भावनात्मक और लोकप्रिय पसंद थे, जिसमें शेफ डी मिशन गगन नारंग और संपूर्ण भारतीय दल शामिल थे। उन्होंने कहा, ÷श्रीजेश ने दो दशकों से अधिक समय तक विशेष रूप से भारतीय हॉकी और सामान्य तौर पर भारतीय खेल की सराहनीय सेवा की है।÷ डॉ. उषा ने कहा कि उन्होंने भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा से बात की है, जिन्होंने गुरुवार को रजत पदक जीतकर लगातार ओलंपिक खेलों में दूसरा पदक जीता है। उन्होंने कहा, ÷मैंने नीरज चोपड़ा से बात की और उस सहजता और शालीनता की सराहना की जिसके साथ वह इस बात पर सहमत हुए कि श्रीजेश को समापन समारोह में ध्वजवाहक होना चाहिए।÷ उन्होंने मुझसे कहा, %मैम, अगर आपने मुझसे नहीं भी पूछा होता तो भी मैं श्रीभाई का नाम सुझाता।% बता दें कि कुछ दिन पहले ही मनु के नाम का ऐलान हुआ था। भारत की आजादी के बाद वह एक ही ओलंपिक खेलों में कई पदक जीतने वाली पहली एथलीट बनीं। उन्होंने 10 मीटर एयर पिस्टल महिला और 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम (सरबजोत सिंह के साथ) में कांस्य पदक जीता था।

# रिंग्स-खाटू श्याम जी नई रेल लाइन को मंजूरी

**खाटू श्यामजी-सालासर-सुजानगढ़ रेल लाइन पर भी फोकस**

एजेंसी



**जयपुर।** राजस्थान में रेलवे के परियोजनाओं के बारे में लोकसभा में जानकारी देते हुए रेलमंत्री श्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि पीएम गति शक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान (एनएमपी) के तहत पिछले तीन वर्षों (2021-22, 2022-23, 2023-24) और चालू वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान राजस्थान राज्य में पूर्णतः/आंशिक रूप से आने वाली कुल 54 परियोजनाओं (23 नई लाइन और 31 दोहरीकरण) के सर्वेक्षण स्वीकृत किये गए है, जिनकी कुल लंबाई 4,894 किलोमीटर है।

उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण के अनुसार माननीय मंत्री जी ने जानकारी देते हुए बताया कि दिनांक 01.04.2024 तक, 51814 करोड़ रुपये की लागत से 4191 किमी लंबाई वाली 32 रेलवे अवसंरचना परियोजनाएं (15 नई लाइनें, 05 आमान परिवर्तन और 12 दोहरीकरण), जो पूरी तरह/आंशिक रूप से राजस्थान में आती हैं, योजना/अनुमोदन/निष्पादन के विभिन्न चरणों में हैं। जिसमें से 1183 किलोमीटर लंबाई की रेल परियोजनाएं चालू हो गई हैं। इन परियोजनाओं पर मार्च 2024 तक 14785 करोड़ रुपये खर्च किए गए हैं। इनमें शामिल हैं 20997 करोड़ की लागत से 1230 किलोमीटर कुल लंबाई की 15 नई लाइन परियोजनाएं, जिनमें से 134 किलोमीटर लंबाई चालू हो गई है और मार्च 2024 तक 3593 करोड़ रुपये खर्च किए गए हैं। 8334 करोड़ की लागत से 1252 किलोमीटर कुल लंबाई की 05 गेज परिवर्तन परियोजनाएं, जिनमें से 759 किलोमीटर लंबाई चालू हो गई है और मार्च 2024 तक 5398 करोड़ रुपये खर्च किए गए हैं। 22483 करोड़ की लागत से 1709 किलोमीटर कुल लंबाई की 12 दोहरीकरण परियोजनाएं, जिनमें से 290 किमी लंबाई में 100 किलोमीटर लंबी लाइन चालू हो चुकी है और मार्च 2024 तक इस पर 5794 करोड़ रुपए खर्च किए जा चुके हैं। मंत्री ने बताया कि 2014 से, राजस्थान में रेलवे के बुनियादी ढांचा परियोजनाओं और अनुरूप कमीशनिंग के लिए बजट आवंटन में पर्याप्त वृद्धि हुई है। राजस्थान राज्य में पूर्णतः/आंशिक रूप से आने वाली बुनियादी ढांचा परियोजनाओं और सुरक्षा कार्यों और अनुरूप कमीशनिंग के लिए औसत वार्षिक बजट 2009-14 के दौरान औसत आवंटन682 करोड़/वर्ष से से लगभग 15 गुना अधिक 2024-25 के लिए9959 करोड़ किया गया है।

## उत्तर बंगाल में 4.5 तीव्रता का भूकंप

**कोलकाता।** शुक्रवार को उत्तर बंगाल के विभिन्न हिस्सों में 4.5 तीव्रता का भूकंप महसूस किया गया। हालांकि, इस भूकंप से कोई नुकसान की खबर नहीं है। भूकंप का केंद्र सिक्किम के तादोंग से 29 किलोमीटर दूर और 10 किलोमीटर की गहराई पर था। अधिकारियों ने बताया कि भूकंप का प्रभाव दार्जिलिंग, जलपाईगुड़ी, धूपगुड़ी, मालबाजार सहित उत्तर बंगाल के अन्य हिस्सों में महसूस किया गया। भूकंप के झटके सुबह 6:27 बजे के आसपास महसूस किए गए। कम तीव्रता होने के कारण किसी भी प्रकार के नुकसान की सूचना नहीं मिली है।रिपोर्ट्स के अनुसार, मेघालय के कुछ हिस्सों, नेपाल और भूटान के सीमावर्ती क्षेत्रों में भी हल्के भूकंप के झटके महसूस किए गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, जब उत्तर बंगाल में हल्का भूकंप महसूस हुआ, उस समय अधिकांश लोग अपने घरों में थे और कई लोग सो रहे थे।

# न्यूजीलैंड के ऑकलैंड में भारत खोलेगा वाणिज्य दूतावास

एजेंसी

▸ भारत-न्यूजीलैंड के बीच राजनयिक संबंध होंगे और मजबूत

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा है कि भारत जल्द ही भारतीय प्रवासियों की लंबे समय से चली आ रही मांगों को पूरा करने के लिए ऑकलैंड में एक वाणिज्य दूतावास खोलेगा। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह भारत-न्यूजीलैंड के बीच राजनयिक संबंधों को और मजबूत बनाने में प्रमुख भूमिका निभाएगा।

न्यूजीलैंड की अपनी यात्रा के अंतिम दिन राष्ट्रपति मुर्मू ने ऑकलैंड में भारतीय उच्चायोग द्वारा आयोजित स्वागत समारोह में भारतीय समुदाय को संबोधित किया। इस अवसर पर उनके साथ अल्पसंख्यक मामलों के राज्यमंत्री जॉर्ज कुरियन तथा सांसद सौमित्र खान और जुगल किशोर भी उपस्थित थे। न्यूजीलैंड के सभी भागों से ऑकलैंड आए भारतीय समुदाय को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ने न्यूजीलैंड के विकास और समृद्धि में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए उनकी सराहना की। व्यापार से लेकर शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा से लेकर प्रौद्योगिकी तक, उनका योगदान अमूल्य है। राष्ट्रपति ने भारतीय समुदाय के समर्पण, कड़ी मेहनत और रचनात्मक भावना की सराहना की। ये मूल्य हमें पीढ़ियों से मार्गदर्शन देते रहे हैं और भविष्य में भी हमें प्रेरित करते रहेंगे। राष्ट्रपति भारत और न्यूजीलैंड के बीच द्विपक्षीय संबंधों की तीव्र प्रगति पर प्रसन्न थीं। उन्होंने कहा कि उच्चस्तरीय यात्राओं और प्रतिनिधिमंडलों के आदान-प्रदान ने दोनों देशों के बीच समझ को गहरा करने और सहयोग के नए रास्ते खोलने में योगदान दिया है।

## खबरें एक नजर में

### अवैध एजेंटों के खिलाफ हो रही है कार्रवाई : जयशंकर

**नयी दिल्ली।** सरकार ने कहा है कि अवैध एजेंट लोगों को विदेश भेज रहे हैं और सरकार को इसकी जानकारी है इसलिए इस बारे में कार्रवाई की जा रही है तथा दोषियों को कड़ा दण्ड दिया जाएगा। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने आज लोकसभा में एक पूरक सवाल के जवाब में कहा कि विदेश भेजने के लिए जो एजेंट अवैध तरीके से काम कर रहे हैं और उनकी सूची सरकार के पास है उसको लेकर कार्रवाई हो रही है। सीबीआई मामले की जांच कर रही है। अवैध रूप से युवाओं को विदेश के मामले में सरकार गंभीरता से काम कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार ने ऐप भी बनाया है जिसमें अधिकृत एजेंटों के बारे में जानकारी दी गई है हालांकि अवैध तरीके से विदेश भेजने की शिकायतें आ रही है और उनको लेकर कदम उठाए जा रहे हैं। विदेश मंत्री ने कहा कि रूस में अवैध रूप से गये एक युवक के मारे जाने की सूचना है। कुछ और भी सूचनाएं हैं और इन मामलों में कार्रवाई की जा रही है। उनका कहना था कि रूस अवैध रूप से भेजे गए युवकों को वापस लाने की बातचीत चल रही है। उन्होंने कहा कि मानव तस्करी के कई मामले मिले हैं और सबसे ज्यादा आंध्र प्रदेश के हैं। अन्य राज्यों से भी ऐसी शिकायतें मिली है और यह राष्ट्रीय हित का मामला है इसलिए इस दिशा में सरकार संजीदगी से कम कर रही है।

### न्यायालय में अन्य भारतीय भाषाओं का उपयोग फिलहाल नहीं

**नयी दिल्ली।** सरकार ने कहा है कि न्यायालय में क्षेत्रीय भाषाओं के इस्तेमाल को लेकर कैबिनेट को प्रस्ताव मिले थे लेकिन उन्हें मुख्य न्यायाधीश ने स्वीकार नहीं किया इसलिए फिलहाल हिंदी के अलावा अन्य भारतीय भाषाओं का न्यायालय में इस्तेमाल नहीं हो रहा है। कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने एक पूरक सवाल की जवाब में कहा कि किसी भी राज्य में वहां की राज्यपाल की सिफारिश पर राष्ट्रपति की सहमति से स्थानीय भाषा का इस्तेमाल किया जा सकता है। इस क्रम में हिंदी का प्रयोग अधिकृत किया हुआ है और सभी राज्यों में इसका प्रयोग किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि केंद्र के बाद तमिलनाडु, गुजरात, बांग्ला तमिल तथा छत्तीसगढ़ी में वहां की भाषाओं के न्यायालय में स्थानीय भाषाओं के इस्तेमाल लेकर को प्रस्ताव कैबिनेट को प्राप्त हुए थे लेकिन इसे मुख्य न्यायाधीश ने स्वीकार नहीं किया था। श्री मेघवाल ने कहा कि न्यायिक स्वतंत्रता को ध्यान में रखते हुए तकनीकी माध्यम से न्यायालय की फसलों की स्थानीय भाषाओं में अनूदित किया जा रहा है। उत्तम न्यायालय के फैसले के लिए हिंदी, तमिल, मराठी, गुजरायी आदि भाषाओं में ऐप उपलब्ध कराया गया है।

### मालीवाल ने यमुना नदी को बचाने के लिए कार्रवाई की मांग की

**नई दिल्ली।** संसद सत्र के शून्यकाल के दौरान यमुना नदी की गंभीर दुर्दशा पर जोर देते हुए सांसद स्वाति मालीवाल ने इसे बचाने के लिए तत्काल कार्रवाई की मांग की। उन्होंने नदी की वर्तमान स्थिति पर गहरी चिंता व्यक्त की और कहा कि दिल्ली के लिए जीवन और पवित्रता का प्रतीक मानी जाने वाली यमुना, सरकार की विफलताओं के कारण अब एक प्रदूषित नाले में बदल गई है। उन्होंने नदी की बिगड़ती स्थिति को दर्शाते हुए चिंताजनक आंकड़े पेश किए। जिसमें 22 नाले, हर दिन 238 मिलियन गैलन अवशोधित सीवेज यमुना में छोड़ते हैं। अब नदी में पानी की बजाय झाग अधिक है, जिसका प्रमुख कारण दिल्ली से उत्पन्न प्रदूषण का एक महत्वपूर्ण हिस्सा शामिल है, जो कि नदी के कुल प्रदूषण का 76 फीसदी है। आगे उन्होंने कहा कि दिल्ली में 55 सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट की आवश्यकता है, लेकिन केवल 35 ही चालू हैं। इनमें से 22 मानक के अनुसार सीवेज ट्रीटमेंट नहीं कर रहे हैं। मालीवाल ने दिल्ली सरकार की निष्क्रियता की आलोचना की, और 2021 में यमुना नदी को 2025 तक साफ करने के लिए किए गए वादे का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि हजारों करोड़ रुपये खर्च करने के बावजूद कोई महत्वपूर्ण सुधार नहीं हुआ है। मालीवाल ने दिल्ली सरकार की निष्क्रियता की आलोचना की, और 2021 में यमुना नदी को 2025 तक साफ करने के लिए किए गए वादे का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि हजारों करोड़ रुपये खर्च करने के बावजूद कोई महत्वपूर्ण सुधार नहीं हुआ है।

### 398 अमरनाथ यात्रियों का छोटा जत्था रवाना

**जम्मू।** जम्मू के भगवती नगर आधार शिविर से शुक्रवार को 398 अमरनाथ तीर्थयात्राओं का अब तक का सबसे छोटा जत्था रवाना हुआ। अधिकारियों ने बताया कि 398 तीर्थयात्रियों का 42वां जत्था केंद्रीय पुलिस रिजर्व बल (सीआरपीएफ) और पुलिस की सुरक्षा में 14 वाहनों के काफिले में सुबह 3.26 बजे भगवती नगर आधार शिविर से रवाना हुआ। सभी तीर्थयात्रियों ने 14 किमी लंबे लेकिन अधिक गहराई वाले बालटाल मार्ग का चयन किया है। इस साल अब तक पांच लाख से अधिक तीर्थयात्री मंदिर में दर्शन कर चुके हैं। यात्रा 29 जून को शुरू हुई और 19 अगस्त को समाप्त होने वाली है। इस बीच शुक्रवार सुबह 730 तीर्थयात्री पुंछ जिले में स्थित बूढ़ा अमरनाथ के प्राचीन मंदिर के लिए भी जम्मू से रवाना हुए।

# जीडीपी के 10 फीसदी के बराबर है मुकेश अंबानी परिवार की संपत्ति

एजेंसी



**नई दिल्ली।** उद्योगपति मुकेश अंबानी का परिवार सबसे बड़ा कारोबारी परिवार बन कर उभरा है। उनके परिवार की कुल संपत्ति 25.75 लाख करोड़ रुपये आंकी गई है। ये राशि देश की सकल घरेलू उत्?पाद (जीडीपी) के लगभग 10वें हिस्से के बराबर है। बार्कलेज-हुरुन इंडिया की ताजा रिपोर्ट में मुकेश अंबानी परिवार की कुल 25,75,100 करोड़ रुपये की संपत्ति आंकी गई है, जो भारत की जीडीपी के 10 फीसदी के बराबर है।

अंबानी परिवार आरआईएल के नेतृत्व में ऊर्जा, रिटेल और दूरसंचार क्षेत्रों में मुख्य तौर पर अपना कारोबार करता है। यह रैंकिंग 20 मार्च, 2024 को कंपनी के मूल्यांकन पर आधारित है। बार्कलेज-हुरुन इंडिया के मुताबिक मुकेश अंबानी परिवार के बाद सबसे ज्?यादा संपत्ति रखने वाला दूसरा कारोबारी परिवार है बजाज, जिनकी कुल संपत्ति 7.13 लाख करोड़ रुपये आंकी गई है। इस ऑटोमोबाइल कारोबारी समूह का नेतृत्व बजाज परिवार की तीसरी पीढ़ी के युवा नीरज बजाज के हाथों में है।

वहीं, बिड़ला परिवार की संपत्ति मूल्य के मामले में तीसरे स्थान पर है। इस समूह की कमान बिड़ला परिवार की चौथी पीढ़ी के कुमार मंगलम बिड़ला संभाल रहे हैं। रिपोर्ट के मुताबिक इन तीनों प्रमुख कारोबारी परिवारों की कुल संपत्ति 460 अरब अमेरिकी डॉलर है, जो सिंगापुर की जीडीपी के बराबर है। इस सूची में सज्जन जिंदल को 4.71 लाख करोड़ रुपये मूल्य की संपत्ति के साथ चौथे पायदान तथा 4.30 लाख करोड़ रुपये की संपत्ति के साथ नादर परिवार 5वें स्थान पर है।

# रेलवे बोर्ड शक्तियों को बढ़ाने से संबंधित विधेयक लोकसभा में पेश



एजेंसी

**नई दिल्ली।** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शुक्रवार को लोकसभा में रेलवे (संशोधन) विधेयक-2024 पेश किया। इस विधेयक का उद्देश्य रेलवे बोर्ड की शक्तियों को बढ़ाने और परिचालन दक्षता में सुधार करने के लिए रेलवे अधिनियम 1989 में संशोधन करना है।

इस विधेयक में भारतीय रेलवे बोर्ड अधिनियम-1905 के प्रस्तावों को रेलवे अधिनियम-1989 में शामिल करके कानूनी ढांचे को सरल बनाने का प्रस्ताव है। इससे दो कानूनों का संदर्भ लेने की आवश्यकता कम हो जाएगी। इसके बजाय केवल एक कानून का संदर्भ लेना होगा। इस विधेयक से रेलवे बोर्ड की कार्यप्रणाली और स्वतंत्रता में वृद्धि होगी। इस विधेयक के माध्यम से भारतीय रेलवे बोर्ड अधिनियम-1905 के सभी प्रावधानों को रेलवे अधिनियम-1989 में शामिल करने का प्रस्ताव है। विधेयक में रेलवे बोर्ड के गठन और संरचना के प्रावधानों को रेलवे अधिनियम-1989 में उचित रूप से शामिल करके भारतीय रेलवे बोर्ड अधिनियम-1905 को निरस्त करने का प्रस्ताव किया गया है। रेलवे बोर्ड पहले से ही अस्तित्व में है। रेलवे बोर्ड का व्यय भारतीय रेलवे के राजस्व बजट के अंतर्गत वार्षिक बजटीय प्रावधान से पूरा किया जाता रहेगा, जैसा कि वर्तमान में किया जा रहा है। विधेयक में किसी नए बोर्ड या निकाय के निर्माण का प्रस्ताव नहीं है, जिसके परिणामस्वरूप अतिरिक्त वित्तीय निहितार्थ हों। इस कदम का उद्देश्य भारतीय रेलवे बोर्ड अधिनियम-1905 को निरस्त करके तथा इसके प्रावधानों को रेलवे अधिनियम में शामिल करके भारतीय रेलवे को नियंत्रित करने वाले कानूनी ढांचे को सरल बनाना है। इन परिवर्तनों का उद्देश्य रेलवे बोर्ड के गठन और संरचना को सुव्यवस्थित करना है, जिससे रेलवे संचालन की समग्र दक्षता को बढ़ावा मिलेगा।

## लोकसभा में बैंकिंग कानून में संशोधन विधेयक पेश



**नई दिल्ली।** केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को लोकसभा में बैंकिंग नियमों में बदलाव से जुड़ा बैंकिंग कानून (संशोधन) विधेयक, 2024 पेश किया। विधेयक का उद्देश्य भारतीय रिजर्व बैंक अधिनियम, बैंकिंग विनियमन अधिनियम और भारतीय स्टेट बैंक अधिनियम में संशोधन करना है। वित्?त मंत्री के पेश इस बैंकिंग कानून (संशोधन) विधेयक, 2024 में प्रति बैंक खाते में नामांकित व्यक्तियों के विकल्प को मौजूदा एक से बढ़ाकर चार करने का प्रावधान है। इस विधेयक में पत्नी/पति या माता-पिता के अलावा भाई-बहन को भी नॉमिनी बनाने का विकल्प मिलेगा। बैंकिंग कानून (संशोधन) विधेयक, 2024 को पिछले हफ्ते केंद्रीय मंत्रिमंडल ने मंजूरी प्रदान की थी। इसके तहत भारतीय रिजर्व बैंक अधिनियम 1934, बैंकिंग विनियमन अधिनियम 1949, भारतीय स्टेट बैंक अधिनियम 1955, बैंकिंग कंपनियां (उपक्रमों का अधिग्रहण और हस्तांतरण) अधिनियम 1970 और बैंकिंग कंपनियां (उपक्रमों का अधिग्रहण और हस्तांतरण) अधिनियम, 1980 में संशोधन करने का प्रस्ताव है। उल्लेखनीय है कि केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने वित्त वर्ष 2023-24 के बजट भाषण में बैंकिंग कानून (संशोधन) विधेयक, 2024 की घोषणा की थी।

# शाह आज सहकारी चीनी मिलों को प्रदान करेंगे राष्ट्रीय दक्षता पुरस्कार

▸ एनएफसीएसएफ लिमिटेड करेगा पुरस्कार समारोह का आयोजन

एजेंसी



**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह शनिवार को नई दिल्ली स्थित डॉ. अम्बेडकर इंटरनेशनल सेंटर में 'चीनी उद्योग संगोष्ठी एवं राष्ट्रीय दक्षता पुरस्कार 2022-23' समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल होंगे। कार्यक्रम के दौरान शाह सहकारिता के आठ क्षेत्रों में राष्ट्रीय दक्षता पुरस्कार भी प्रदान करेंगे।

सहकारिता मंत्रालय ने शुक्रवार को बताया कि राष्ट्रीय सहकारी चीनी कारखाना महासंघ (एनएफसीएसएफ) एक शीर्ष निकाय है, जिसमें देश की सभी 260 सहकारी चीनी मिलें और नौ राज्य चीनी संघ शामिल हैं। पुरस्कार समारोह का आयोजन एनएफसीएसएफ लिमिटेड द्वारा किया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सहकार से समृद्धि के विजन के अनुरूप सहकारिता मंत्रालय ने सहकारी चीनी मिलों को बढ़ावा देने के लिए अनेक पहल की हैं, जिसमें सहकारी चीनी मिलों को मजबूत करने के लिए राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम (एनसीडीसी) को दिया गया अनुदान शामिल है। एनएफसीएसएफ द्वारा गठित 'दक्षता पुरस्कार' सहकारी चीनी मिलों के कामकाज का मूल्यांकन करने का एक जरिया है। इसके माध्यम से गन्ना विकास, तकनीकी दक्षता, वित्तीय प्रबंधन, सर्वाधिक गन्ना पेराई, सर्वाधिक चीनी उत्पादन, सर्वाधिक चीनी निर्यात और सहकारी चीनी मिलों के समग्र प्रदर्शन जैसे मानकों पर चीनी मिलों के कामकाज का मूल्यांकन किया गया। एक विशेषज्ञ समिति के द्वारा यह मूल्यांकन किया गया। विशेषज्ञ समिति ने प्रतिभागी मिलों का मूल्यांकन किया और वर्ष 2022-23 के लिए कुल 21 पुरस्कारों को अंतिम रूप दिया। दक्षता पुरस्कार 2022-23 प्रतियोगिता के लिए देशभर से 92 सहकारी चीनी मिलों ने भाग लिया। इनमें महाराष्ट्र से 38, उत्तर प्रदेश और गुजरात से 11-11, तमिलनाडु से 10, पंजाब और हरियाणा से आठ-आठ, कर्नाटक से चार और मध्य प्रदेश और उत्तराखंड से एक-एक शामिल थे। संगोष्ठी में सहकारिता राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर और मुरलीधर मोहोल के अलावा देशभर की सभी सहकारी चीनी मिलों के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, प्रबंध निदेशक भी इस कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके अलावा, चीनी व एथेनॉल पर गठित मंत्री समूह में शामिल मंत्रियों और केंद्र व राज्यों के चीनी क्षेत्र से जुड़े वरिष्ठ अधिकारियों को भी आमंत्रित किया गया है। इस कार्यक्रम के साथ ही एनएफसीएसएफ की वार्षिक आमसभा की बैठक और चीनी क्षेत्र के दो प्रमुख मुद्दों पर तकनीकी संगोष्ठी भी आयोजित की जाएगी। इस दौरान प्रख्यात विषय विशेषज्ञ सहकारी चीनी मीलों से जुड़े मुद्दों पर विचार-विमर्श करेंगे।

## शुरुआती कारोबार में शेयर बाजार में तेजी, सेंसेक्स और निफ्टी उछले

**नई दिल्ली।** घरेलू शेयर बाजार आज रिकवरी मोड में नजर आ रहा है। आज के कारोबार की शुरुआत शानदार मजबूती के साथ हुई। हालांकि बाद में मुनाफा वसूली का दबाव बनने की वजह से शेयर बाजार की चाल में थोड़ी गिरावट भी आई। पहले एक घंटे का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स 0.99 प्रतिशत और निफ्टी 0.98 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। शुरुआती एक घंटे का कारोबार होने के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से आयशर मोटर्स, टाटा मोटर्स, ओएनजीसी, ग्रासिम इंडस्ट्रीज और महिंद्रा एंड महिंद्रा के शेयर 4.07 प्रतिशत से लेकर 2.28 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर बीपीसीएल, एचडीएफसी लाइफ, सिप्ला और आईटीसी के शेयर 1.27 प्रतिशत से लेकर 0.11 प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार करते नजर आ रहे थे। अभी तक के कारोबार में स्टॉक मार्केट में 2,227 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हो रही थी।

## नगालैंड के मुख्यमंत्री ने की प्रधानमंत्री से मुलाकात



**नई दिल्ली।** नगालैंड के मुख्यमंत्री नेफ्यू रियो ने शुक्रवार को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की। प्रधानमंत्री कार्यालय ने एक्स पर मुलाकात की तस्वीरें साझा करते हुए लिखा कि नगालैंड के मुख्यमंत्री नेफ्यू रियो ने प्रधानमंत्री से मुलाकात की। वहीं मुख्यमंत्री ने एक्स पर पोस्ट किया कि प्रधानमंत्री से मुलाकात कर खुशी हुई। राज्य के विकास के लिए प्रमुख परियोजनाओं और पहलों के बारे में उन्हें जानकारी दी। उनके निरंतर सहयोग और मार्गदर्शन की आशा है।